भोपाल, शनिवार, 28 मार्च 2026 ■ चैत्र मास शुक्ल पक्ष -10 ■ वर्ष : 12, अंक : 355 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 36 न्यून.22 haribhoomi.com


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




रामलला का दिव्य सूर्य तिलक

**इस खगोलीय घटना को देश-दुनिया के करोड़ों श्रद्धालुओं ने सीधे प्रसारण के जरिए देखा**


11 टाइटल डिफेंड करने उतरेंगी ..





विचार पेज
08 इच्छा मृत्यु की जीत से ...



## 4 मिनट तक दमका रामलला का ललाट | रामनवमी पर अयोध्या में श्री रामलला का दिव्य एवं अलौकिक सूर्य तिलक

# ओम नमोस्तु सूर्याय सहस्त्र रश्मये

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामनगरी अयोध्या में शुक्रवार दोपहर ठीक 12 बजे अभिजीत मुहूर्त के दौरान प्रभु रामलला का भव्य सूर्य तिलक किया गया। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद यह बालक राम का दूसरा सूर्य तिलक है, जिसमें करीब 4 मिनट तक सूर्य की नीली किरणें उनके ललाट पर पड़ती रहीं। इस अलौकिक दृश्य को साकार करने के लिए बेंगलुरु के वैज्ञानिकों ने विशेष उपकरणों का निर्माण किया ▶▶ शेष पेज 6 पर

**पीएम मोदी ने किए लाइव दर्शन**



पीएम मोदी टीवी पर लाइव देखते हुए

**वैज्ञानिकों की मेहनत और राम-त्व का संगम**

*बेंगलुरु के वैज्ञानिकों ने सूर्य की गति का गहन अध्ययन कर ये खास उपकरण तैयार किए हैं। ट्रस्ट के अनुसार इन उपकरणों की डिजाइन ऐसी है कि अगले 19 साल तक सूर्य की गति में होने वाले बदलावों के बावजूद किसी छेड़छाड़ की जरूरत नहीं होगी।*



मुख्यमंत्रियों से वीसी के जरिए चर्चा करते पीएम

## पीएम मोदी ने मिडिल ईस्ट तनाव पर कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात की

# देश में कोई लॉकडाउन नहीं लगेगा टीम इंडिया की तरह करना है काम

- **राज्य सप्लाई चेन ठीक करें, जमाखोरी रोकने पर दिया जोर**
- **गलत सूचनाओं के खिलाफ सटीक जानकारी साझा करने का आग्रह**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में चल रहे संकट के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से शुक्रवार को बात की। पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इन सभी मुख्यमंत्रियों के साथ करीब दो घंटे तक बातचीत की। हालांकि, जिन राज्यों में चुनाव होने वाले हैं, उन्हें इस बैठक में शामिल नहीं किया गया है। इस बैठक का मकसद साफ था कि दुनिया में चाहे कितनी भी उथल-पुथल मचे, भारत में तेल, गैस और जरूरी सामानों की सप्लाई रुकनी नहीं चाहिए। सूत्रों के मुताबिक पीएम मोदी ने मीटिंग में यह भी कहा कि मौजूदा संकट की वजह से देश में कोई लॉकडाउन नहीं लगेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने भरोसा जताया कि टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करने से देश इस चुनौती से सफलतापूर्वक निपट लेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकताएं आर्थिक और व्यापारिक स्थिरता बनाए रखना, ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना, आम नागरिकों के हितों की रक्षा ▶▶ शेष पेज 6 पर

**अपने नागरिकों के लिए हेल्पलाइन चालू करने का सुझाव**

*पीएम ने जनता का भरोसा बनाए रखने की अहमियत पर जोर दिया और कहा कि जरूरी चीजों की उपलब्धता का भरोसा नागरिकों में बेवजह की पैनिक को रोकने में मदद करेगा। उन्होंने आगे सुझाव दिया कि जिन राज्यों के नागरिक पश्चिम एशिया में हैं, उन्हें हेल्पलाइन चालू करनी चाहिए, नोडल ऑफिसर नियुक्त करने चाहिए और प्रभावित परिवारों की मदद करने और समय पर जानकारी पहुंचाने के लिए जिला-लेवल सपोर्ट सिस्टम बनाने चाहिए। उन्होंने इंडस्ट्री और एमएसएमई की चिंताओं को दूर करने और प्रोडक्शन और रोजगार में स्थिरता* ▶▶ शेष पेज 6 पर

**एक्साइज ड्यूटी कम करने के फैसले का स्वागत**


*सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भरोसा जताया कि हालात स्थिर हैं, पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता है और जरूरी चीजों की बिना रुकावट सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए लगातार मॉनिटरिंग सिस्टम मौजूद हैं। उन्होंने फ्यूल पर एक्साइज ड्यूटी कम करने के फैसले का बड़े पैमाने पर स्वागत किया, यह देखते हुए कि इससे दुनिया भर में अनिश्चितताओं के बीच नागरिकों को काफ़ी राहत मिलेगी। मुख्यमंत्रियों ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कमर्शियल एलपीजी एलोकेशन को संकट से पहले* ▶▶ शेष पेज 6 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
आरसीबी एसआरएच
शाम 7.30 बजे से


## मिडिल ईस्ट संकट के बीच केंद्र सरकार का बड़ा फैसला

# राजनाथ के नेतृत्व में मंत्रि-समूह बना, तेल-गैस पर रखेगा नजर



राजनाथ सिंह

*ग्रुप में गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी और अन्य संबंधित मंत्री सदस्य के रूप में शामिल*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने मिडिल ईस्ट संकट से पैदा होने वाले विभिन्न मुद्दों पर लगातार नजर रखने और उनका समाधान करने के लिए एक इंटर-मिनिस्ट्रियल ग्रुप का गठन किया है। इस ग्रुप की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। ग्रुप में गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी और अन्य संबंधित मंत्री सदस्य के रूप में शामिल हैं। यह ग्रुप मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध से भारत पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों खासकर ऊर्जा सुरक्षा, तेल-गैस आपूर्ति और आर्थिक स्थिरता पर नजर रखेगा।

सरकार का यह कदम इसलिए जरूरी हो गया है क्योंकि भारत अपनी कच्चे तेल की लगभग 88 प्रतिशत और प्राकृतिक गैस की आधी जरूरत होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आयात करता है। हाल के हमलों के बाद इस क्षेत्र में तनाव बढ़ने से टैंकरों की आवाजाही पर असर हुआ है, जिससे वैश्विक ऊर्जा संकट गहरा गया है। भारत में ईंधन की कीमतों में उछाल या पैनिक स्थिति न बने, इसके लिए यह ग्रुप एक्टिव रूप से काम करेगा। ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

**पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटाया लॉकडाउन की अफवाहें खारिज**



गुजरात पहुंचा जहाज

- **अफवाह फैलाना और बेवजह डर का माहौल बनाना गैर जिम्मेदाराना और हानिकारक**
- **भारत के करीब 20 जहाज अभी होर्मुज के पश्चिम क्षेत्र में फंसे हुए हैं**

### हरदीप सिंह पुरी बोले- पेट्रोल डीजल-एलपीजी की कमी नहीं

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं है। उन्होंने लॉकडाउन की खबरों को भी अफवाह बताया। हम ऊर्जा, सप्लाई चेन और जरूरी वस्तुओं से जुड़े हालात पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार हर संभावित चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार के स्तर पर लॉकडाउन कोई ▶▶ शेष पेज 6 पर

***पेट्रोल-डीजल पर 10 रु. घटाई गई एक्साइज ड्यूटी :*** *सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 10 रुपए घटा दी है। इस फैसले के बाद पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी घटकर 3 रुपए प्रति लीटर रह गई है। डीजल पर एक्साइज ड्यूटी शून्य हो गई। सरकार* ▶▶ शेष पेज 6 पर

ईरान से जंग के बीच ट्रंप का चौंकाने वाला बयान

### पीएम मोदी और मैं निपट लेंगे

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। ट्रंप ने कहा है कि पीएम मोदी और मैं दो ऐसे लोग हैं जो काम पूरा कर दिखाते हैं। यह मैसेज अमेरिकी दूतावास ने शुक्रवार को भारत में अपनी आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया। ट्रंप ने लिखा कि भारत के साथ हमारा शानदार रिश्ता आगे और मजबूत होगा। पीएम मोदी और मैं दो ऐसे लोग हैं जो काम पूरा कर ▶▶ शेष पेज 6 पर

### एलपीजी गैस लेकर गुजरात पहुंचा जहाज 'जग वसंत'

भारतीय झंडे वाला जहाज जग वसंत भारत पहुंच गया है। जहाज शुक्रवार सुबह गुजरात के बंदरगाह पर पहुंचा। बीते दिनों भारतीय झंडे वाले दो जहाजों पाइन गैस और जग वसंत ने होर्मुज जलडमरूमध्य को पार किया था। शिप ट्रैकिंग डेटा के अनुसार बीते सोमवार को इन दोनों जहाजों को ईरान के लारक और केश्म द्वीपों ▶▶ शेष पेज 6 पर

## खबर संक्षेप

### आज से आईपीएल 2026 का आगाज

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के 19वें सीजन का आज से शानदार आगाज होने जा रहा है। पहला मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) व सनराइजर्स हैदराबाद यानी एसआरएच के बीच बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा।




### ओलंपिक में ट्रांसजेंडर महिला कैटेगरी में बैन

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी (आईओसी) ने ऐलान किया है कि 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक और भविष्य में होने वाले खेलों में ट्रांसजेंडर महिलाएं महिला कैटेगरी में हिस्सा नहीं ले पाएंगी। बायोलॉजिकल महिलाओं को ही अनुमति होगी।



### डॉलर के मुकाबले रुपया 94.82 के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** भारतीय रुपया शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। रुपया 86 पैसे गिरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले एक बार फिर सर्वकालिक निचले स्तर 94.82 पर बंद हुआ। यह लगातार तीसरे सत्र में रुपए में गिरावट है।



## फिर बदला मौसम का मिजाज

### सीहोर, गुना में चलीं तेज हवाएं नर्मदापुरम दूसरे दिन भी गर्म

**भोपाल।** प्रदेश में शुक्रवार को मौसम का मिजाज बदला नजर आया। जिससे प्रदेश के कई जिलों में तेज हवाएं चलीं, जबकि कुछ हिस्सों में बादलों की आवाजाही बनी रही। सीहोर, गुना, नर्मदापुरम, मुरैना, सतना, कटनी और सागर में तेज हवाएं चलीं। हालांकि कई जगहों पर बादल छाने के बाद भी तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। यहां अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई। प्रदेश में सबसे अधिक गर्मी नर्मदापुरम ▶▶ शेष पेज 6 पर



■ आज से गरज चमक के साथ पड़ेंगी बौछारें

## लद्दाख में कुदरत का कहर

### जोजिला दर्रे पर हिमस्खलन में 7 लोगों की मौत, 5 घायल

**लेह।** लद्दाख के जोजिला दर्रा पर शुक्रवार को आए भीषण हिमस्खलन में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 अन्य घायल हो गए। हादसा श्रीनगर-लेह हाईवे के लद्दाख वाले हिस्से में हुआ, जहां कई वाहन बर्फ के नीचे दब गए। हाईवे को बंद कर मलबा हटाने का काम तेजी से जारी है। हादसे में और भी जनहानि की आशंका है। राहत और बचाव अभियान के दौरान जब मलबे में दबे वाहनों को निकाला गया, तो 7 लोगों के शव बरामद ▶▶ शेष पेज 6 पर



■ कई वाहन बर्फ के नीचे दब गए रेस्क्यू जारी

## वंदे भारत में खराब दही पर एक्शन

### अमूल को थमाया नोटिस कैटरिंग ठेकेदार पर जुर्माना

**पटना।** टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 21896) में परोसे गए दही की गुणवत्ता को लेकर एक यात्री ने शिकायत दर्ज कराई थी। यह शिकायत 15 मार्च को की गई थी, जिसमें दही खराब होने का आरोप लगाया गया। इंडियन रेल कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अमूल को नोटिस जारी किया है और उनसे स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही ट्रेन में कैटरिंग सेवा ▶▶ शेष पेज 6 पर



■ कॉन्ट्रैक्ट खत्म करने की प्रक्रिया शुरू

## ग्वालियर में दर्दनाक हादसा

# स्कॉर्पियो की टक्कर से एक ही परिवार के 5 की मौत, 4 घायल

- **सीएम ने ग्वालियर हादसे पर जताया दुख मृतकों के परिजनों को मुआवजे का ऐलान**



हादसे के बाद ऑटो के परखच्चे उड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

यहां स्कॉर्पियो और ऑटो में जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो महिला और तीन पुरुष शामिल हैं। दो बच्चों सहित चार लोग घायल हैं। वहीं, गंभीर हेड इंजरी की वजह से ऑटो ड्राइवर की हालत भी नाजुक है। हादसा शुक्रवार तड़के 3 बजे परशुराम चौराहे पर उस समय हुआ, जब ऑटो में सवार लोग शीतला माता मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो नीम के पेड़ से टकराने के बाद बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, उसमें सवार यात्रियों को संभलने का मौका तक नहीं ▶▶ शेष पेज 6 पर

## लोकायुक्त इंदौर की कार्रवाई

# एएसआई 7 हजार रुपए की रिश्वत लेते धराया, टीआई की भूमिका भी संदिग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर लोकायुक्त की टीम ने खरगोन के कसरावद थाना में पदस्थ कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) रवींद्र कुमार गुरू को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी को कसरावद बस स्टैंड पर 7 हजार रुपये लेते समय दबोचा गया। मामले में फरियादी श्यामलाल उपाध्याय (69), निवासी ग्राम चंदावड़, तहसील भगवानपुरा ने लोकायुक्त इंदौर में शिकायत दर्ज कराई ▶▶ शेष पेज 6 पर

**शिकायत को रफा-दफा करने मांगे थे 20 हजार**



### पटवारी दो हजार की रिश्वत लेते पकड़ाया

**शिवपुरी।** जिले के पोहरी अनुविभाग में पदस्थ एक पटवारी को लोकायुक्त पुलिस ग्वालियर की टीम ने शुक्रवार दोपहर दो हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी पटवारी देवेंद्र जैन पर आरोप है कि उन्होंने भान सिंह धाकड़ से भूमि का नक्शा दुरुस्त करने के एवज में रिश्वत की मांग की थी।

## सीएम रामनवमी के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम निरस्त कर पहुंचे छिंदवाड़ा

# हादसे से पीड़ित परिवारों से मिले, भर्ती घायलों का हालचाल जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा जिले में गुरुवार को हुई सड़क दुर्घटना में दिवंगत लोगों के परिजन से भेंट कर उन्हें सांत्वना प्रदान की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्घटना पीड़ादायक है। मप्र सरकार प्रभावित परिवारों के संकट की घड़ी में उनके साथ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क दुर्घटना में दिवंगत नागरिकों के परिजन को 4-4 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई थी। इन परिवारों को संबल योजना की 4 लाख रुपए की राशि भी प्रदान की जाएगी। दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को भी आवश्यक सहायता और निःशुल्क उपचार सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्घटना में सभी घायलों को एक-एक लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री रामनवमी के पहले से निर्धारित सतना जिले के चित्रकूट के विभिन्न कार्यक्रमों को निरस्त कर छिंदवाड़ा में प्रभावित परिवारों से मिलने पहुंचे। डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा ▶▶ शेष पेज 6 पर

- ***परिवारों को संबल योजना से भी दिए जाएंगे 4-4 लाख रुपए घायलों को दी जाएगी एक-एक लाख की आर्थिक सहायता***



पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते सीएम

**जवानों को किया जाएगा पुरस्कृत**

मुख्यमंत्री ने छिंदवाड़ा जिला प्रशासन, नागरिकों और पुलिस बल के उन जवानों की सराहना की, जिन्होंने दुर्घटना के बाद सभी स्थितियों को कुशलतापूर्वक संभाला। उन्होंने उन पुलिस जवानों को पुरस्कृत करने की घोषणा की, जिन्होंने घायलों की पूरी संवेदनशीलता और तत्परता से सहायता की।

### घायलों की समुचित चिकित्सा के निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा में गुरूवार को हुई सड़क दुर्घटना के घायल व्यक्तियों से भेंट की और उनके स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना। मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों को सभी घायलों की समुचित चिकित्सा के निर्देश दिए। उन्होंने अब तक किए गए उपचार की जानकारी ली और निर्देश दिए ▶▶ शेष पेज 6 पर

### रामलला के जन्मोत्सव पर मंदिरों और घरों में पूजा कर हुई आरती, भजन और बधाई गीत गूंजे

# श्रीराममय हुई राजधानी: भए प्रगट कृपाला दीनदयाला, कौसल्या हितकारी...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चैत्र शुक्ल नवमी पर शुक्रवार को राजधानी भोपाल श्रीराममय हो गई। रामलला के जन्मोत्सव पर मंदिरों और घरों में आरती, भजन और बधाई गीत गूंजे। दोपहर 12 बजे जैसे ही घड़ी की सुइयां एक साथ आई, मंदिरों में आरती शुरू हुई... भए प्रगट कृपाला दीनदयाला, कौसल्या हितकारी की ध्वनि और शंखनाई से वातावरण भक्तिमय हो गया। मंदिरों में पंचामृत, अभिषेक, श्रृंगार और पूजा हुई। रामायण और सुंदरकांड पाठ के बाद जन्मोत्सव आरती हुई। घरों और मंदिरों में भगवा ध्वज फहराए गए। शाम को दीप जलाए गए। गुरुबख्श की तलैया व हमीदिया रोड पर सुबह सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। भगवान श्रीराम का अभिषेक किया गया। सुहाशिनी जोशी के भजनों के बाद दोपहर में जन्म आरती की गई। बधाईयां गीत हुए।

**रामायण और सुंदरकांड पाठ भी किया गया**


हमीदिया रोड गुरुबख्श की तलैया स्थित राम मंदिर में पूजा करते पुजारी।


हमीदिया रोड गुरुबख्श की तलैया स्थित राम मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़।

### रघुवंशी समाज ने निकाली परंपरानुसार शोभायात्रा

रघुवंशी समाज द्वारा शाम को रोशनपुरा से शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में लोग साफा पहनकर शामिल हुए। शोभायात्रा विभिन्न जगहों से होते हुए जवाहर चौक पहुंची। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग भगवा ध्वज लेकर शामिल हुए। जय-जय श्री राम के जयकारें गूंजे। शोभायात्रा का जगह-जगह फूलों से स्वागत किया गया।

### धार्मिक आयोजनों के साथ हुए भंडारे

शहर में धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ भंडारों का भी बड़े स्तर पर आयोजन हुए। शहर में करीब 2500 से 3000 स्थानों पर भंडारे आयोजित किए गए, जहां श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया गया। रामनवमी के मौके पर शहर के अन्य हिस्सों में भी कई स्थानों पर शोभायात्राएं निकाली गई। जुलूस में झांकियां, भजन-कीर्तन और पारंपरिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रही।

### सुंदरकांड और भजन संध्या का आयोजन


वनबंधु परिषद महिला समिति ने सुंदर कांड और भजनों की प्रस्तुति दीं।

वनबंधु परिषद महिला समिति द्वारा अंसल प्रधान कॉलोनी के मंदिर में सुंदरकांड और भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला समिति के अलावा कॉलोनी की बहनों ने शामिल होकर सुंदर कांड पाठ किया। समिति अध्यक्ष किरण अग्रवाल, सचिव संगीता पलोड ने बताया कि कार्यक्रम को सुंदर स्वरूप देने में सोनिया गुप्ता की महत्वपूर्ण सहभागिता रही। सुंदरकांड पाठ और भजन संध्या के बाद प्रसाद वितरण किया गया।


करोंद स्थित पीपल चौराहे पर सुंदरकांड का पाठ करते श्रद्धालु।

### मानस भवन में मना श्रीरामजन्मोत्सव

मानस भवन में तुलसी मानस प्रतिष्ठान परिसर में श्री सिद्ध रघुनाथ मंदिर में रामनवमी के पावन अवसर पर श्रीराम की विशेष महाआरती संपन्न हुई। इसके पूर्व माघवसिंह दांगी ने श्रीरामधुन का सस्वर पाठ किया। महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। रामजन्म के बाद दांगी ने बधाई गीत प्रस्तुत किए, जिससे श्रोतागण भावविभोर होकर नृत्य करने लगे। इस अवसर पर कैलाश जोशी, मालती जोशी, जोशी परिवार, प्रभुदयाल मिश्र, जयभान सिंह पवैया, संजीव पुरी, महेश सक्सेना, बीके सांघी उपस्थित थे।


न्यू मार्केट खेड़ापति हनुमान मंदिर में आरती के दौरान उपस्थित श्रद्धालु।


न्यू मार्केट खेड़ापति हनुमान मंदिर में पूजा करते उपमुख्यमंत्री देवड़ा।

### बांके बिहारी ने धारण किए धनुष बाण

तलैया स्थित मार्कण्डेय मंदिर में बांके बिहारी लाल अनूठा श्रृंगार किया गया। भगवान बांके बिहारी को मुरली के स्थान पर धनुष बाण धारण कर राम स्वरूप में दर्शन दिए। न्यू मार्केट स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर में सुबह अभिषेक श्रृंगार किया गया। दोपहर में राम दरबार की महाआरती हुई। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। गायत्री शक्तिपीठ व नेवरीधाम में 24 कुंडीय महायज्ञ की पूर्णाहुति हुई। नेवरी स्थित मनकामेश्वर मंदिर में दोपहर में 12 बजे जन्मोत्सव आरती हुई।

### शिरडी पुरम साईं बाबा मंदिर में भक्तों ने लिया भजनों का आनंद

शिरडी पुरम साईं बाबा मंदिर कोलार में रामनवमी महोत्सव उत्सव और धूमधाम के साथ भक्तों ने बनाया। भक्तों ने भजन संध्या का आनंद लिया। यश म्यूजिकल ग्रुप द्वारा कविता सक्सेना ने मधुर भजन सुना कर भक्तों का दिल जीत लिया। भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।



### विशेष श्रृंगार के साथ हुई महागौरी की पूजा-अर्चना कर कराया कन्याभोज

## कन्याभोज-भंडारे, ज्वारे विसर्जन के साथ हुआ नवरात्रि पर्व का समापन

**भोपाल।** हे माता महागौरी हमारी संतान को दीघार्यु और सुखद जीवन देना। हे मां भगवती हमारे बच्चों के भविष्य में सदैव सफलता का प्रकाश देना। चैत्र नवरात्र की नवमी पर मां दुर्गा की पूजा और महाआरती के साथ नवरात्र का समापन हुआ। शहर के मंदिरों और पंडालों में दोपहर के बाद कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान ईको फ्रेंडली पत्तल, दोने और गिलास का उपयोग किया गया। सुबह से ही देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सोमवारा भवानी मंदिर और काली मंदिर पुल पुख्ता में मेले जैसा माहौल रहा। श्रीदुर्गा मंदिरों में यज्ञ-हवन और विशेष पूजा-अर्चना के साथ श्रद्धालु दंपतियों ने माता महागौरी से अपने बच्चों के लिए आशीर्वाद मांगा। पौराणिक आधार पर यह मान्यता है कि महागौरी की पूजा से संतान के कार्यों में सफलता मिलती है। राजधानी के कफ्यूवार्ली माता मंदिर, मिनाल का सर्वधर्म मंदिर, टीटी नगर माता मंदिर, बिड़ला मंदिर, सांईनाथ नगर, हमीदिया रोड दुर्गा मंदिर, करोंद दुर्गा मंदिर के अलावा सलकनपुर स्थित विजयासन माता मंदिर, तरावली स्थित हरसिद्धि माता मंदिर, मां कंकाली माता मंदिर में भी कन्याभोज और भंडारे का आयोजन किया गया।




राजधानी के टीला जमालपुरा स्थित कालदेवी मंदिर में राम नवमी पर कन्या भोज कराते हुए।


कालीघाट पर ज्वारे विसर्जन करने के लिए जाते श्रद्धालु।

## कन्यापूजन, भंडारा और भजन संध्या से दिया एकता भाईचारे का संदेश

श्रीराम नवमी के पावन पर्व पर गोविंदपुरा की पंच एकता समिति द्वारा पांच कॉलोनियों के निवासियों द्वारा सामूहिक कन्यापूजन, भंडारा और भजन संध्या का आयोजन किया गया। मैहर पैलेस में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कॉलोनी के रहवासियों ने शामिल होकर सामाजिक एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान से कन्या पूजन के साथ हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जहां सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन में श्रद्धा और सहयोग की भावना देखी गई। इस अवसर पर एक भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। भजनों की मधुर प्रस्तुति से वातावरण भक्तिमय हो गया और उपस्थित लोगों ने आध्यात्मिक शांति का अनुभव किया। वरिष्ठ समाजसेवी मनोहर मेहरा ने बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक नहीं था, बल्कि इसने क्षेत्र में आपसी भाईचारा, सहयोग और एकता की भावना को भी मजबूत किया है।



### गायत्री शक्तिपीठ में महायज्ञ में सैकड़ों श्रद्धालुओं डाली आहूति

## मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के साथ नवरात्रि अनुष्ठान की पूर्णाहुति

**भोपाल।** भारतीय संस्कृति के प्रेरणादायक व्यक्तित्व एवं असुरों का संहार कर धरती पर रामराज्य का आदर्श स्थापित करने वाले मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्था के संगठन जिला समन्वयक प्रभारी रमेश नागर ने बताया कि प्रातः 9 बजे से मंदिर परिसर में यज्ञ, दीक्षा, विद्यारंभ, पुंसवन सहित अनेक संस्कार विधिवत संपन्न हुए। इसके साथ ही यज्ञ के माध्यम से देवपूजन, सत्प्रवृत्तियों का संवर्द्धन, संगठित समाज निर्माण एवं दान की भावना को विकसित करने का संदेश दिया गया। तीन पारियों में संपन्न यज्ञ का संचालन संस्था के वरिष्ठ सदस्य सदानंद आंबेकर, परिव्राजक वासुदेव डांगे एवं संगीत टोली द्वारा किया गया। लगभग 1100 याजकों ने विश्व कल्याण की भावना से यज्ञ में आहुतियां अर्पित कीं। साथ ही श्रीराम जन्म की चौपाइयों एवं रामस्तुति के संगीतमय प्रस्तुति के साथ भगवान श्रीरामचंद्र का जन्मोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को पर्यावरण संरक्षण, व्यसनमुक्ति एवं जीवन साधना का संकल्प दिलाया गया।



### अभिलाषी ने दीक्षा संस्कार के माध्यम से जोड़े साधक

गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता रमेश अभिलाषी द्वारा दीक्षा संस्कार के माध्यम से साधकों को गुरु से जोड़ा गया। आयोजन की सफलता में डॉ. दयानंद समेले (संस्कार प्रभारी), यज्ञशाला व्यवस्था हेतु महिला मंडल, भोजन व्यवस्था में ओम गुप्ता, राकेश मिश्रा एवं युवा टीम ने पंकज बडौदे के मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंशदान टीम में आर.बी. चौरिया का विशेष सहयोग रहा।

### पिपलानी में चैत्र नवरात्रि साधना शिविर का आयोजन

एचई योग मित्र मंडल द्वारा आयोजित चैत्र नवरात्रि साधना शिविर का समापन आनंदधर्मा सरस्वती के सानिध्य में हुआ। यह शिविर 19 मार्च से 27 मार्च तक आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन एच.ई. योग मित्र मंडल योग केंद्र, 68 सी-2, ए सेक्टर, पिपलानी, बीएचईएल गेट क्रमांक 5 के सामने प्रतिदिन सायंकाल 4:30 बजे से 6:30 बजे तक किया गया। शिविर के दौरान साधकों को योग, प्राणायाम, ध्यान एवं आध्यात्मिक साधना के विविध आयामों का मार्गदर्शन प्रदान किया गया। रामनवमी के पावन अवसर पर हवन-पूजन एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। संस्था महासचिव सतेन्द्र कुमार ने सभी साधकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।


रामनवमी पर हवन-पूजन करते हुए श्रद्धालु।

## अजय नाथ की माता शकुंतला नाथ का निधन

**भोपाल।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी अजय नाथ एवं स्वर्गीय सुधीर नाथ की माता और स्वर्गीय देवेंद्र नाथ (आईएएस) की धर्मपत्नी शकुंतला नाथ का शुक्रवार को भोपाल में निधन हो गया है। शकुंतला नाथ एक अत्यंत विदुषी और ममतामयी महिला थीं। उनका जाना परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति है। भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय विदेश सेवा के माध्यम से राष्ट्र की सेवा करने वाले इस प्रतिष्ठित परिवार के लिए वे सदैव प्रेरणा की स्रोत रही। दुख की इस घड़ी में पूर्व अपर संचालक जनसंपर्क तथा प्रेस अधिकारी राजभवन पीएन द्विवेदी ने समस्त शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने के साथ परिजनों को यह असीम कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।


स्व. शकुंतला नाथ

### डीएफओ ने 11 दिन पहले दिए थे हटाने के आदेश

## अवैध वसूली करने वाले ताज मोहम्मद को किया जाए बर्खास्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल के समर्धा परिक्षेत्र वन मंडल में अवैध वसूली करने वाले स्थाई कर्मी ताज मोहम्मद को डीएफओ के आदेश के 11 दिन बाद भी हटाया नहीं गया है। शुक्रवार को मप्र सर्वजन न्याय मंच ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर समर्धा वन क्षेत्र में वाहनों से अवैध वसूली करने वाले ताज मोहम्मद को बर्खास्त करने की मांग की है।

मंच के जिलाध्यक्ष संतोष सेन, उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत द्विवेदी ने बताया कि समर्धा में पदस्थ ताज मोहम्मद स्थाई कर्मी द्वारा लंबे समय से केरवा और कोलार बेरियार में वनरक्षक की वर्दी पहनकर वाहन से अवैध वसूली की जा रही थी। जिसकी शिकायत थाना रातीबड़ की महिला पुलिस कर्मी विद्या ने भी वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से की थी। महिला पुलिस कर्मी की शिकायत पर वन मंडला अधिकारी ने जांच एसडीओ आरके चौधरी को सौंपी थी। 16 मार्च को जांच में प्रारंभिक रूप से शिकायत सही पाए जाने पर डीएफओ भोपाल ने स्थाई कर्मी ताज मोहम्मद को परिक्षेत्र समर्धा से भोपाल ईकाई में पदस्थ करने के आदेश जारी किए थे। डीएफओ के आदेश के 11 दिन बाद ताज मोहम्मद को समर्धा वन क्षेत्र से नहीं हटाया गया। स्थाई कर्मी ताज मोहम्मद अभी भी गुलबदर केरवा व कोलार बेरियार में अवैध वसूली वाहनों से कर रहा है। सर्वजन न्याय मंच ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अवैध वसूली करने वाले स्थाई कर्मी ताज मोहम्मद तीन दिवस में सख्त कार्रवाई करते हुए सेवा से बर्खास्त करने की कार्रवाई की जाएं।

### एनआईटीटीटीआर के विद्यार्थियों को मिलेगा प्रशिक्षण

## ओएसएटी स्किल सेंटर की शुरुआत, सेमीकंडक्टर रिसर्च एवं इनोवेशन पार्क का भेजा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थितराष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थानने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में बड़ा कदम उठाते हुए आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट (ओएसएटी) के लिए स्किल सेंटर की शुरुआत की है। इस सेंटर का उद्देश्य सेमीकंडक्टर उद्योग से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करना और असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग तथा पैकेजिंग जैसी व्यावहारिक क्षमताओं का विकास करना है, ताकि उद्योग के लिए तैयार कुशल मानव संसाधन तैयार किए जा सकें।

संस्थान द्वारा सेमीकंडक्टर पर एडवांस कोर्स और एमएससी पाठ्यक्रम भी प्रारंभ किया गया है, जिसमें विद्यार्थियों को हैंड्स-ऑन अनुभव और प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण प्रदान किया जाएगा। पाठ्यक्रम में सेमीकंडक्टर डिजाइन से लेकर उसके अनुप्रयोग तक की विस्तृत जानकारी दी जाएगी, जिससे विद्यार्थियों की उद्योगोन्मुखी दक्षता बढ़ेगी। संस्थान ने ओएसएटी के लिए एक रिसर्च और इनोवेशन पार्क स्थापित करने का प्रस्ताव मध्यप्रदेश सरकार को भेजा है। प्रस्तावित पार्क में डिस्क्रीट पावर सेमीकंडक्टर डिवाइस और एप्लिकेशन-स्पेसिफिक मल्टी-चिप मॉड्यूल के लिए असेंबली एवं पैकेजिंग सुविधा विकसित की जाएगी।

### प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर क्षेत्र का तेज़ विकास होगा : प्रो. त्रिपाठी

संस्थान के निदेशक प्रो. सीसी त्रिपाठी ने बताया कि मप्र सरकार द्वारा सेमीकंडक्टर पैकेजिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए उठाए गए कदम अत्यंत सराहनीय हैं। राज्य की सक्रिय नीतियों से प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर क्षेत्र का तेज विकास होगा। इस पहल को भारतीय सेमीकंडक्टर मिशन के उद्देश्यों से भी जोड़ा जा रहा है, जिसका लक्ष्य भारत को सेमीकंडक्टर निर्माण और डिजाइन का वैश्विक केंद्र बनाना है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा फैकल्टी सदस्यों के लिए सेमीकंडक्टर साइंस एंड टेक्नोलॉजी पर 5-5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

### आबादी को साफ पानी पिलाने लिए 125 सैंपल, 41 लीकेज सुधारे

**भोपाल।** नगर निगम ने शहर में जल गुणवत्ता की निगरानी के लिए शुक्रवार को 125 जगहों से पानी के सैंपल लिए। इनकी जांच आठ लेबोरेटरी में की जाएगी। निगम अमले ने विभिन्न क्षेत्रों में 41 पाइप लाइन लीकेज भी सुधारे हैं। वहीं सीएम हेल्पलाइन और महापौर हेल्पलाइन से मिली चार शिकायतों का निपटारा किया गया। अब तक शहर में 14 हजार 463 सैंपल की जांच की गई है, जबकि तीन हजार 254 लीकेज सुधार और 9 हजार 597 सीवेज चेंबरों की सफाई की गई है।

### डिजिटल कुशवाहास की चार पहिया वाहन रैली कल

## धूमधाम से मनाया जाएगा चक्रवर्ती सम्राट अशोक का जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डिजिटल कुशवाहास द्वारा चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान का जन्मोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर रविवार को चार पहिया वाहन रैली निकाली जाएगी। डिजिटल कुशवाहास के संस्थापक एवं अध्यक्ष विक्रम सिंह कुशवाहा ने बताया कि रविवार को सुबह 10 बजे चार पहिया वाहन रैली 80 फीट रोड अशोका गार्डन से शुरू होगी।

रैली प्रभात चौराहा, सुभाष नगर ओवर ब्रिज, प्रेस कांपलेक्स, डीबी चौराहा, बोर्ड ऑफिस चौराहा, लिंक रोड नंबर एक, नानके पेट्रोल पंप तिराहा और प्लेटिनम प्लाजा चौराहा होते हुए अटल पथ स्मार्ट सिटी, टीटी नगर पहुंचकर समाप्त होगी। रैली के पश्चात अटल पथ पर विशाल जनसभा का आयोजन किया गया है, जिसमें सामाजिक बंधु अपने विचार रखेंगे। विक्रम सिंह कुशवाहा ने आगे बताया कि सम्राट अशोक के जन्मोत्सव पर निकाली जा रही इस भव्य रैली का विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर हार-फूल और पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा। रैली में शामिल होने के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों से कुशवाहा समाज के बंधु अपने चार पहिया वाहनों से भोपाल पहुंचेंगे।

4 जिले की सबसे बड़ी हिंदू एकता शोभा यात्रा का...



5 मनुष्य और समाज के वास्तविक चरित्र को...





# दूसरे दिन भी ड्राई रहे एक दर्जन से ज्यादा पंप, तीन पर सादा पेट्रोल खत्म

## पहले पांच दिन का खरीदते थे पेट्रोल अब सिर्फ ढाई दिन का ही मंगा रहे

## सेल बढ़ने से तीन दिन का स्टॉक एक दिन में हो रहा खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अफवाहों के साथ क्रेडिट लिमिट को लेकर पेट्रोल की सप्लाई अब तक दुरुस्त नहीं हो पाई है। हालात यह हैं कि शुक्रवार को भी होशंगाबाद रोड स्थित आरआरएल तिराहे के एचपी और आशिम मॉल के सामने भारत पेट्रोलियम के प्रगति पेट्रोल पंप पर स्टॉक नहीं पहुंचा, जिससे वाहन चालकों को वापस लौटना पड़ा। इधर, अल्पना तिराहे पर स्थित सज्जाद हुसैन, कोलार स्थित नायरा पेट्रोल पंप और चिकलोद स्थित एचपी पंप पर पेट्रोल-डीजल नहीं मिला। हमीदिया अस्पताल के आगे काले दरवाजे के सामने स्थित एचपी पंप पर सादा पेट्रोल खत्म होने से लोगों को प्रीमियम पेट्रोल खरीदना पड़ा। हालात यह हैं कि पेट्रोल पंप संचालक पहले पांच दिन का पेट्रोल खरीदते थे, लेकिन क्रेडिट लिमिट घटाए जाने के कारण अब वे सिर्फ ढाई दिन का ही मंगा रहे हैं।

राजधानी में आम दिनों के दौरान करीब रोजाना 9 लाख लीटर पेट्रोल की खपत होती थी, लेकिन इजराइल-ईरान के बीच चल रहे युद्ध के बाद चली अफवाहों के बाद वाहन चालकों ने पेट्रोल-डीजल का स्टॉक करना शुरू कर दिया है, जिसकी वजह से बिक्री 20 लाख लीटर तक पहुंच गई है। शुक्रवार को भी करीब 16 लाख लीटर पेट्रोल की बिक्री हुई है, जबकि डीजल की बिक्री ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक हो रही है। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन का कहना है कि सेल बढ़ने की वजह से टैंकर पहुंचने में देरी हो रही है। ग्राहकों की डिमांड के हिसाब से तेल दिया जा रहा है।

**होशंगाबाद रोड के दो पंप दूसरे दिन भी रहे बंद**




मॉडल ग्राउंड स्थित इंडियन ऑइल का सूखा पंप।




अल्पना तिराहे के पास वाले पंप पर भी पेट्रोल नहीं था।

### इंडेन एजेंसी पर 1600 की बुकिंग और 380 सिलेंडर का स्टॉक उपभोक्ताओं का हंगामा



हमीदिया रोड स्थित इंडेन गैस एजेंसी के ऑटो हाउस पर शुक्रवार को हंगामा खड़ा हो गया। दरअसल, यहां एक दिन में 1600 उपभोक्ताओं की बुकिंग हो गई थी, जबकि एजेंसी पर 380 सिलेंडर ही स्टॉक में थे। ऐसे में यहां तीन सौ से अधिक उपभोक्ताओं ने सिलेंडर नहीं देने पर हंगामा शुरू कर दिया। एजेंसी संचालक को खाद्य विभाग की टीम को बुलाना पड़ा। अफसरों ने समझाइश देते हुए शनिवार को सिलेंडरों देने की बात कही। बताया जा रहा है कि एजेंसी पर बुकिंग के बाद भी सिलेंडर का स्टॉक नहीं पहुंचा है, जिसकी वजह से यह हालात बने हैं।

### प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और गैस का पर्याप्त स्टॉक

## प्रदेशभर के 2046 स्थानों पर जांच के बाद 9 केसों में एफआईआर, 2888 एलपीजी सिलेंडर जब्त

मप्र में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। देश की सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं और कच्चे तेल (क्रूड आयल) का भंडार भी पर्याप्त है, जिससे सप्लाई में कोई रुकावट नहीं है। प्रदेश में आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिए निरंतर कार्रवाई की जा रही है। अभी तक 2046 स्थानों पर जांच की गई और 2888 एलपीजी सिलेंडर जब्त किए गए तथा 09 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराई गई।

### रोज पहुंच रहा एलपीजी का नया स्टॉक

एलपीजी के बॉटलिंग प्लांटों में पर्याप्त स्टॉक है। ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी प्लांट अतिरिक्त समय तक काम कर रहे हैं। प्रदेश में आज की स्थिति में सभी ऑयल कंपनियों के पास पेट्रोल/डीजल (एमएस, एचएसडी) का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। सभी ऑयल कंपनियों के पास रोजाना नया स्टॉक पहुंच रहा है। इससे आने वाले दिनों की मांग को आसानी से पूरा किया जा सकता है।

### पैनिक बाइंग और भीड़ बना कारण

मप्र में पेट्रोल और डीजल की सामान्य बिक्री प्रतिदिन लगभग 18548 केएल होती है। पिछले कुछ दिनों में ग्राहकों की ओर से पैनिक बाइंग (डर के कारण अधिक खरीदारी) करने से कुछ जिलों में बिक्री 2 से 2.5 गुना बढ़ गई है। इसी वजह से कुछ पेट्रोल पंपों पर लंबी लाइनें और अस्थायी रूप से स्टॉक खत्म होने जैसी स्थिति बनी थी। पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल एवं डीजल के स्टॉक की कमी की कोई स्थिति नहीं है। कंपनी के डिपो से भी डीजल, पेट्रोल की लगातार पूर्ति की जा रही है।

## राजधानी के दो हजार होटल-रेस्टोरेंट कारोबारियों को मिली बड़ी राहत, कोटा 50 से बढ़कर 70 प्रतिशत किया गया

शहर में करीब 40 हजार व्यावसायिक सिलेंडर के उपभोक्ता हैं, लेकिन दो हजार से अधिक होटल-रेस्टोरेंट, ढाबों के कारोबारी हैं। जिन्हें प्रतिदिन व्यावसायिक सिलेंडर की आवश्यकता होती है, लेकिन प्रतिबंध के बाद स्थिति खराब होने लगी थी। इसके बाद कुछ छूट मिली तो कारोबारियों को राहत मिली और अब सरकार ने कोटा 50 से बढ़ाकर 70 प्रतिशत कर दिया है। ऐसे में कारोबारियों को निश्चित रूप से राहत मिली है, लेकिन जहां पीएनजी पाइप लाइन नहीं है, उन क्षेत्र के कारोबारियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### घटना के बाद घायलों को एम्स में कराया भर्ती, तीन को मिली छुट्टी

# एम्स के सामने स्टोर से दवा खरीद रहे लोगों पर गिरा छज्जा, 8 घायल; एक युवती गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स अस्पताल के बाहर प्राइवेट मेडिकल स्टोर पर एम्स में भर्ती मरीजों की दवाईयां लेने आए लोगों पर अचानक से पहाड़ टूट पड़ा। शुक्रवार सुबह जब सडाना मेडिकल स्टोर पर निर्माणाधीन बिल्डिंग का छज्जा भर भराकर गिर गया। इस हादसे में मेडिकल स्टोर के नीचे खड़े आठ लोग घायल हो गए, जिससे पांच लोगों को एम्स में भर्ती कराया गया है। सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची, लेकिन घायलों को पहले ही एम्स में भर्ती करा दिया गया था।

35 साल पुराने भवन के तीसरी और चौथी मंजिल पर निर्माण का काम चल रहा है। यहां नीचे मेडिकल स्टोर संचालित है। बताया जा रहा है कि बिल्डिंग का छज्जा बाहर की ओर निकला हुआ था, जो अचानक मेडिकल स्टोर के बाहरी हिस्से में लगे टीन शेड पर गिर गया। भारी मलबे के कारण शेड भी पूरी तरह ढह गया। हादसे के वक्त एम्स में इलाज कराने आए मरीजों के परिजन मेडिकल स्टोर पर दवाइयां लेने पहुंचे थे।

**35 साल पुराने भवन की तीसरी और चौथी मंजिल पर चल रहा है निर्माण कार्य, इसी दौरान हादसा**






### युवती के पैर में घुसा सरिया, सिर में लगा लोहे का एंगल

*घायलों में करेली निवासी 23 वर्षीय नंदिनी की हालत गंभीर बताई जा रही है। लोहे का एंगल उनके पैर में घुसने और सिर पर गहरी चोट लगने की वजह से उन्हें एम्स के ट्रामा ब्लाक के रेड ट्रायज में रखा गया है। आठ घायलों में से 3 को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है, जबकि 5 का इलाज जारी है। करेली निवासी तनुश्री, अमरई निवासी मनोज कुमार, ग्वालियर निवासी अभय और उमरिया निवासी सोमप्रकाश को लोहे के एंगल लगने से चोटें आई हैं।*

### 31 तक ले सकेंगे मौजूदा रेट का लाभ, पक्के मकान पर भी बढ़ेगी कॉस्ट

## प्रॉपर्टी के दामों में बढ़ोतरी से रिकॉर्ड रजिस्ट्री, देर रात तक 950 पंजीयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक अप्रैल से शहर की 740 लोकेशन पर प्रॉपर्टी के दामों में एक से 181 फीसदी की बढ़ोतरी के बाद पंजीयन दफ्तरों में प्लॉट, दुकान, मकान, फ्लैट और डुप्लेक्स की बिक्री बढ़ गई है। शहर के आईएसबीटी, परी बाजार और बैरसिया स्थित पंजीयन दफ्तर में रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ देखी जा रही है, जिससे मार्च माह में रिकार्ड रजिस्ट्री दर्ज की जा रही हैं। इन रजिस्ट्रियों में सबसे ज्यादा छोटे प्लॉट की बिक्री हो रही है। इसके साथ दुकान, मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स भी खरीदे जा रहे हैं। शुक्रवार को शहर के पंजीयन दफ्तरों में देर रात तक रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ लगी रही, जिससे एक दिन में 950 रजिस्ट्री दर्ज की गई हैं, जिससे करीब 29 करोड़ रुपए की राजस्व आय हुई है। अब शनिवार और रविवार को भी रजिस्ट्री की जाएंगी। इस तरह 31 मार्च तक चार दिनों में रिकार्ड रजिस्ट्री होने का अनुमान लगाया जा रहा है।



### वंदे भारत और शताब्दी ट्रेनों में फुटप्लेट का डीआरएम ने किया निरीक्षण

## यात्रियों से सीधा संवाद कर डीआरएम ने लिया रेल सुविधाओं का फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर संचित शर्मा एवं वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर आरपी खरे के साथ मंडल में संरक्षा एवं यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया।

डीआरएम त्यागी ने रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से झांसी के मध्य वंदे भारत एक्सप्रेस में फुटप्लेट निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोको पायलट के साथ संरक्षा मानकों का अवलोकन किया तथा यात्रियों से संवाद कर सुविधाओं के संबंध में फीडबैक लिया। साथ ही झांसी में रनिंग रूम में उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं क्रू को बेहतर सुविधा सुनिश्चित कराने के लिए संबंधित को निर्देश दिए। वापसी में डीआरएम ने शताब्दी से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक पुनः फुटप्लेट निरीक्षण किया और विभिन्न पहलुओं का मूल्यांकन किया। इस दौरान डीआरएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संरक्षा, समयपालन एवं यात्री सुविधाओं के मानकों को और अधिक सुदृढ़ किया जाए।



### एलएचबी रैक से चलेगी श्रीधाम एक्सप्रेस

यात्री सुविधाओं के लिए पश्चिम मध्य रेल से प्रारंभ/टर्मिनेट एवं गुजरने वाली जबलपुर-निजामुद्दीन-जबलपुर श्रीधाम एक्सप्रेस ट्रेन के रेक को अब आईसीएफ से एलएचबी में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया है। ट्रेन में एक एसी प्रथम श्रेणी, दो एसी द्वितीय, पांच एसी तृतीय, एक एसी तृतीय इकॉनमी, साथ स्लीपर, चार सामान्य श्रेणी, एक एसएलआरडी एवं एक जनरेटर कार सहित 22 एलएचबी कोच रहेंगे। एलएचबी कोच पारंपरिक (आईसीएफ) कोचों की तुलना में अधिक आरामदायक एवं सुरक्षित होते हैं। इनमें उच्च गति पर संचालन की क्षमता होती है तथा ये वजन में भी हल्के होते हैं। ये कोच यात्रियों को अधिक सुखद और सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान करते हैं।

## आग से 15 एकड़ गेहूं की फसल खाक, आसपास के खेत बचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कुठार गांव में शुक्रवार को खेत में गेहूं की 15 एकड़ फसल आग में जलकर राख हो गई। जिन खेतों में आग लगी, उसके आसपास एक हजार एकड़ जमीन में गेहूं की फसल खड़ी हुई थी। आग वहां तक न पहुंचे, इसलिए 50 से ज्यादा लोग दौड़ पड़े। ट्रैक्टर-ट्रालियों से पानी लाकर उन्होंने आग पर काबू पाया। आग लगने की वजह अब तक पता नहीं चली है, लेकिन तेज हवा होने की वजह से आग तेजी से फैल रही थी। जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट ने बताया कि आगजनी की घटना शुक्रवार की दोपहर में हुई। यदि समय रहते आग काबू में नहीं आती तो बड़ा नुकसान हो जाता, क्योंकि इन खेतों से ही आसपास के चार से पांच गांव के किसानों के खेत लगे हुए हैं। इससे पहले गुरुवार को अपर कलेक्टर सुमित पांडे ने नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है, जिसके तहत अगले 3 महीने तक पराली जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है।



## 1800 टन सूखे कचरे से बनेगा कोयला, पहुंचा 800 टन कूड़ा

### निगम कमिश्नर ने आदमपुर में कोयला बनाने की देखी प्रोसेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के आदमपुर छावनी में 220 करोड़ की लागत से 15 एकड़ एरिया में नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन ने टोरिफाइड चारकोल प्लांट का ट्रायल रन शुरू कर दिया है। पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मोड पर तैयार यह प्लांट शहर के सूखे कचरे को चारकोल में बदल देगा। जिसके लिए प्लांट में 800 टन कचरा पहुंचाया गया है। आने वाले दिनों में यहां 18 सौ टन कचरा पहुंचाया जाएगा। नगर निगम और एनटीपीसी के बीच यह प्रोजेक्ट पीपीपी मोड पर चलाया जा रहा है। शुक्रवार को निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने प्लांट का दौरा कर चारकोल बनाने की प्रक्रिया को समझा। निगम कमिश्नर का कहना है कि यह प्रोजेक्ट सस्टेनेबल वेस्ट मैनेजमेंट माडल है। कचरे से चारकोल बनाने की यह तकनीक बिजली उत्पादन में कोयले के विकल्प के रूप में इस्तेमाल की जा सकेगी, जिससे कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आएगी।



### यात्रियों की सुविधा के लिए बनाई जा रही पार्किंग, लेकिन सीमित स्थान से बढ़ सकती है परेशानी

**कई स्टेशनों के आसपास पहले से ही सड़कें संकरी**

# पार्क एंड राइड...मेट्रो स्टेशनों के नीचे पार्किंग पर सवाल, जगह की कमी बनी बड़ी बाधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल में मेट्रो यात्रियों को 'पार्क एंड राइड सुविधा देने की योजना जमीनी स्तर पर चुनौतीपूर्ण नजर आ रही है। सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने शहर के पांच प्रमुख मेट्रो स्टेशनों सुभाष नगर, केंद्रीय विद्यालय, डीबी मॉल, डीआरएम कार्यालय और अलकापुरी के नीचे पार्किंग क्षेत्र चिन्हित किए हैं।

यहां दोपहिया और चारपहिया वाहनों के लिए पार्किंग बनना प्रस्तावित है। हालांकि, जिन स्थानों को पार्किंग के लिए चुना गया है, वहां पर्याप्त जगह का अभाव इस योजना की सबसे बड़ी समस्या है। कई स्टेशनों के आसपास पहले से ही सड़कें संकरी हैं और व्यावसायिक गतिविधियां अधिक होने के कारण यातायात दबाव बना रहता है। ऐसे में सीमित स्थान में पार्किंग विकसित होने से स्थिति और बिगड़ने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय निवासियों और व्यापारियों का कहना है कि बिना पर्याप्त योजना के पार्किंग बनाई गई, तो इसका सीधा असर ट्रैफिक पर पड़ेगा। खासकर पीक ऑवर्स में जाम की समस्या और गंभीर हो सकती है। साथ ही, कुछ स्थानों पर निर्माण कार्य के लिए भी पर्याप्त स्पेस उपलब्ध नहीं है।



एमपी नगर स्टेशन के नीचे संकरी जगह।



बोर्ड ऑफिस स्टेशन के नीचे की जगह।

### 5 मेट्रो स्टेशनों के नीचे विकसित की जाएंगी नई पार्किंग

कॉरिडोर (8 स्टेशन) में फिलहाल डेडिकेटेड पार्किंग नहीं है, केवल पिक-एंड-ड्रॉप की सुविधा है। हालांकि, नगर निगम 5 मुख्य स्टेशनों सुभाष नगर, डीबी मॉल, अलकापुरी, केंद्रीय स्कूल, डीआरएम ऑफिस के नीचे 14 नई पार्किंग विकसित करने की योजना पर काम कर रहा है। वर्तमान स्थिति: वर्तमान में मेट्रो स्टेशनों पर वाहन पार्क करने की स्थाई व्यवस्था नहीं है। प्रस्तावित पार्किंग मेट्रो स्टेशनों के नीचे नई पार्किंग विकसित की जाएंगी। पार्किंग की क्षमता प्रत्येक प्रस्तावित पार्किंग में लगभग 40 चार पहिया और 250 दो पहिया वाहन खड़े हो सकेंगे। महापौर मालती राय का कहना है अभी पार्किंग स्थल चिन्हित किए गए हैं, पार्षदों से सुझाव मांगे हैं, कुछ नई स्थल भी पार्किंग में जोड़े जाएंगे और अधिकारियों से सर्वे करवाने के बाद ही इस पर आगे कदम उठाएंगे।

**खबर संक्षेप**

## सामूहिक विवाह के पंजीयन कार्यालय का शुभारंभ कल



**औबेदुल्लागंज।** श्री नागर धाकड़ समाज आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति द्वारा आयोजित 39वें सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं। पंजीयन प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए 29 मार्च रविवार को पंजीयन कार्यालय का शुभारंभ किया जाएगा। समिति अध्यक्ष संजीव नागर तामोट ने बताया कि यह आयोजन समाज में एकजुटता और सहयोग की भावना को सुदृढ़ करता है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजन को भव्य रूप देने के प्रयास किए जा रहे हैं। समिति ने समाज के सभी वर्गों से सहभागिता की अपील की है।

## किसानों की समस्या के निराकरण के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**औबेदुल्लागंज।** किसानों की विभिन्न समस्याओं और सरकार की कथित किसान विरोधी नीतियों के विरोध में कांग्रेस एवं किसान कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव को सौंपकर किसानों को तत्काल राहत देने की मांग की। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार, किसान कांग्रेस अध्यक्ष सूरजमल गौर ने एसडीएम को बताया कि किसानों पर कर जमा करने का दबाव बनाया जा रहा है, जो अन्याय पूर्ण है। दोनों कांग्रेस नेताओं ने कहा कि किसानों के ऋण जमा करने की अंतिम तिथि बढ़कर 31 मई करने की मांग की, ताकि किसान अपनी उपज बेचकर कर्ज चुका सके और 0% ब्याज योजना का लाभ ले सकें। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता विजय यादव, साधु गौर, मनोज धाकड़, शुभम गौर, बालवीर उइके, संतोष सेन, दुर्गा प्रसाद यादव, उत्तम राजपूत आदि किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।

## विनेका वीट में मृत मिला शावक, जांच शुरू

**औबेदुल्लागंज।** वन मंडल औबेदुल्लागंज के टाइगर रातापानी अभ्यारण की रेंज विनेक में विनेका वीट कंपार्टमेंट नंबर 437 में बाघ के शावक को एक अन्य बाघ ने हमला कर मार दिया। बच्चे की गर्दन और जबड़ा टूटने से उसकी मौत हो गई। रातापानी अधीक्षक मयंक राज ने बताया खबर मिलते ही घटनास्थल पर डीएफओ हेमंत रैकवार, डॉक्टरों की टीम लेकर पहुंचे। वहां पीएम करवाया। विनेका रेंजर गुर्जर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## बच्चों को छत पर खेलने का कहकर मां ने घर में लगाई फांसी

**भोपाल।** अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित राजीव नगर सेमरा में नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस कमरा सील कर चुकी है। शनिवार को सागर से परिजन के भोपाल पहुंचने पर महिला का पीएम कराया जाएगा। साथ ही कमरे की तलाशी ली जाएगी। प्राथमिक जांच में पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने बताया कि मोना कुशवाह पति जगदीश कुशवाह (27) मूलतः सागर की रहने वाली थी। वह होटल में काम करती थी, जबकि पति औद्योगिक क्षेत्र की गुटखा निर्माण कंपनी में काम करता है। जगदीश ने बताया कि शुक्रवार सुबह वह काम से घर लौटा और चाय पीने के बाद ठेकेदार के पास मिलने के लिए पहुंचा। दोपहर करीब 11 बजे मोना ने बच्चों से कहा कि छत पर जाकर खेलो। बच्चों के जाते ही उसने फांसी लगा ली।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 1605 | | |
| दिनः | 269 | 77 | 179 |
| रातः | 299 | 02 | 246 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 148 | 39 | 568 |
| रातः | 150 | 67 | 359 |

राम नवमी पर आयोजित शोभायात्रा में भव्य और दिव्य आकर्षक के साक्षी बने हजारों रामभक्त

# जिले की सबसे बड़ी हिंदू एकता शोभा यात्रा का किया आयोजन हनुमान और भगवान श्री राम की झांकी ने भक्तों का मन मोहा



शोभायात्रा में भगवान श्रीराम की प्रतिमा।

शोभायात्रा में बैंड-बाजों के साथ डमरू दल ने दी प्रस्तुति

बड़ी संख्या में राम भक्त हाथों में धर्म ध्वजा लेकर चलते रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

जहां एक ओर पूरा देश रामनवमी के अवसार पर भक्ति के रंगों से शराबोर रहा, वहीं उद्योग नगरी में जिले की सबसे बड़ी शोभा यात्रा का आयोजन शुक्रवार दोपहर 3 बजे किया गया। नगर के वार्ड 23 गज्जू पिपलिया के राम जानकी मंदिर में सर्वप्रथम सुंदरकांड का आयोजन किया गया।

उसके बाद भगवान राम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें शहर के करीब 1 लाख से अधिक राम भक्त इसके साक्षी बने। शोभायात्रा में डीजे, बैंड-बाजा और डमरू दल शामिल हुआ। वहीं बड़ी संख्या में राम भक्त अपने हाथों में धर्म ध्वजा लेकर चलते रहे। वहीं शोभायात्रा मुख्य रूप से नगर के गज्जू पिपलिया, शनिवार बाजार, मुख्य मार्ग, वार्ड 11 से होते हुए गांधी नगर में संपन्न हुई। शोभायात्रा में भगवान श्री राम की झांकी मुख्य रूप से आकर्षक का केंद्र रही, वही रामभक्त हनुमान की दिव्य झांकी ने भक्तों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हिंदू सनातन के लोगों ने अलग-अलग जगह पर फूल वर्षा कर हिन्दू एकता शोभा यात्रा का का स्वागत किया। यह कार्यक्रम का लगातार सातवां वर्ष था।



राम नवमी पर निकली शोभायात्रा में ढोल बजाती हुईं महिला।



राम नवमी पर निकली शोभायात्रा में डमरू दल अपनी प्रस्तुति देते हुए।

### पुलिस व्यवस्था रही दुरुस्त

भागवान राम की शोभायात्रा को लेकर मंडीदीप पुलिस का बल मुस्तैद रहा। नगर के प्रमुख मार्गों में पुलिस तैनात रही, किसी भी तरह से आम भक्तों को परेशानी न हो उसके लिए यातायात पुलिस पूरी तरह से दल बल के साथ उपस्थित रही।

### शोभा यात्रा में ये रहे मुख्य आकर्षक के केंद्र

आयोजन में कई विशेष आकर्षण रहे, जो राम भक्तों को और अधिक उत्साहित किया। इसमें भक्ति भरे भजन एवं कीर्तन के साथ नटराज डीजे, बाबा बटेश्वर भक्त मंडल भोपाल ने भक्ति एवं समर्पण से यात्रा को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान किया। इसके अलावा अक्षय इवेंट भोपाल आयोजन की व्यवस्था एवं सजावट महत्वपूर्ण रही। यह पवित्र आयोजन श्री राम जन्म उत्सव संगठन, समस्त सनातनी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र, मंडीदीप द्वारा आयोजित किया गया।





राम नवमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को निकली शोभायात्रा में भगवान श्रीराम और रामभक्त हनुमान जी की झांकी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रही।

## भोजपुर नारी शक्ती समिति की सदस्यों ने खेड़ापति माता के दर्शन कर लिया आशीर्वाद



**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर नारी शक्ती समिति की सदस्यों ने प्रभात फेरी निकालकर राम मंदिर पहुंची। इसके बाद काली मंदिर खेड़ापति माता मंदिर पहुंची। यहां पर जय श्री राम के जयकारे लगाए और राम नवमी की सभी को बधाई दी। महिला संगठन को मजबूत बनाने के लिए अध्यक्ष आरती यादव, भगवती साहू, मल्होत्रा यादव, कांताबाई साहू, चंदा यादव, कविता यादव, आदि ने माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

## तामोट में हर्षोल्लास से मनाई रामनवमी श्रद्धालुओं ने श्रद्धाभाव से किए ज्वारे विसर्जन

**तामोट।** तामोट में शुक्रवार को हर्षोल्लास से रामनवमी मनाई गई उसके बाद ज्वारे विसर्जन किए गए। तामोट में श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी का पर्व बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और रामायण पाठ का आयोजन किया गया। दोपहर में तामोट ग्राम पंचायत में चार स्थानों पर ज्वारे रखे गए थे। माता रानी के ज्वारे विसर्जन का कार्यक्रम बड़े ही उल्लास के साथ किए गए। सभी ग्राम वासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। चैत्र नवरात्रि के समापन पर महिलाएं और युवतियां पारंपरिक वेशभूषा में गीत गाते हुए सिर पर जवारे लेकर शोभायात्रा निकालीं। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया था। इस अवसर पर जनपद सदस्य सुलेखा रामपाल सिंह चौहान, पूर्व सरपंच संजीव चौहान, मानसिंह चौहान, वीरेंद्र तिवारी, परसाई संजीव नागर, सुरेंद्र सिंह चौहान, बाबूलाल, रामकिशोर चौहान, जनपद सदस्य रूपेश चौहान, लक्ष्मी प्रजापति, सूरज सिंह नागर आदि शोभायात्रा में शामिल हुए।



राम नवमी पर श्रद्धालु ज्वारे विसर्जन करने जाते हुए।

## पटवा ने सभी को दी राम नवमीं की शुभकामनाएं



**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा ने मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के पावन अवतरण दिवस 'श्री राम नवमी' की सभी को मंगलमय शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पंकज कोठारी, जीतू नंदवंशी, मनोज चौरसिया, पुरुषोत्तम शर्मा आदि मौजूद रहे।

चार दिवसीय वार्षिक महाउत्सव पल्लव का समापन

# 51 बच्चों का सामूहिक जनेऊ संस्कार भजन-कीर्तन पर खूब झूमे धर्मप्रेमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम नगर एच वार्ड स्थित संत वासुराम दरबार का चार दिवसीय वार्षिक महाउत्सव पल्लव के साथ सम्पन्न हुआ। इस महोत्सव में 51 बच्चों के जनेऊ संस्कार कार्यक्रम सम्पन्न हुआ साथ ही प्रातः काल एवं सायं काल में संतों महात्माओं के भजन-कीर्तनों व छेज का आयोजन हुआ।

महोत्सव में भंडारे का भी आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर दरबार के गद्दीशीन पुरुषोत्तम वासवानी ने बताया कि सिंध पाकिस्तान से संत वासुराम का महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। प्रतिवर्ष 51 बच्चों के जनेऊ संस्कार होते है। पंडित जय शर्मा और पंडित यश शर्मा ने हवन, जनेउ संस्कार के कार्यक्रम संपन्न करवाए।



### सिंधी पंचायत ने संतों का किया सम्मान

इस अवसर पर नागपुर से पधारे वसणशाह दरबार के प्रमुख साईं कमल कुमार व साईं सन्नी कुमार के सत्संग कार्यक्रम हुए। इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधू चांदवानी, नंद दादलानी, गुलाब जेठानी, माधव पारदासानी, घनश्याम लालवानी, नरेन्द्र केवलानी, हरीश साधवानी ने आए हुए संतों महात्माओं का शॉल व फूल मालाओं से स्वागत सम्मान कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर संतों महात्माओं ने पंचायत को आशीर्वाद देते हुए कहा कि संत नगर में पंचायत द्वारा समाज हित में अनेक कार्य किए जाते है और पंचायत के लोग दुख सुख में शामिल होते है। इन्हे हम आशीर्वाद देते है कि आगे भी ऐसे ही सेवा कार्य करते रहे। कार्यक्रम में पार्षद एमआईसी सदस्य राजेश हिगोरानी, पार्षद अशोक मारण, कांग्रेस नेता नरेश ज्ञानचंदानी, सुरेश केवलानी, अशोक पुरसवानी, भगत कमल कुमार सहित सैकड़ों धर्मप्रेमी बंधु शामिल हुए।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**भोपाल।** सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित प्रेमजी यूनिवर्सिटी के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। उसे एंबुलेंस अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां करीब एक सप्ताह चले इलाज के बाद युवक की मौत हो गई। पुलिस अनुसार शेरसिंह (24) मूलतः रेहटी जिला सीहोर का था।

इन दिनों वह सूखी सेवनिया स्थित कल्याणपुर स्थित एक फार्म हाउस पर काम करता था और वही रहता था। बीती 19 मार्च को वह अपने काम से नूरगंज जिला रायसेन गया था। वापस लौटते समय कल्याणपुर स्थित अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी के पास उसे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां गुरुवार रात उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नजीराबाद में रुनाहा जोड़ पर नायरा पेट्रोल पंप के पास हुआ हादसा

# बिजली कंपनी के आउटसोर्स कर्मचारी को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित रुनाहा जोड़, नायरा पेट्रोल पंप से कुछ दूरी पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार बिजली विभाग के आउटसोर्स कर्मचारी को टक्कर मार दी। घटना गुरुवार रात करीब 11 बजे की है। टक्कर लगने से उसे मुंह नाक और पसलियों में गंभीर चोट आई थी। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। अनुमान है कि उसे किसी कार ने टक्कर मारी है। पुलिस आरोपी वाहन और चालक की तलाश कर रही है। प्रधान आरक्षक भीकम सिंह ने बताया कि राजेश पिता गयाप्रसाद गौर (32) ग्राम कोटरा थाना नजारीबाद में रहता था और बिजली कंपनी में आउटसोर्स कर्मचारी था। गुरुवार रात वह ड्यूटी से घर लौट रहा था। ग्राम रुनाहा जोड़ नायरा पेट्रोल पंप के पास पहुंचते ही उसकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से राजेश बाइक से उछलकर सड़क पर गिरा था। इस हादसे में उसकी नाक, सिर और सीने में गंभीर चोट आई थी। राहगीरों की मदद से उसे इलाज के लिए बैरसिया अस्पताल पहुंचाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

- टक्कर लगने से उसे मुंह नाक और पसलियों में गंभीर चोट आई थी
- पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी वाहन और चालक की तलाश शुरू कर दी



### बागसेवनिया थाने के सामने ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

*बागसेवनिया थाने के सामने ट्रैफिक सिग्नल पर ट्रक ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। घटना गुरुवार शाम करीब चार बजे के आसपास की है। टक्कर लगने से बाइक पर पीछे बैठी महिला को गंभीर चोट आई थी। उसे महज पचास मीटर दूर स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां कुछ ही देर बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार इशरत जहां (45) मूलतः बाड़ी बरेली जिला रायसेन की रहने वाली थी। गुरुवार को वह पुराने शहर में रहने वाले एक रिश्तेदार के घर जाने के लिए पति के साथ भोपाल आई थी। बागसेवनिया थाना चौराहा स्थित सिग्नल पर एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे इरशत और उनके पति सड़क पर गिरकर घायल हो गए। इशरत को गंभीर चोट लगने के कारण पास के निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां कुछ देर बाद ही डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। टक्कर मारने वाले ट्रक और चालक की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।*

## रंजिश में ऑटो चालक पर कटर से हमला, हाथ में आई चोट, गिरफ्तार

**भोपाल।** गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित डीआईजी बंगला गुरुवार शाम पुरानी रंजिश में बदमाश ने ऑटो चालक पर कटर से हमला कर दिया। लगातार तीन हमले आरोपी ने युवक पर किए थे। हाथ से हमला रोकने के कारण उसे हाथ में गंभीर चोट आई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार बढ़वाली मस्जिद के पास रहने वाला साहिद पिता अब्दुल रकीब (48) नगर निगम की कचरा गाड़ी चलाता है। साथ ही खुदका ऑटो भी चलाता है। उसका पूर्व में हरिजन बस्ती टीलाजमालपुरा निवासी अरबाज फुंसी से विवाद हुआ था। साहिद का कहना है कि गुरुवार शाम वह ऑटो लेका डीआईजी बंगला चौराहा स्थित कलारी पर पहुंचा था।

सडीएम और एसडीओपी भी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों की सुनीं समस्याएं

# मंडीदीप में गैस सिलेंडर की किल्लत और गड़बड़ियों से उपभोक्ताओं का धैर्य टूटा, हाइवे पर घंटों लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में एलपीजी गैस सिलेंडर की किल्लत और एजेंसियों में हो रही गड़बड़ियों ने उपभोक्ताओं का धैर्य तोड़ दिया है। बुकिंग करने के बावजूद सिलेंडर नहीं मिलने, देर से एजेंसी खुलने और बुक किए गए सिलेंडर किसी और को देने जैसी शिकायतें आम हो गई हैं।

गर्मी में लोग अपना काम-धंधा छोड़कर दिन-दिनभर कतारों में लगे रहते हैं, लेकिन नंबर आने पर पता चलता है कि उनका सिलेंडर पहले ही किसी और को दे दिया गया है। यह समस्या किसी एक एजेंसी तक सीमित नहीं है, बल्कि शहर की करीब सभी गैस एजेंसियों पर देखी जा रही हैं। वहीं कई उपभोक्ताओं नें अपनी शिकायतें अधिकारियों तक पहुंचाई, लेकिन कोई कारवाई नहीं हुई है। इसको लेकर नगर के उपभोक्ताओं में आक्रोष फूट पड़ा। गुरुवार को वार्ड 1 स्थित एचपी कंपनी की लोकेश गैस एजेंसी का कार्यालय देर से खुलने और सिलेंडर वितरण नहीं होने से महिलाएं भड़क गईं। आक्रोशित महिलाएं हाइवे पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करने लगीं और जाम लगा दिया। खबर मिलते ही मंडीदीप थाना प्रभारी रंजीत सराठे मौके पर पहुंचे और महिलाओं को हाइवे से हटाकर उनकी समस्या सुनी। इस दौरान एसडीएम और एसडीओपी भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनीं, एजेंसी संचालक से बात की और तुरंत सिलेंडरों का वितरण कराया।



सिलेंडर की किल्लत से परेशान लोगों ने हाईवे पर लगाया जाम।

### गड़बड़ियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग

*शहर में गैस की उपलब्धता और एजेंसियों के संचालन में सुधार की मांग अब जोर पकड़ रही है। उपभोक्ता चाहते हैं कि बुकिंग के अनुसार समय पर सिलेंडर डिलीवरी हो और गड़बड़ियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आम लोगों को परेशानी न झेलनी पड़े।*

### एजेंसी में सिलेंडर की गाड़ी न आने से हुई समस्या

*हमारा प्रयास है गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की पारेशानी न हो। एजेंसी में सिलेंडर की गाड़ी न आने के कारण समस्या हुई थी, जिसे ठीक कर लिया गया है।*

*चंद्रशेखर श्रीवास्तव, एसडीएम गौहरगंज*

4 जून 2024 की शाम को हुआ था हादसा

## दुर्घटना में कंपनी के संचालक की मौत पर 1 करोड़ 38 लाख 89 हजार का मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निजी कंपनी के संचालक की सड़क दुर्घटना में मौत के मामले में जिला न्यायालय में प्रस्तुत किए गए क्लेम प्रकरण में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने मृतक के परिजनों को 1 करोड़ 38 लाख 89 हजार रुपए की क्षतिपूर्ति राशि 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से दिए जाने के आदेश सड़क दुर्घटना करने वाले वाहन के स्वामी, चालाक और श्रीराम जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड अरेरा हिल्स भोपाल को दिए हैं। मृतक के परिजनों की ओर से राकेश कुमार वर्मा और नंदकिशोर शर्मा अधिवक्ता ने जिला न्यायालय में क्लेम का प्रकरण प्रस्तुत किया था। 32 वर्षीय विनीत खुशालानी 4 जून 2024 को शाम करीब 5 बजे स्कूटी से एमपी नगर से वल्लभ भवन की ओर जा रहे थे। सतपुड़ा भवन के सामने कार के ड्राइवर ने काफी तेजी और लापरवाही से कार चलाते हुए विनीत खुशालानी की स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी थी, जिसके कारण विनीत खुशालानी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें उपचार के लिए पहले जयप्रकाश अस्पताल ले जाया गया वहां से उन्हें हमीदिया अस्पताल रेफर किया था। हमीदिया अस्पताल के डॉक्टरों ने उन्हें चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया था। थाना अरेरा हिल्स ने मृतक के परिजनों की शिकायत की थी।पर सकार के चालक और स्वामी के विरुद्ध केस दर्ज किया था।



# ‘अ’ नाम के रोग ने सत्य को घेरा है, उसके तमाम परिजनों के जीवन में अंधेरा ही अंधेरा है...

## निराला सृजन पीठ द्वारा रविंद्र भवन में नई कविता के उत्थान पर चर्चा व काव्य पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जब से इस ‘अ’ नाम के रोग ने सत्य को घेरा है, उसके तमाम परिजनों के जीवन में अंधेरा ही अंधेरा है.... राजेन्द्र गट्टानी द्वारा पढ़ी गईं उपरोक्त पंक्तियों पर रविंद्र भवन सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। वहीं, मीना माहेश्वरी ने जब पढ़ा- पोंछ लेती जो तुम अपने आंसू, जरा खुलकर हंस लेती, तो बात कुछ और होती। राख होते जज्बातों को सुलगने देती, हौसलों को हवा देती तो बात कुछ और होती....तो श्रोता वाह वाह कर उठे। काव्य रस से सराबोर इस मनभावन संध्या का आयोजन किया निराला सृजन पीठ द्वारा। नई कविता के उत्थान बिन्दु विषय पर चर्चा और रचना पाठ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में काव्य प्रेमी व श्रोतागण उपस्थित हुए।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता मुक्तिबोध सृजन पीठ के निदेशक ने कहा कि संवेदनात्मक आवेग मुक्त छंद की रचना की प्रेरणा है। नयी कविता आत्मोद्घाटन की कविता है जो ज्ञान और रस के सुंदर संयोजन है।



### नई कविता और प्रयोगवादी कविता एक नहीं

वहीं, डॉ. वीणा सिन्हा ने कहा कि नई कविता दुख से निवृत्ति की कविता है। डॉ. साधना बलवटे ने कहा कि निराला नयी कविता के प्रवृत्तक है, नई कविता और प्रयोगवादी कविता एक नहीं और न ही प्रगतिवादी कविता को नई कविता कहा जा सकता है नई कविता नए बिम्ब नए प्रतीकों के साथ व्यक्त की गई संवेदना में हैं।

### इस अवसर पर इन कविताओं ने समां बांधा

- *आज जीवन के जंग में कई विलोम पर्याय बन गए हैं,*
  *हम न चाहते हुए भी असहाय बन गए हैं,*
  *बचपन में मां ने सिखाया था*
  *बेटा मीठी बातें बोलना*
  *पिता ने पढ़ाया था सच का साथ मत छोड़ना*
  *आज मीठा पकड़ती हूं तो सत्य छूट जाता है*

  **मांडवी सिंह**

- *कष्ट तो सहते थे*
  *लेकिन मुस्कुराते दिखते थे*
  *क्या तो धैर्य था*
  *सब बातों को सहने का*

  **अशोक मनवानी**

- *कविता में अमरत्व नहीं चाहिए*
  *बस एक कागज पर इबारत*
  *जितनी हो सके कविता की उमर*

  **विवेक सावरीकर**

- *वो कहते हैं क्या लिखती हो, हंस कर इतना कह देती हूं*
  *मां की लोरी, पापा का लाड़, दादी नानी भी लिखती हूं,*

  **रुपाली सक्सेना**

- *उस नीले आकाश के नीचे भी बहुत से आकाश*
  *इसका उसका आकाश, सबके आकाश में सबके सूरज, चांद*
  *और एक सबके आकाश में एक गिद्ध भी जो झपटता है अपने*
  *हिस्से का मांस।*

  **दीपक पगारे**

---

## 20वें भोपाल रंग महोत्सव में नाटक का मंचन

# मनुष्य और समाज के वास्तविक चरित्र को उजागर करता है ‘एक गधे की आत्मकथा’



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

‘एक गधे की आत्मकथा’, समाज की विडंबनाओं पर तीखा प्रहार करने वाला एक प्रभावशाली व्यंग्यात्मक नाट्य रूपांतरण है, जिसमें हास्य और करुणा का अद्भुत संतुलन है। कथा एक साधारण से प्रतीत होने वाले गधे के माध्यम से असाधारण सामाजिक सच्चाइयों को उजागर करती है।

लेखक कृष्ण चंदर ने इस अनोखे पात्र को केवल मनोरंजन का साधन न बनाकर, उसे एक संवेदनशील और विचारशील प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया है। मनुष्य और समाज के वास्तविक चरित्र को उजागर करता नाटक ‘एक गधे की आत्मकथा’ का मंचन शुक्रवार शाम रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में आयोजित 20 वां भोपाल रंग महोत्सव में किया गया। नाटक में निर्देशन आशीष श्रीवास्तव का रहा।





### नाटक के बार में

नाटक की शुरुआत ही दर्शकों को एक ऐसी यात्रा पर ले जाती है, जहां वे हंसी के साथ-साथ गहरे सामाजिक प्रश्नों से भी रूबरू होते हैं। कहानी का केंद्र पात्र रामू धोबी है, जो अपने बोलने वाले गधे की तलाश में भटक रहा है। यह गधा साधारण पशु नहीं, बल्कि विचारशील, संवेदनशील और बहुभाषी चरित्र है, जो मनुष्यों की भाषा समझता भी है और बोल भी सकता है। रामू की इस खोज-यात्रा में उसकी भेंट समाज के विभिन्न प्रतिनिधि पात्रों से होती है, पुलिस, प्रशासन, नेता, ढोंगी बाबा, तथाकथित बुद्धिजीवी आदि। इन पात्रों के माध्यम से लेखक ने राजनीतिक पाखंड, सामाजिक विसंगतियों, आर्थिक असमानताओं और सत्ता की विडंबनाओं पर तीखा व्यंग्य किया है। नाटक में सबसे खास चीज यह देखने को मिली कि गधे का चरित्र मानवीय संवेदनाओं से पूर्ण है। वह केवल हास्य का साधन नहीं, बल्कि समाज का दार्शनिक प्रतीक है। पूरे नाटक में दर्शक एक द्वंद्व में रहते हैं क्या यह आदमी के रूप में गधा है या गधे के रूप में आदमी?



# माता-पिता के त्याग, अकेलेपन और दाम्पत्य संबंधों की दूरी दर्शाती नाट्य प्रस्तुतियां

उर्दू ड्रामा फेस्टिवल में तीसरे दिन ‘छोटी बड़ी बातें-9’ के अंतर्गत तीन नाट्य प्रस्तुतियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी द्वारा जनजातीय संग्रहालय में आयोजित उर्दू ड्रामा फेस्टिवल में तीसरे दिन ‘छोटी बड़ी बातें - 9’ के अंतर्गत आखिर तुम्हें आना है, जरा देर लगेगी, कुछ तो कहिये और अटैची केस का नाट्य मंचन जनजातीय संग्रहालय में किया गया। भोपाल थियेटर्स द्वारा प्रस्तुत इस नाट्य प्रस्तुति में निर्देशन राजीव वर्मा का और लेखन रिशा गुप्ता, रजिया सज्जाद जहीर एवं राजेन्द्र कुमार शर्मा का रहा।

इस अवसर पर सिने अभिनेता, रंगमंच निर्देशक एवं निर्माता राजीव वर्मा द्वारा निर्देशित ‘छोटी बड़ी बातें-9’ के माध्यम से रिश्तों की उन बारीकियों को मंच पर लाने की कोशिश की गई है, जिन्हें हम रोजमर्रा की जिंदगी में अक्सर नजर अंदाज कर देते हैं। यह प्रस्तुति वर्तमान में चरमराती कुटुंब व्यवस्था की पुनर्स्थापना की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।



### प्रस्तुत नाटकों का संक्षिप्त विवरण

‘आखिर तुम्हें आना है, जरा देर लगेगी’ में माता-पिता के त्याग, अकेलेपन और दाम्पत्य संबंधों की दूरी को उजागर करती संवेदनशील कहानी को दर्शाया गया तो वहीं ‘कुछ तो कहिये’ में पति-पत्नी के बीच संवाद की कमी और उससे उत्पन्न भावनात्मक दूरी पर आधारित मार्मिक कहानी को बेहद ही उम्दा ढंग से मंच पर जीवंत किया। इसके साथ अंतिम प्रस्तुति ‘अटैची केस’ में दाम्पत्य जीवन की नोंक-झोंक और उसमें छिपे प्रेम को हास्य के माध्यम से प्रस्तुत करती मनोरंजक प्रस्तुति ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। मंच पर अभिनय करने वाले मुख्य कलाकारों में राजीव वर्मा, रीता वर्मा, महुआ चटर्जी, प्रवीण महुवाले एवं संगीत उमेश तरकसवार तथा संगीत संचालन कबीर तरकसवार का रहा।

---

# गीत गुंजन की संगीतमय संध्या आज, शहर के दिग्गज देंगे प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



गीत गुंजन की संगीतमयी संध्या का आयोजन 28 मार्च को रविन्द्र भवन में होने जा रहा है। इस संगीतमय संध्या में शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक, इंजीनियर, बिजनेसमैन और आईएएस-आईपीएस अधिकारी, सीए सहित ऐसी ही बड़ी-बड़ी हस्तियां अपनी गायन प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करने को तैयार हैं और इसके लिए यह सभी कई घंटों की प्रेक्टिस भी कर रहे हैं। गुंजन फाउंडेशन की अध्यक्ष रजनी यादव ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी गीत गुंजन को और अधिक यादगार बनाने के लिए कलाकारों ने विशेष तैयारी की है। जिन्हें प्रशिक्षित किया है, प्रसिद्ध गायक अनूप जलोटा के शिष्य एवं म्यूजिक गुरु कैलाश यादव ने। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में अपनी प्रस्तुति देने वाले कलाकार कई सालों से मुझसे संगीत की शिक्षा ले रहे हैं, जिसमें जग्युआर के डीलर मुरलीधर, रिटायर्ड चीफ इंजीनियर अश्विनी कुमार उपमन्यु, दीपक असाई, सीए रोशन मूंदड़ा, मृदुल खरे, डॉ. वीणा श्रीवास्तव, रेणु मोरंदानी, डॉ. संध्या गदरे, मयंक सत्संगी, रजनीश शिंदे, डॉ. शैलेंद्र तिवारी और उदर रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय कुमार के साथ ही रीटा देराश्री, मधु तिवारी, स्मिता निगम, अर्चना लखोटिया, रचना साहू और नीलम शुक्ला अपनी मधुर प्रस्तुतियां देंगे।

# शिक्षण संस्थान से पुनः जुड़े पूर्व छात्र, वर्तमान छात्रों के साथ साझा किए अपने व्यावसायिक अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

**निफ्ट में तीसरे एलुमनाई मीट का आयोजन एवं अभिव्यक्ति का अनावरण**




नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट) परिसर में शुक्रवार को अपने तीसरे एलुमनाई मीट का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्व छात्रों को उनके शिक्षण संस्थान से पुनः जोड़ना और वर्तमान बैच के छात्रों के साथ उनकी व्यावसायिक यात्रा साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करना था। कैंपस निदेशक अखिल सहाय ने पूर्व छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा, मेरे छात्र मेरा ब्रांड हैं। वे जहां भी जाएंगे, अपने साथ निफ्ट भोपाल का नाम लेकर जाएंगे। वहीं कैंपस एकेडमिक को-ऑर्डिनेटर डॉ. देबज्योति गांगुली ने कहा, एक कॉलेज री-यूनियन सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक भावनात्मक घर वापसी है। इस अवसर पर भोपाल की विशेष कॉफी टेबल बुक, अभिव्यक्ति का अनावरण किया। फैशन कम्युनिकेशन विभाग के छठे सेमेस्टर के छात्रों द्वारा संकल्पित यह पुस्तक संस्थान की शैक्षणिक और सांस्कृतिक विरासत को एक दृश्य श्रद्धांजलि देती है। इसके बाद कैंपस टू कॉर्पोरेट एंड एंटरप्रेन्योरशिप पर एक व्यावहारिक पैनल चर्चा हुई। समापन बेला में इशिता गोयल बैच 2017, को एलुमनाई अवार्ड 2026 प्रदान किया गया।

# चार दिवसीय राष्ट्रीय बाल नाट्य समारोह अर्घ्य प्रेक्षागृह में आज से

**भोपाल।** बाल रंगकर्म में सतत विगत 40 वर्षों से चिल्ड्रन्स थिएटर अकादमी बच्चों के लिए बच्चों के द्वारा राष्ट्रीय बाल नाट्य समारोह 28 से 31 मार्च तक अर्घ्य प्रेक्षागृह, गांधी भवन में आयोजित किया गया है। इस वर्ष 4 नाटक विभिन्न संस्थाओं द्वारा भोपाल के दो वरिष्ठ रंगकर्मी लेखकों के नाटकों का मंचन भी होगा। 28 मार्च को नाटक जैसी करनी वैसी भरनी, निर्देशिका नमिता वनसोड़ के द्वारा किया जाएगा। 29 मार्च को प्रशांत चटर्जी द्वारा लिखित नाटक घमंडी राजा व 30 मार्च को आदाब इन दोनों नाटकों को गुना के वरिष्ठ रंगकर्मी विष्णु झा द्वारा उनकी संस्था के बाल कलाकारों द्वारा खेला जाएगा। समारोह के अंतिम दिवस 31 मार्च को वरिष्ठ रंगकर्मी संजय मेहता द्वारा लिखित नाटक पेड़ की कथा का मंचन निहारिका धौलपुरिया के निर्देशन में होगा। समारोह के समापन के अवसर पर उप्र संगीत नाटक अकादमी से पुरस्कृत संजय मेहता एवं कमल जैन को अकादमी द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

---

**छह अप्रैल से रात आठ बजे दिखेगी एक डॉक्टर की दो जिंदगियों की कहानी**

# जिंदगी के सेकंड चांस से जोड़ेगा सब टीवी का ‘हुई गुम यादें’

मुंबई से लौटकर वहीद खान ⏭

सोनी सब टेलीविजन इस बार दर्शकों के लिए नया मेडिकल ड्रामा ला रहा है, जिसमें एक डॉक्टर की दो जिंदगियों से जुड़े उतार-चढ़ाव दिखाए जाएंगे। शो में सबसे बड़ा ट्विस्ट एक डॉक्टर की आठ साल की गुम हुई यादें हैं, जिसमें वह अपने परिवार सहित सबकुछ खो देता है। जिसे दोबारा से पाने के लिए उसे जद्दोजहद करना पड़ती है।

जिंदगी के इसी सेकंड चांस को लेकर सीरियल के किरदारों ने अपना हुनर पेश किया है। जिसमें मुख्य किरदार फंटूश फिल्म में काम करने वाले इकबाल खान ने डॉ. देव मेहता के रूप में निभाया है। उनके साथ सोनी टेलीविजन के शो मेडम, सर फेम अदाकारा गुल्की जोशी और एक्ट्रेस सृष्टि सिंह ने निभाया है। यह ड्रामा मशहूर इटालियन ड्रामा डॉक का इंडियन अडैप्टेशन है। आगामी छह अप्रैल से यह शो सोनी सब टेलीविजन पर रात आठ बजे से देखने मिलेगा। मेडिकल ड्रामा हुई गुम यादें एक डॉक्टर, दो जिंदगियां, जो इमोशन और इंसानियत से भरा है। डॉ. देव के साथ हुई एक घटना की वजह से उनकी आठ साल की याददाश्त चली जाती है। जिससे उनके पर्सनल और प्रोफेशनल अनुभव मिट जाते हैं। जैसे-जैसे डॉ. देव अपने अतीत के बिना जिंदगी जीते हैं, उन्हें अपनी पहचान फिर से बनाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। एक डॉक्टर के तौर पर और एक इंसान के तौर पर भी। जिंदगी का दूसरा मौका एक डॉक्टर के लिए दवा और व्यवहार के प्रति उनके नजरिए को बदल देता है।

**सीरियल के किरदारों ने अपना हुनर किया पेश**

## इटालियन सीरियल डॉक को भारतीय इमोशन में किया कंवर्ट डॉक्टर, मरीज और उसके इमोशन से जुड़ी कहानी है यादें



मुंबई के एक निजी होटलं सब टीवी के सीरियल ‘हुई गुम यादें’ के प्रीमियर पर सीरियल की टीम।

### इलाज में दवा और इंसानियत की कहानी

सीरियल में मुख्य किरदार निभाने वाले डॉ. देव की दो जिंदगियां अपनी कहानी में दवा और इंसानियत का संगम पेश करती है। जिसमें दर्शकों के दिल को छूने की कोशिश की गई है। डॉ. देव केवल अपना अतीत वापस पाने की कोशिश नहीं कर रहे हैं, बल्कि वे धीरे-धीरे समझ रहे हैं कि डॉक्टर होने के लिए दया भी कितनी जरूरी है। दरअसल, इसके पहले उनके किरदार में खड़ूसपन था।

### सभी के दिल को छुएंगे कहानी और किरदार: शिंदे

इस दौरान शो की प्रोड्यूसर और फाउंडर स्मृति शिंदे ने कहा कि यह कहानी दर्शकों के लिए दिल से बनाई गई कहानी है। जिसमें हिम्मत, खुद को फिर से खोजने और जिंदगी को नए सिरे से अपनाने की कोशिश है। टेलीविजन की प्रोड्यूसर निमिषा पांडे ने बताया कि ये थीम्स इंसानी है और हर किसी से जुड़ती है। यह शो भारतीय परिवारों की भावनाओं को ध्यान में रखकर बनाया गया है। हमारा प्रयास है कि दर्शकों को एक थाली की तरह सभी तरह का टेस्ट दिया जाए।

### कहानी में ट्विस्ट लाएगा डॉ. वाणी का किरदार

इस कहानी में डॉ. देव के किरदार में व गुल्की जोशी (डॉ. देव की पत्नी) को तलाक दे देते हैं। आठ साल की मेमोरी जाने के बाद उन्हें एहसास होता है कि उन्होंने गलत किया। जबकि हॉस्पिटल में साथ काम करने वाली सृष्टि सिंह (डॉ. वाणी गुप्ता) और मेहता के बीच प्यार वाले इमोशन सामने आते हैं। ऐसे में डॉ. देव डिवोर्स वाली गुल्की के साथ आगे की जिंदगी गुजारेंगे या फिर सेकंड चांस को अपनाते हुए नई जिंदगी शुरू करेंगे। इसको लेकर कहानी में ट्विस्ट सामने आएगा।

## खबर संक्षेप

### निप्पॉन पेंट का महिलाओं के लिए हेरिजोन्स लांच

**नई दिल्ली।** निप्पी ग्रुप का हिस्सा और एशिया प्रशांत की नंबर 1 पेंट एवं कोटिंग विनिर्माता कंपनी निप्पॉन पेंट इंडिया ने महिलाओं के नेतृत्व को गति देने, "गतिशील महिलाओं" के विभिन्न उद्योगों के एक समुदाय का निर्माण करने और परिवर्तन लाने वालों की अगली पीढ़ी को सशक्त करने के उद्देश्य के एक रणनीतिक प्लेटफॉर्म हेरिजोन्स का अनावरण किया है। हेरिजोन्स के दिल्ली संस्करण में एक शाम इस पहल को औपचारिक रूप से लांच किया गया जहां "नई संभावनाओं को रंग देना" थीम के तहत सभी क्षेत्रों से नीति निर्माता, उद्योग परिवर्तनकर्ता और महिला नेता एक साथ आईं।

### अमेजन ने इवेंट कनेक्टेड वर्ल्डस आयोजित किया

**मुंबई।** अमेजन एड्स ने भारत में अपना पहला प्रमुख इवेंट कनेक्टेड वर्ल्डस आयोजित किया। इस कार्यक्रम में विज्ञापनदाता, एजेंसियां और पार्टनर्स बड़ी संख्या में शामिल हुए। जहां अमेजन एड्स ने क्रिएटिव एजेंट्स और एड्स एजेंट जैसे नए एआई टूल्स, एकीकृत कैंपेन मैनेजमेंट, अमेजन ऐड्स क्रिएटर प्रोग्राम और भारतीय ब्रांड्स के लिए रचनात्मकता को आसान बनाने की पहल पेश की। कनेक्टेड वर्ल्डस ने एड टेक, कंटेंट और कॉमर्स-इन तीन प्रमुख स्तंभों को एक साथ लाकर एक सहज और पूर्ण-फनल विज्ञापन अनुभव प्रदान किया।

### फंड्स इंडिया का एयूएम 25,000 करोड़ रु. पहुंचा

**बेंगलुरु।** फंड्स इंडिया की कुल प्रबंधनाधीन संपत्ति 25,000 करोड़ रुपए के पार पहुंच गई है। कंपनी ने सिर्फ एक तिमाही से कुछ ज्यादा वक्त में 20,000 करोड़ से 25,000 करोड़ रुपए तक का सफर तय कर 25 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की है। इस उपलब्धि के अलावा, यह बढ़त दिखाती है कि भारत के वेल्थ मैनेजमेंट इकोसिस्टम में हो रहे बड़े बदलावों के बीच कंपनी अब एक महत्वपूर्ण दौर में पहुंच चुकी है। फंड्स इंडिया का मौजूदा एयूएम 25,000 करोड़ रुपए है, जो पिछले साल की तुलना में 58 फीसदी की बढ़ोतरी और तीन साल की अवधि में 38 फीसदी को दर्शाता है। पिछले 12 महीनों बात की जाए, तो इस प्लेटफॉर्म पर 2,100 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश दर्ज किया गया,जबकि पिछले 24 महीनों में कुल निवेश 2,900 करोड़ रुपये रहा है। कुल एसेट्स में खुदरा निवेशकों की हिस्सेदारी 77 फीसदी है।

---

### बुकिंग के बाद भी डिलीवरी नहीं मिलने से लग रही लंबी लाइन, उमड़ रही भीड़

# होम डिलीवरी के बजाए गाड़ी खड़ी करके सप्लाई देने वाली करीब 10 गैस एजेंसियों ने बिगाड़ी फिजा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सरकार और प्रशासन का दवा है कि एलपीजी गैस का स्टॉक पर्याप्त है, आपूर्ति बराबर दी जा रही है अतः पैनिक होने की आवश्यकता नहीं हैं, जो कि सच भी है। लेकिन शहर में संचालित करीब 40 गैस एजेंसियों में लगभग 10 गैस एजेंसियों ने लोगों को पैनिक कर शहर की फिजा खराब किए हुए हैं। शहर की ऐसी 10 एजेंसियां वह हैं जो न्यूमार्केट दशहरा मैदान, बीएचईएल क्षेत्र, आयोध्या बायपास और करोंद क्षेत्र में गाड़ी एक जगह खड़ी करके गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं को बांटती हैं, उक्त एजेंसियां तेल विपणन कंपनियों से होम डिलीवरी चार्ज 35 रुपए लेने के बावजूद अपने एलपीजी उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी नहीं दे रही है।

आरोप है कि यह सब हो रहा है जिला खाद्य विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से। गैस एजेंसी संचालन कार्य में दखल देने वाले कुछ संचालकों ने नाम नहीं छापने का कहते हुए बताया कि मौजूदा समय में शहर में लगने वाली लंबी-लंबी लाईन और भीड़ में ऐसी ही एजेंसियां शामिल है। जिसमें तीनों विपणन कंपनी आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल की एजेंसियां शामिल हैं। बताया जा रहा है कि राजधानी भोपाल सहित समूचे मध्यप्रदेश में संचालित सैकड़ों एजेंसी संचालक 35 रुपए का चार्ज वसूलने के बाद भी घर पर सिलेंडर की आपूर्ति नहीं कर रही हैं। इसका उदाहरण राजधानी भोपाल में न्यूमार्केट दशहरा मैदान, करोंद, आयोध्या बायपास और बीएचईएल क्षेत्र में सिलेंडर के लिए लगने वाली लंबी लाइन और एजेंसियों के उमड़ रही भीड़ है।

### 35 रुपए होम डिलीवरी चार्ज लेने के बावजूद घर पर सप्लाई नहीं



न्यू मार्केट दशहरा मैदान में सिलेंडर का इंतजार

#### उपभोक्ता हड़बड़ा रहे और गैस एजेंसियों में पहुंचकर भीड़ बढ़ा रहे

एकाध-दो अपवादों को छोड़कर भोपाल के सभी गैस एजेंसी संचालक बेहतर ढंग से काम कर रहा है। कमर्शियल सिलेंडर को छोड़कर घरेलू गैस सिलेंडर में सप्लाई की कोई कमी नहीं है। लंबी- लंबी लाइन लगने के पीछे उपभोक्ताओं को पैनिक होना है, उपभोक्ता हड़बड़ा रहा है और गैस एजेंसियों में पहुंचकर भीड़ बढ़ा रहा है।

**बीएस शर्मा** राष्ट्रीय अध्यक्ष, एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन

#### अधिकांश एजेंसियों ने डिलीवरी बॉय की कमी या अन्य कारणों से होम डिलीवरी बंद कर दी

बताया जा रहा है कि अधिकांश एजेंसियों ने डिलीवरी बॉय की कमी या अन्य कारणों से होम डिलीवरी बंद कर दी है, जिससे उपभोक्ताओं को गोदाम, एजेंसियों के बाहर या फिर डिलीवर बॉय द्वारा निधारित स्थान से ही सिलेंडर लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। तो कई एजेंसियां जानबूझकर बुकिंग के बाद भी डिलीवरी में नियत दिन से 5-6 दिन या उससे अधिक की देरी कर रही है। जिससे लोग सीधे एजेंसी पहुंचने को मजबूर हैं। उपभोक्ता शिकायत कर रहे हैं कि होम डिलीवरी न मिलने के बावजूद एजेंसियों द्वारा सिलेंडर की कीमत में डिलीवरी चार्ज भी लिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि खाद्य विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत और ढील पोल के चलते भोपाल की करीब 15 गैस एजेंसियां ऐसी हैं जो शुरू से ही एक जगह गाड़ी खड़ी कर उपभोक्ता को गैस सिलेंडर बांटती हैं जो मैनुअल बुकिंग के जरिए होता है। उक्त एजेंसियां डायरी में लोगों के बुकिंग लिखकर सिलेंडर की सप्लाई करती हैं फिर बाद में कंम्प्यूट में चढ़ाते हैं। जबकि अन्य एजेंसी में सिस्टम से काम हो रहा है और होम डिलीवर दी जा रही है।

### फाइनेंशियल मैनेजमेंट गड़बड़ाने से शहर के सूखे कुछ पंप, अब क्रेडिट मिलने से हालात सुधरेंगे

सरकारी तेल कंपनियों द्वारा पेट्रोल पंप डीलरों को दी जाने वाली क्रेडिट सुविधा (उधार) बंद 5 मार्च से बंद कर दी गई थी, तो डीजल-पेट्रोल संकट की फैली अफवाहों की बदौलत शहर के पेट्रोल पंप पर भी करीब 25 फीसदी अधिक ईंधन की खपत बढ़ गई। नतीजा रोजाना खपत से 25 फीसदी अधिक खपत और क्रेडिट सुविधा होने से शहर के कुछ पंप डीलरों का फाइनेंशियल मैनेजमेंट पूरी तरह से बिगड़ गया। नतीजा जिले के कुछ पेट्रोल पर सूख गए। लेकिन तेल कंपनियों ने अब पेट्रोल-डीजल की सप्लाई के लिए पुनः 3 दिन की क्रेडिट सुविधा (उधार) शुरू कर दी है। अतः ईंधन सप्लाई के हालात सुधरेंगे और पेट्रोप पंपों लोगों पर्याप्त डीजल-पेट्रोल मिलेगा। यह बात मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह ने कही। हाइवे डीजल पंप के संचालक और



एसोसिएश के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि अग्रिम भुगतान अनिवार्य होने से डीलरों पर वर्किंग कैपिटल का भारी दबाव पड़ गया है। पेट्रोल पंप संचालकों को नकद देकर तेल खरीदना पड़ रहा है, जिससे उन्हें फंड मैनेजमेंट में काफी दिक्कत आ रही थी, मगर तेल विपणन कंपनियों ने पुनः केडिट सुविधा की प्रक्रिया शुरू किए जाने से फंड मैनेजमेंट में आने वाली दिक्कत खत्म होगी।

#### एक्साइज ड्यूटी की कटौती रोकेगी ईंधन की मूल्य वृद्धि को: अजय सिंह



मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि भारत सरकार ने वेस्ट एशिया में जारी संघर्ष के कारण बढ़ रही ग्लोबल फ्यूल प्राइसेज की मार झेल रहे आम ग्राहकों को राहत देने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने पेट्रोल पर स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी जो 13 रुपए थी उसे घटाकर 3 प्रति लीटर कर दी है, तो डीजल पर अधिरोपित 10 रुपए की एक्साइज को पूरी तरह खत्म कर दिया है। भारत सरकार का यह कदम डीजल-पेट्रोल की संभावित मूल्य वृद्धि पर अब अंकुश लगाएगा। सिंह ने कहा कि इस कदम से सरकार का उद्देश्य स्पष्ट हो गया है कि कि सरकार उपभोक्ताओं के लिए ईंधन की लागत को कम करने पर बल दे रही है। जो कि वेस्ट एशिया में बढ़ते तनाव के कारण ग्लोबल ऑयल प्राइसेज में लगातार उछाल से प्रभावित हो रहे थे।

---

### बीआईएस का 'मानक मंथन' पर कार्यक्रम आयोजित

## विशेषज्ञों ने हीरा आभूषण विक्रेताओं को मानक के प्रमुख प्रावधानों को सरल भाषा में समझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), भोपाल शाखा कार्यालय द्वारा "मानक मंथन" कार्यक्रम का आयोजन कार्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम का विषय आभूषण–हीरा उद्योग में उपभोक्ता विश्वास (आईएस 19469:2025) रहा। इस कार्यक्रम में लगभग 20 हीरा आभूषण विक्रेता एवं थोक व्यापारी शामिल हुए।

प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी दिखाई तथा मानकों के संबंध में अपनी रुचि व्यक्त की। कार्यक्रम की शुरुआत मोहम्मद रिज़वान, निदेशक एवं प्रमुख, बीआईएस भोपाल शाखा कार्यालय के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने अपने संबोधन में "मानक मंथन" के महत्व को बताते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण मंच है, जहां उद्योग से जुड़े हितधारक नए प्रकाशित मानकों पर चर्चा कर सकते हैं और अपने सुझाव दे सकते हैं, जिससे मानकों को और बेहतर बनाया जा सके। इसके पश्चात हरिओम मीना, वैज्ञानिक-सी/उपनिदेशक ने बीआइएस की भूमिका, कार्यप्रणाली एवं प्रमुख गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीआईएस देश में मानकीकरण, उत्पाद प्रमाणन एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है, जिससे उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा होती है। कार्यक्रम में अजय कुमार सोनी, वैज्ञानिक-सी एवं सदस्य सचिव ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर आईएस 19469:2025 मानक पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने इस मानक के प्रमुख प्रावधानों को सरल भाषा में समझाया तथा बताया कि यह मानक हीरा आभूषणों की गुणवत्ता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे उपभोक्ताओं का विश्वास और अधिक मजबूत होगा। कार्यक्रम के दौरान एक संवादात्मक सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने प्रश्न पूछे और अपने सुझाव साझा किए। बीआईएस अधिकारियों द्वारा उनके प्रश्नों का समाधान किया गया, जिससे प्रतिभागियों को मानक की बेहतर समझ प्राप्त हुई।




बीआईएस, भोपाल शाखा कार्यालय द्वारा 'मानक मंथन' कार्यक्रम में शामिल विक्रेता और व्यापारी

## गैस रिफिल नियमों पर भ्रम खत्मः न कोई बदलाव न ही घबराने की जरूरतः पेट्रोलियम मंत्रालय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग समय-सीमा (रिफिल टाइमलाइन) में बदलाव को लेकर चल रही खबरों और सोशल मीडिया पोस्ट पर सरकार ने बड़ा स्पष्टीकरण जारी किया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने साफ कहा है कि एलपीजी रिफिल बुकिंग के नियमों में कोई बदलाव नहीं किया गया है और पुरानी व्यवस्था ही लागू है। मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत एलपीजी रिफिल बुकिंग के लिए 45 दिन, नॉन-पीएमयूवाई सिंगल सिलेंडर के लिए 25 दिन और डबल सिलेंडर के लिए 35 दिन की नई समय-सीमा तय की गई है।

सरकार ने इन दावों को पूरी तरह गलत और भ्रामक बताया है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि मौजूदा नियमों के तहत एलपीजी रिफिल बुकिंग की समय-सीमा शहरी क्षेत्रों में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन ही है और यह सभी प्रकार के कनेक्शन पर समान रूप से लागू होती है। सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे ऐसी अफवाहों पर विश्वास न करें और न ही उन्हें आगे फैलाएं। साथ ही, घबराहट में गैस सिलेंडर की अनावश्यक बुकिंग से भी बचने की सलाह दी गई है।

#### 1 लाख से अधिक पेट्रोल पंप सामान्य रूप से संचालित

मंत्रालय ने भरोसा दिलाया है कि देश में एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और किसी तरह की कमी की कोई स्थिति नहीं है। सरकार ने बताया कि देश की सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और 18,700 टन कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति की जा चुकी है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा के अनुसार देश भर में पेट्रोल और डीजल का भी पर्याप्त भंडार है और 1 लाख से अधिक पेट्रोल पंप सामान्य रूप से संचालित हो रहे हैं। इसके साथ ही, पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) कनेक्शन का तेजी से विस्तार किया जा रहा है और सिर्फ एक दिन में 7,500 नए कनेक्शन दिए गए हैं।

---

### बैंक कर्मचारियों का हल्ला बोल

## पीएलआई के नए फॉर्मूले को 'एकतरफा' बताकर रद्द करने की मांग

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

बैंकों में काम करने वाले कर्मचारियों और सरकार के बीच टकराव की स्थिति पैदा हो गई है। इस बार विवाद की जड़ है पीएलआई यानी वो एक्स्ट्रा पैसा जो अच्छे काम के बदले मिलता है। बैंक कर्मचारियों के सबसे बड़े संगठन यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने सरकार के नए फॉर्मूले को 'धोखा' और 'एकतरफा' बताते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की है। यूनियनों का कहना है कि यह नया तरीका कर्मचारियों के बीच आपसी झगड़े और असंतोष की वजह बनेगा।

#### मौजूदा समझौते के तहत पीएलआई का महत्व

मौजूदा नियमों के हिसाब से पीएलआई का असली मकसद कर्मचारियों को उनके टैलेंट और मेहनत के आधार पर इनाम देना था। इसमें पूरी पारदर्शिता रखी गई थी ताकि किसी के साथ भेदभाव न हो। यूनियनों का कहना है कि यह समझौता दोनों पक्षों की रजामंदी से बना था, लेकिन अब सरकार अपनी मर्जी चलाकर इस पूरी व्यवस्था को बिगाड़ रही है। इससे बैंकिंग सेक्टर में सालों से चले आ रहे अच्छे रिश्तों में खटास आ सकती है। यूएफबीयू ने सरकार के वित्तीय सेवा विभाग, भारतीय बैंक संघ और सभी सरकारी बैंकों को सख्त चेतावनी दी है।

#### द्विपक्षीय समझौते के उल्लंघन का आरोप

बैंक यूनियनों का साफ कहना है कि पीएलआई का पैसा कोई खैरात नहीं है, बल्कि यह एक द्विपक्षीय समझौते का हिस्सा है। यानी इसे तय करने के लिए बैंक प्रबंधन और कर्मचारियों के बीच बाकायदा बातचीत और समझौता हुआ था। अब सरकार ने बिना किसी से पूछे चुपचाप नया फॉर्मूला लागू कर दिया है। यूनियनों का आरोप है कि यह न केवल पुराने वादों को तोड़ना है, बल्कि काम करने के माहौल को खराब करने की एक कोशिश भी है।

#### कर्मचारियों की प्रतिक्रिया और अपेक्षाएं

बैंक कर्मचारी की ओर वीके शर्मा ने कहा कि संगठन इस नए फॉर्मूले को किसी भी कीमत पर स्वीकार करने के मूड में नहीं हैं। उनका कहना है कि वे केवल वही नियम मानेंगे जो आपसी समझौते और कानूनी प्रक्रिया के तहत बने हों। यह लड़ाई सिर्फ उनके फायदे की नहीं है, बल्कि पूरे बैंकिंग सिस्टम को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने के लिए है। अगर आज एकतरफा फैसले मान लिए गए, तो कल कर्मचारियों की एकता और ताकत कमजोर पड़ जाएगी।

## जीवन बीमा कंपनियों ने किया 6.30 लाख करोड़ का भुगतान

एजेंसी ▶▶ मुंबई




भारत का जीवन बीमा क्षेत्र परिवारों की आर्थिक सुरक्षा और दीर्घकालिक वित्तीय योजना में अहम भूमिका निभाता जा रहा है। इरडा की वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 के अनुसार जीवन बीमा कंपनियों ने वित्त वर्ष 2024-25 में कुल 6.30 लाख करोड़ रुपए के लाभ (बेनिफिट) का भुगतान किया। यह आंकड़ा दर्शाता है कि जीवन बीमा उद्योग जीवन के अलग-अलग चरणों सुरक्षा से लेकर रिटायरमेंट और धन सृजन तक परिवारों को मजबूत सहारा दे रहा है।

कुल भुगतान में से 2.33 लाख करोड़ रुपए राशि पॉलिसी से निकासी और सरेंडर के रूप में दी गई, जो पिछले साल से 1.77 फीसदी अधिक है। पॉलिसी की निरंतरता (पर्सिस्टेंसी) बेहतर बनी हुई है, जिससे साफ है कि लोग योजनाबद्ध तरीके से पैसे निकाल रहे हैं। पॉलिसीधारक इन पैसों का उपयोग बच्चों की पढ़ाई, घर खरीदने या विदेश यात्रा जैसे लक्ष्यों के लिए कर रहे हैं। अब जीवन बीमा केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि लोग इसे अन्य जरूरी जरूरतों के लिए भी इस्तेमाल कर रहे हैं। इंश्योरेंस अवेयरनेस कमेटी के चेयरपर्सन कमलेश राव ने कहाकि जीवन बीमा कंपनियों के आंकड़े बताते हैं कि यह क्षेत्र न केवल सुरक्षा देता है, बल्कि परिवारों के लिए दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता और जरूरत के समय नकदी उपलब्ध कराने का मजबूत साधन भी है। 92 फीसदी भुगतान 'लिविंग बेनिफिट्स' के रूप में होना इस बात का प्रमाण है कि जीवन बीमा अब परिवारों का वित्तीय साथी बन चुका है। बीमा उत्पादों में भी बदलाव आया है।

---

## बिजनेस न्यूज

### बिरला कॉरपोरेशन ने किया संगमानीया में सम्मान समारोह का आयोजन

**भोपाल।** बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड की यूनिट सतना सीमेंट वर्क्स द्वारा समय-समय पर सामाजिक एवं विकासात्मक कार्य किए जाते रहे हैं। संस्था के प्रेसिडेंट कौशल मिश्रा का उद्देश्य है कि सीमेंट प्लांट की प्रगति के साथ-साथ आसपास के गांवों का भी समग्र विकास हो,ग्रामीण किसानों की आजीविका सुदृढ़ बने तथा उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए एआर हेड आरके गिरी के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड-यूनिट सतना द्वारा बिरला सीएसआर और पैक्स संस्था के संयुक्त त्वावधान में संगमानीया में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिरला सीएसआर द्वारा संचालित ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल समापन पर महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही 10 चयनित महिलाओं को स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए ब्यूटीशियन किट प्रदान की गई। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक सुमन निगम एवं प्रीति पांडेय, बिरला सीएसआर के क्लस्टर हेड रंजीत कुमार, विजय चौबे,अनामिका सिंह तथा पैक्स संस्था की निदेशक डॉ. शालिनी सक्सेना एवं डॉ. राकेश श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित रहे।




### सैमसंग गैलेक्सी ए57 5जी और गैलेक्सी ए37 5जी आफर्स के साथ पेश

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने गैलेक्सी ए57 5जी और गैलेक्सी ए37 5जी लांच किए। ये दोनों स्मार्टफोन गैलेक्सी ए सीरीज के नए मॉडल हैं, जिन्हें खासतौर पर उन युवाओं के लिए डिजाइन किया गया है जो फोटोग्राफी, परफॉर्मेंस, एआई-इनेबल्ड रोजमर्रा के फीचर्स और ड्यूरेबिलिटी को प्राथमिकता देते हैं। गैलेक्सी ए57 5जी और गैलेक्सी ए37 5जी दोनों में आगे और पीछे गोरिल्ला ग्लास विक्टस प्लस दिया गया है। इन डिवाइस में आईपी 68 रेटिंग भी दी गई है, जिससे ये पानी और धूल से सुरक्षित रहते हैं। ए57 5जी के 8जीबी रैम प्लस 256जीबी स्टोरेज वाले बेस वेरिएंट की कीमत 56,999 रुपए है। 12जीबी रैम प्लस 256जीबी स्टोरेज वाले मॉडल की कीमत 62,499 रुपए है। सैमसंग गैलेक्सी ए37 5जी के 8जीबी रैम प्लस 128जीबी स्टोरेज वाले मॉडल की कीमत 41,999 रुपए है।

### एलजीई ने किए सोलर पावर परचेज एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड्स में से एक एलजीई इंडिया ने हिंदुजा रिन्यूएबल्स एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड और सनश्योर एनर्जी के साथ अपने मैन्युफैक्चरिंग ऑपरेशंस में स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने के विस्तार की अपनी प्रतिबद्धता के तहत, दीर्घकालिक सोलर पावर परचेज एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए हैं। एलजीई इंडिया अपनी ग्रेटर नोएडा और पुणे मैन्युफैक्चरिंग सुविधाओं के लिए सौर ऊर्जा प्राप्त करेगा, जिससे उसके कार्बन फुटप्रिंट में कमी आएगी और सस्टेनेबल मैन्युफैक्चरिंग की ओर उसका कदम मजबूत होगा।

### ग्रीनप्लाई स्पेशलिटी पैनल्स ने रखी दूसरी एमडीएफ की आधारशिला

**नई दिल्ली।** ग्रीनप्लाई स्पेशलिटी पैनल्स प्राइवेट लिमिटेड ने गुजरात के वडोदरा स्थित अपने अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी में दूसरी मीडियम डेंसिटी फाइबरबोर्ड प्रोडक्शन लाइन की आधारशिला रखने की घोषणा की। यह विस्तार कंपनी की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है और भारत में एमडीएफ की तेजी से बढ़ती मांग को पूरा करने के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। इस अवसर पर कंपनी के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, राजेश मित्तल और जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, सनिध्य मित्तल उपस्थित रहे। उनके साथ क्षेत्र भर से 35 से अधिक डीलर्स और चैनल पार्टनर्स भी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के साक्षी बने। वडोदरा फैसिलिटी में दूसरी एमडीएफ लाइन के लिए 425 करोड़ रुपए का निवेश किया जा रहा है ।

### एआई प्लस बना दो बड़ी आईपीएल टीमों का ऑफिशियल स्मार्टफोन पार्टनर

**नई दिल्ली।** एआई प्लस स्मार्टफोन ने ऐलान किया कि वह आने वाले टी20 सीजन में दो बड़ी टीमों मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स का ऑफिशियल स्मार्टफोन पार्टनर रहेगा। इस साझेदारी के जरिए एआई प्लस स्मार्टफोन भारत के सबसे बड़े और असरदार प्लेटफॉर्म में सीधा जुड़ जाएगा। एआई प्लस स्मार्टफोन के सीईओ और एनएक्सटी क्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीज के फाउंडर माधव शेठ ने कहाकि खेल लोगों को जोड़ने का सबसे बड़ा जरिया है, जहां हर कोई एक जैसा उत्साह और उम्मीद महसूस करता है।

### गोदरेज ने 2026 के लिए नए स्मार्ट एसी पोर्टफोलियो पेश किया

**मुंबई।** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के अप्लायंसेज बिजनेस ने 2026 के लिए अपने अपग्रेड और फ्यूचर रेडी एयर कंडीशनर (एसी) पोर्टफोलियो पेश किया है। भारत में तेजी से बढ़ते एसी ब्रांड्स में शामिल यह कंपनी उपभोक्ताओं को और स्मार्ट, सहज और प्रीमियम कूलिंग समाधान देने की अपनी प्रतिबद्धता जारी रखे हुए है। 2026 के समर पोर्टफोलियो में स्प्लिट एसी, कैसट एसी, टॉवर एसी और विंडो एसी शामिल हैं। यह रेंज 5 स्टार और 3 स्टार एनर्जी रेटिंग में उपलब्ध है और स्मार्ट एसी पर विशेष फोकस किया गया है। कंपनी के बिजनेस हेड - एप्लायंसेज बिजनेस कमल नंदी ने कहाकि एसी उद्योग के लिए एक चुनौतीपूर्ण वर्ष होने के बावजूद, जिसमें कुल बिक्री में गिरावट देखी गई, गोदरेज एसी ने महत्वपूर्ण वृद्धि हासिल की है।

### न्युईन ग्रीन एनर्जी को मिला 10 केटीपीए ग्रीन हाइड्रोजन आपूर्ति का अनुबंध

**नई दिल्ली ।** न्युईन ग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड को नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड को प्रति वर्ष 10,000 टन (10 केटीपीए) ग्रीन हाइड्रोजन की आपूर्ति के लिए एक महत्वपूर्ण अनुबंध प्राप्त हुआ है। इस अनुबंध के तहत, न्युईन असम स्थित एनआरएल की रिफाइनरी परिसर में एक ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन संयंत्र विकसित करेगा, जिसे दीर्घकालिक ऑफटेक व्यवस्था का समर्थन प्राप्त होगा। इस परियोजना के 2028 में वाणिज्यिक संचालन प्रारंभ करने की उम्मीद है। परियोजना में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को उन्नत भंडारण (स्टोरेज) समाधानों के साथ एकीकृत किया जाएगा।

नियम 92 (1) (क) (ii)
**ई–निविदा आमंत्रण सूचना का प्रारूप**
मध्यप्रदेश शासन,
नगर पालिक निगम, ग्वालियर
दिनांक : 26/03/2026

जनसंपर्क RO क्रमांक 197 **//निविदा सूचना//** दिनांक : 26/03/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://gmc.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र. | कार्य का नाम | कार्य की लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_493551_1 | महापौर निधि, वार्ड क्र. 56, आर.सी.सी. नाला पटाव पारस विहार, न्यू पारस विहार, बजरंग नगर, आमखो एवं विजय नगर | 1,86,01,563/- | 12500/- 99303/- | 27.04.2026 |

नोटः निविदा सम्बंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन लाईन http://gmc.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर निगम, ग्वालियर

## चिंतन

# परिस्थितियां कठिन लेकिन भरोसा रखें

वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर भारत पर भी देखने को मिल रहा है, खासकर पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों और सप्लाई चेन पर। हालांकि, हालात चुनौतीपूर्ण जरूर हैं, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि यह सरकार पर भरोसा रखने का समय है। सबसे पहले यह स्पष्ट कर देना जरूरी है कि देश में पेट्रोल, डीजल या गैस की कोई कमी नहीं है। सरकार और संबंधित मंत्रालयों ने बार-बार यह आश्वासन दिया है कि सभी रिफाइनरी 100 प्रतिशत क्षमता से काम कर रही हैं और सप्लाई चेन को सुचारू बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। एलपीजी के उत्पादन में 40 प्रतिशत तक की वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि सरकार स्थिति को संभालने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। हाल के दिनों में कुछ अफवाहों के चलते पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें देखी गईं, जिससे लोगों में अनावश्यक भय का माहौल बना, लेकिन यह समझना जरूरी है कि ऐसी अफवाहें ही असली समस्या को बढ़ाती हैं। जब लोग जरूरत से ज्यादा ईंधन या गैस खरीदने लगते हैं तो सप्लाई पर दबाव बढ़ता है और अस्थायी संकट पैदा हो सकता है। इसलिए नागरिकों की जिम्मेदारी है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कोरोना काल के संदर्भ में दी गई टिप्पणी को भी कुछ लोगों ने गलत तरीके से प्रस्तुत किया। उनका उद्देश्य केवल यह बताना था कि उस समय लॉकडाउन एक विशेष परिस्थिति में लगाया गया था, जबकि वर्तमान हालात उससे अलग हैं। सरकार ने साफ कर दिया है कि देश में लॉकडाउन लगाने की कोई योजना नहीं है। केंद्रीय मंत्रियों ने भी इस बात की पुष्टि की है, जिससे स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो जाती है। कोरोना काल में लोग एक-दूसरे के संपर्क में न आएं, इसलिए लॉकडाउन लगाया गया था। अब ऐसे हालात नहीं हैं, इसलिए लॉकडाउन नहीं होगा। परिस्थितियां भले ही कठिन हों, लेकिन लोग घबराएं नहीं, पैनिक न हों, सरकार पर भरोसा रखें। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। जहां पहले यह लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल थी, वहीं अब 110 डॉलर के पार पहुंच चुकी है। इसका सीधा असर तेल कंपनियों पर पड़ा है, जिन्हें प्रति लीटर 30 रुपये तक का नुकसान उठाना पड़ रहा था। ऐसे में कीमतें बढ़ना तय माना जा रहा था, लेकिन सरकार ने एक्साइज ड्यूटी में कटौती कर जनता को राहत दी है। पेट्रोल और डीजल पर 10-10 रुपये की कटौती से कीमतों को स्थिर रखने में मदद मिली है। शुरुआत में कमर्शियल उपयोग के लिए सप्लाई कम की गई थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर लगभग 70 प्रतिशत तक कर दिया गया है। भारत की कूटनीति भी इस कठिन समय में एक मजबूत स्तंभ के रूप में सामने आई है। रूस, अमेरिका, ईरान और अर्जेंटीना जैसे देशों के साथ संवाद स्थापित कर भारत ने अपनी ऊर्जा जरूरतों को संतुलित किया है। यह दिखाता है कि देश केवल आंतरिक स्तर पर ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी सक्रिय और सक्षम है। इन सभी प्रयासों के बावजूद यह मानना होगा कि परिस्थितियां पूरी तरह आसान नहीं हैं। वैश्विक संकट का प्रभाव किसी न किसी रूप में पड़ता ही है, लेकिन ऐसे समय में सबसे महत्वपूर्ण है जनता का धैर्य और सरकार पर विश्वास। परिस्थितियां भले ही कठिन हों, लेकिन विश्वास और संयम से हर चुनौती को पार किया जा सकता है।



मुद्दा
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# इच्छा मृत्यु की जीत से उपजे सवाल

**दुनिया के विभिन्न देशों में इच्छा-मृत्यु पर अलग-अलग बहस है। कई देशों ने इसे मान्यता भी दी है, लेकिन भारत में इसकी स्वीकृति विशेष परिस्थिति में ही मिलती है। अब जब हरीश राणा के बहाने इच्छा मृत्यु एक बार भारत में जीत गई है तो भारत को पुन: सोचना होगा कि कैसे हम आने वाले समय में ऐसे आवेदकों से निपटेंगे। यह सोचना होगा कि हम किस स्तर पर इच्छा मृत्यु को स्वीकृति दें। न्यायालय और सामाजिक न्याय के बीच जीवन व गरिमा का यह युद्ध अब नया रूप न ले ले और हम भारत के लोग कहीं लक्षित न होने लगें, इस पर भी विचार करना होगा। यह विचार भी ज़रूरी है कि मानवाधिकारों की बहस में इच्छा-मृत्यु कहीं सभ्यता पर ही न सवाल करने लगे।**

दिल्ली में 2014 से जीवन व मृत्यु की जंग लड़ रहे हरीश हार गए और इच्छा-मृत्यु जीत गई। इस जीत ने मानवाधिकार को हरा दिया। दुनिया के विभिन्न देशों में इच्छा-मृत्यु पर अलग-अलग बहस है। कई देशों ने इसे मान्यता भी दी है, लेकिन भारत में इसकी स्वीकृति विशेष परिस्थिति में ही मिलती है। गीता के अनुसार, जातस्य ही ध्रुवो मृत्युः ध्रुव जन्म मृतस्य च। जिसका तात्पर्य है कि जन्म के बाद मृत्यु है, मृत्यु के बाद नया जन्म ध्रुव सत्य है। इसलिए जन्म और मृत्यु के सौंदर्य को भारतीय मानस उत्सव का स्वरूप प्रदान करता है। भारतीय मानस की कल्पना है कि जीवन आनंदमय है और मृत्यु भी आनंदोत्सव के रूप में वरेण्य है। जैन, बौद्ध, हिन्दू और लगभग सभी धर्मों ने कुछ न कुछ इस प्रकार की चर्चा अपने धर्मशास्त्रों में की। किंतु फिर भी जन्म तो उत्सव के रूप में खूब स्वीकार्य रहा। मृत्यु शोक, जीवन-इच्छा से विरक्ति एवं अवसाद के रूप में ही ज्यादा समझी गई। अपनों के जाने का शोक, अपनों से बिछुड़ने का शोक और फिर कभी न मिल पाने का शोक इतना जल्दी स्वीकार नहीं हो पाता और न ही इसे कोई उत्सव के रूप में मनाता है।

बहुत पहले की बात है, मेरे नाना के पिता 140 वर्ष के हो गए थे। तीन पेंशन उन्हें मिलती थी। हर महीने आईबी के लोग यह पता करने आते थे कि यह पेंशन कोई और तो नहीं ले रहा है। लेकिन हर महीने वे ज़िंदा मिल जाते थे तो जांच अधिकारी कुछ भी कहे बगैर चले जाते थे। मेरे नानाजी की मृत्यु भी 115 वर्ष में हुई। उनके पिताजी की मृत्यु हो ही नहीं रही थी तो पण्डितों से पूछा गया कि उनकी मृत्यु कैसे होगी। शरीर बूढ़ा और कमजोर हो गया था, लेकिन मृत्यु नहीं हो रही थी। मुझे बताया गया कि पंडितों ने कहा कि इनकी मृत्यु यहां होगी ही नहीं। यदि इन्हें ज़िंदा बनारस ले जाया जाए तो काशी में कुछ समय बाद इनकी मृत्यु हो सकती है। कहते हैं कि उन्हें जीते जी उत्सव के साथ गाजा-बाजा के साथ हाथी के जुलूस के साथ ज़िंदा कफन सहित बड़ी तादात में लोग हज़ारों लोग काशी के लिए बिदा करके आए और वहां सवा महीने रहने के बाद उनकी मृत्यु हुई। अखबारों में उनकी मृत्यु के विषय में लिखा गया। लोग कहते हैं कि मृत्यु आए तो इतनी जल्दी से आ जाए। न आए तो वर्षों की प्रतीक्षा। कौमा में पड़े व्यक्ति के जीवन का भी क्या? ज़िंदा लाश, जी भी रहा है तो उससे परिवार, सगे-संबंधियों को केवल रोज मरना व जीना पड़ता है।

अपनी सुध खोया हुआ, मृत-प्राय मनुष्य को तो कुछ पता भी नहीं होता। मृत्यु के नखरे के साथ जूझते लोग और उनके परिजन और डॉक्टर ऐसी स्थितियों में अनिर्णीत स्थितियों में जीने को विवश होते हैं। निर्णय क्षमता की परीक्षा बहुत ही कठोर होती है। ऐसी ही कुछ स्थितियां तेरह वर्ष से अधिक समय से कोमा में पड़े हरीश राणा और उसके परिवार व चिकित्सकों की थी। अब हरीश नहीं हैं। प्रेक्षक यह स्वीकार कर रहे हैं कि परिजन व चिकित्सक को बहुत बड़ी राहत मिली है अब और सबसे अधिक राहत उस दिवंगत आत्मा को मिली होगी जो इतने लंबे समय से एक शरीर में कुछ कैद, कुछ उलझी हुई थी। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय ने भारतीय



बहस, चिंतन के पुराने निर्णय को ही स्वीकार किया है। संविधान ने व्यावहारिक रूप से यह सुविधा अब दी है, जबकि शास्त्रों ने पहले से ही ऐसी स्वीकृति दी थी। जीवन की परीक्षा किसी शरीर के लिए नरक न बन जाए, और मृत्यु एक कहानी न बन जाए, इसके लिए भारत वर्ष में बहुत पहले से ही विचार होते रहे हैं।

इच्छा-मृत्यु फिर भी सहजता से स्वीकारी नहीं जा सकती। यह हरीश व उनके परिजनों का संघर्ष बताता है। नीदरलैंड ने 2002 में सबसे पहले इच्छा-मृत्यु को मान्यता दी थी। विश्व का प्रथम ऐसा प्रावधान करने वाला नीदरलैंड, जिसने दुनिया में नई बहस को छेड़ दिया था। बेल्जियम में कुछ मानसिक अवसाद में जीने वाले लोग जब इच्छा मृत्यु मांगने लगे तो बेल्जियम ने भी प्रावधान कर दिया, लेकिन उसकी शर्त यह थी कि हम इच्छा मृत्यु को लीगल रूप से प्राप्त करने के पक्ष में हैं। अगर इस तरह की गतिविधियों में यदि किसी की संलिप्तता पाई गई तो तीन साल तक कि सजा भी होगी। फिर ऐसी मान्यताएं ऑस्ट्रिया, कोलंबिया, स्विट्जरलैंड और दूसरे कई देशों में मिलीं। लक्जमबर्ग, अमेरिका व जर्मनी में भी ऐसी अनेक इच्छा मृत्यु के लिए कोशिशों ने अपनी कानूनी मान्यता प्राप्त कर लीं। यह मान्यताएं भी पूरे विश्व में अपना असर दिखाने लगी हैं। भारी संख्या में विश्व भर में इच्छा-मृत्यु के लिए मिले आवेदन हैरान कर देने वाले हैं। अब दुनिया में अवसाद बढ़ रहे हैं।

भूख और गरीबी भी है। शरणार्थियों के अपने घर नहीं हैं और न ही उनकी नागरिकता। ऐसे में वे भी अपने जीवन से तंग आकर यदि इच्छा मृत्यु की मांग करने लगे तो क्या होगा? भारत में जिन बुजुर्गों की सेवा करने वाले नहीं होते। जिन्हें अपने बच्चे किसी आश्रम में छोड़ जाते हैं या अपमानजनक स्थिति में पहुंचा देते हैं, उनके मन व मस्तिष्क में बरबस आता है, ऐसा कि हे भगवान! हमें उठा लो। सोचिए अगर वे अपने जीवन से मुक्ति की मांग आवेदन देकर करने लगेंगे तो क्या होगा? भारत में सर्वोच्च न्यायालय ने जिस पैसिव यूथेनेसिया को मान्यता दी है उससे जीवन व मृत्यु से जूझते लोगों व उनके परिजनों को कितनी राहत मिली, पता नहीं लेकिन भारत भी इसके लिए राजी हो ही गया और थोड़ा अलग तरह से राजी हुआ। माना कि यह वैज्ञानिक युग है। साइंटिफिक आविष्कारों ने जीवन को दीर्घजीवी बना दिया है। कृत्रिम ढंग से जीने की भी सुविधाएं बढ़ती जा रही हैं। हमारा जीवन गरिमामय हो, अर्थपूर्ण हो। मृत्यु भी गरिमामय मनुष्य चाहता है लेकिन मृत्यु का पैमाना कहीं अनेक जीवन को खो देने से न निर्धारित होने लगे, इसके लिए इच्छा मृत्यु पर खुली छूट भी तो नहीं दी जा सकती। हम जीवन से खेलने के आदी न हो जाएं, इसके लिए भी यह छूट नहीं दी जा सकती।

जैन धर्म में भी कुछ प्रथाओं पर इस वजह से प्रश्न खड़ा किया जाता रहा है। दूसरे धर्मों में भी ऐसी चीजें जो अपना आकार ले रही थीं, उन पर समय-समय पर चिंता व्यक्त की जाती रही है। अब जब हरीश राणा के बहाने इच्छा मृत्यु एक बार भारत में जीत गई है तो भारत को पुनः सोचना होगा कि कैसे हम आने वाले समय में ऐसे आवेदकों से निपटेंगे। यह सोचना होगा कि हम किस स्तर पर इच्छा मृत्यु को स्वीकृति दें। न्यायालय और सामाजिक न्याय के बीच जीवन व गरिमा का यह युद्ध अब नया रूप न ले ले और हम भारत के लोग कहीं लक्षित न होने लगें, इस पर भी विचार करना होगा। यह विचार भी ज़रूरी है कि मानवाधिकारों की बहस में इच्छा-मृत्यु कहीं सभ्यता पर ही न सवाल करने लगे।

(लेखक सीयूपी बठिंडा में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

संसाधन
बलकार सिंह पूनिया



# ऊर्जा संकट और गांवों की ओर लौटता समाधान

वर्तमान ऊर्जा संकट केवल ईंधन की उपलब्धता का प्रश्न नहीं है, बल्कि यह हमारे विकास मॉडल की बुनियादी कमजोरियों को उजागर करता है। लंबे समय से अपनाया गया शहर-केंद्रित विकास ढांचा सुविधाओं और उपभोग पर आधारित रहा है, जिसने जीवन को आधुनिक तो बनाया, परंतु उसे बाहरी संसाधनों पर अत्यधिक निर्भर भी कर दिया। परिणामस्वरूप, गैस, बिजली या अन्य ऊर्जा स्रोतों में थोड़ी-सी बाधा भी शहरी जीवन को असंतुलित कर देती है। रसोई से लेकर परिवहन और दैनिक आवश्यकताओं तक सबकुछ प्रभावित हो जाता है। यह स्थिति स्पष्ट करती है कि आधुनिक शहरी व्यवस्था जितनी आकर्षक है, उतनी ही संवेदनशील और अस्थिर भी है। इसके विपरीत, भारतीय गांवों की जीवन-शैली आज भी आत्मनिर्भरता, स्थानीय संसाधनों और सामुदायिक सहयोग पर आधारित है। गांवों में व्यक्ति केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि उत्पादन प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार होता है। यही कारण है कि संकट के समय गांव अधिक लचीले और टिकाऊ साबित होते हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान बड़े पैमाने पर हुआ पलायन इस सत्य का प्रमाण है कि जब शहरों की सीमाएं सामने आती हैं, तब गांव ही सुरक्षा और स्थिरता का आधार बनते हैं।

ऊर्जा के संदर्भ में यदि देखा जाए तो गांवों के पास अनेक ऐसे विकल्प हैं, जो उन्हें आत्मनिर्भर बना सकते हैं। बायोगैस इसका सबसे सशक्त उदाहरण है। पशुओं के गोबर, कृषि अवशेष और जैविक कचरे से तैयार की जाने वाली यह ऊर्जा न केवल स्वच्छ और सस्ती है, बल्कि पर्यावरण के अनुकूल भी है। बायोगैस संयंत्रों के माध्यम से गांव अपनी ऊर्जा जरूरतों को स्थानीय स्तर पर पूरा कर सकते हैं, जिससे एलपीजी जैसी बाहरी निर्भरता में कमी आती है। इसके अतिरिक्त, इस प्रक्रिया से प्राप्त जैविक खाद मिट्टी की उर्वरता बढ़ाती है और रासायनिक उर्वरकों पर होने वाले खर्च को कम करती है। इस प्रकार बायोगैस केवल ऊर्जा का स्रोत नहीं, बल्कि एक समग्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार बन सकती है। इसी प्रकार सौर ऊर्जा भी ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक महत्वपूर्ण संभावना प्रस्तुत करती है। भारत की भौगोलिक स्थिति सौर ऊर्जा के लिए अत्यंत अनुकूल है। यदि गांवों में सोलर पैनल, सोलर पंप और माइक्रो-ग्रिड जैसी व्यवस्थाओं को बढ़ावा दिया जाए तो न केवल ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, बल्कि एक विकेंद्रीकृत और टिकाऊ ऊर्जा तंत्र भी विकसित हो सकेगा। यह मॉडल न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक होगा, बल्कि ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को भी मजबूत करेगा। फिर भी, समस्या केवल तकनीकी समाधान की नहीं है, बल्कि नीतिगत दृष्टिकोण की भी है। अब तक की विकास नीतियों में गांवों को अपेक्षित प्राथमिकता नहीं मिली, जिसके कारण स्थानीय संसाधनों और पारंपरिक ज्ञान की उपेक्षा हुई है।

आवश्यकता इस बात की है कि विकास की दिशा को पुनः परिभाषित किया जाए और गांवों को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास के केंद्र के रूप में स्वीकार किया जाए। इसके लिए पंचायतों, स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाना होगा, ताकि वे ऊर्जा उत्पादन और प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभा सकें। विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं की भूमिका इस परिवर्तन में अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकती है। वे घरेलू संसाधनों के प्रबंधन की धुरी होती हैं और यदि उन्हें बायोगैस, सौर ऊर्जा और अन्य तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाए, तो वे न केवल परिवार की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा कर सकती हैं, बल्कि "ऊर्जा उद्यमी" के रूप में उभरकर अतिरिक्त आय और रोजगार के अवसर भी सृजित कर सकती हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। अंततः यह स्पष्ट है कि ऊर्जा संकट का समाधान केवल आयात बढ़ाने या सब्सिडी देने में नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम उठाने में निहित है। इसके लिए आवश्यक है कि स्थानीय संसाधनों का अधिकतम उपयोग किया जाए, विकेंद्रीकृत ऊर्जा मॉडल को अपनाया जाए और पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ा जाए।

आज समय की मांग है कि "गांवों की ओर लौटने" की अवधारणा को केवल भावनात्मक अपील न समझा जाए, बल्कि इसे एक व्यावहारिक और दूरदर्शी रणनीति के रूप में अपनाया जाए। क्योंकि एक आत्मनिर्भर, संतुलित और संकट-प्रतिरोधी भारत का निर्माण तभी संभव है, जब गांवों की शक्ति, उनकी आत्मनिर्भरता और उनके संसाधन-आधारित जीवन मॉडल को विकास की मुख्यधारा में स्थान दिया जाए।

(लेखक इग्नू नई दिल्ली में सहायक प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# आनंदमय कोष की प्राप्ति



संकलित
दर्शन

अन्नमय कोष, प्राणमय कोष, मनोमय कोष, विज्ञानमय कोष के पश्चात प्रवेश होता है आनंदमय कोष में। अन्न से उत्पन्न यह शरीर त्वचा, मांस, चर्म और रुधिर युक्त है। यह आत्मा नहीं है। प्राणमय कोष भी आत्मा नहीं, क्योंकि प्राण वायु के रूप में शरीर में आता-जाता है। मनोमय कोष व्यक्ति को विषयों में आसक्त करता है और आत्मभाव में स्थित नहीं होने देता है, इसलिए यह भी आत्मा नहीं है। जागृति, स्वप्न, सुषुप्ति, सुख-दुख, जन्म-मरण, लाभ-हानि विज्ञानमय कोष में रहते हैं, इसलिए यह भी आत्मारूप आनंदमय कोष नहीं हो सकता है। श्रीरामचरितमानस में मात्र श्रीभरत इन कोषों का उपादान रूप में उपयोग करते हुए भी आनंदमय कोष हैं, जिनका राम से सर्वथा ऐक्य है। सारा संसार भरत की इस महत भूमिका के कारण ही दीपावली का प्रकाश पर्व मनाता है।दीपावली सनातन संस्कृति का सर्वाधिक महत्वपूर्ण त्योहार है। पूरा कार्तिक माह घरों तथा व्यापारिक संस्थानों की स्वच्छता व सजावट में लग जाता है। दीपावली के इस दृष्ट बाह्य और लौकिक रूप में कौन-सा आंतरिक तत्व छिपा है, जिसे जानने के पश्चात दीपावली हमें हमारे मूल वैदिक परंपराओं की नींव से जोड़ देती है। श्रीरामचरितमानस में भक्ति के सोपानों का वर्णन अरण्यकांड में है, जिसका विश्लेषण भगवान श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण की जिज्ञासा-समाधान में करते हैं। उसी तरह ज्ञान प्राप्ति के सोपानों का वर्णन मानस के अंतिम उत्तरकांड में काकभुशुंडि जी गरुड़ जी के समक्ष करते हैं।


# संस्कार क्या है?



संकलित
प्रेरणा

एक राजा के पास सुन्दर घोड़ी थी। कई बार युद्ध में इस घोड़ी ने राजा के प्राण बचाये और घोड़ी राजा के लिए पूरी वफादार थी। कुछ दिनों के बाद इस घोड़ी ने एक बच्चे को जन्म दिया, बच्चा काना पैदा हुआ, पर शरीर हष्ट पुष्ट व सुडौल था। बच्चा बड़ा हुआ, बच्चे ने माँ से पूछाः माँ मैं बहुत बलवान हूँ, पर काना हूँ, यह कैसे हो गया? इस पर घोड़ी बोलीः बेटा जब में गर्भवती थी, तू पेट में था तब राजा ने मेरे ऊपर सवारी करते समय मुझे एक कोड़ा मार दिया, जिसके कारण तू काना हो गया। यह बात सुनकर बच्चे को राजा पर गुस्सा आया और माँ से बोलाः माँ मैं इसका बदला लूंगा। माँ ने कहा राजा ने हमारा पालन-पोषण किया है, तू जो स्वस्थ है, सुन्दर है, उसी के पोषण से तो है, यदि राजा को एक बार गुस्सा आ गया तो इसका अर्थ यह नहीं है कि हम उसे क्षति पहुंचाये, पर उस बच्चे के समझ में कुछ नहीं आया, उसने मन ही मन राजा से बदला लेने की सोच ली। *एक दिन यह मौका घोड़े को मिल गया राजा उसे युद्ध पर ले गया। युद्ध लड़ते-लड़ते राजा एक जगह घायल हो गया, घोड़ा उसे तुरन्त उठाकर वापस महल ले आया।* इस पर घोड़े को ताज्जुब हुआ और माँ से पूछाः माँ आज राजा से बदला लेने का अच्छा मौका था, पर युद्ध के मैदान में बदला लेने का ख्याल ही नहीं आया और न ही ले पाया, मन ने गवारा नहीं किया। इस पर घोडी हंस कर बोलीः बेटा तेरे खून में और तेरे संस्कार में धोखा है ही नहीं, तू जानकर तो धोखा दे ही नहीं सकता है। तुझ से नमक हरामी हो नहीं सकती, क्योंकि तेरी नस्ल में तेरी माँ का ही तो अंश है।

## सटाका




## आज की पाती

### बातचीत से सुलझाएं अमेरिका-ईरान युद्ध

अनिश्चित भविष्य वाला युद्ध केवल सीमाओं की लड़ाई नहीं होता, बल्कि यह राजनीति, अर्थव्यवस्था, कूटनीति और मानवता, सभी को गहराई से प्रभावित करता है। अमरीका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव केवल दो देशों का द्विपक्षीय विवाद नहीं रह गया है, बल्कि यह वैश्विक भू-राजनीति, ऊर्जा सुरक्षा और कूटनीतिक तंत्र की विफलता का एक जटिल उदाहरण बन चुका है। युद्धविराम के प्रस्ताव पर जिस तरह दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के प्रति अविश्वास दिखाया, उससे स्पष्ट है कि संवाद की बुनियाद ही कमजोर है। अमरीका द्वारा प्रस्तुत 15 सूत्रीय प्रस्ताव को ईरान ने खारिज करते हुए अपनी शर्तें सामने रख दीं, जो यह संकेत देता है कि दोनों देशों के बीच कोई प्रभावी बैक-चैनल वार्ता नहीं चल रही है। पूरे विश्व के हित में यही है कि इस मसले को बातचीत के जरिए सुलझाया जाए।

\- **रमन नासा**, हिसार



## ट्रेंड

### नोएडा हवाई अड्डा



28 मार्च उत्तर प्रदेश और एनसीआर के लोगों के लिए महत्वपूर्ण दिन है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन होगा। इससे व्यापार और कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा। नोएडा हवाई अड्डा हमारे देश की प्रमुख हरित परियोजनाओं में से एक है।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### कांग्रेस की भावना



कांग्रेस की जिस प्रकार की नकारात्मक भावना है, संसद उसका संस्थान नहीं है। कांग्रेस पार्टी को स्ट्रक्चर के साथ चर्चा करना पसंद नहीं है; हो-हल्ला करना और हुड़दंग मचाना ही उसकी परंपरा रही है।

**- धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षामंत्री**

### सरकार की नाकामी



वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को 4 घंटे की प्रोपेगंडा पिक्चर देखने भेजने से अच्छा था कि उन्हें पेट्रोल पंपों पर भेजते। नाकाम भाजपा सरकार ने बेचारे सिपाहियों को जनता के गुस्से का सामना करने के लिए अकेला छोड़ दिया है।

**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### आमजन को राहत




वैश्विक स्तर पर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे अधिकांश देशों में आम जनता पर बोझ बढ़ा है। ऐसे समय में भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल है जहां सरकार ने करों में कटौती कर आम लोगों को राहत देने का कार्य किया है।

**-अनुराग ठाकुर, सांसद, भाजपा**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# अमेरिकी डॉलर पर जल्द दिखाई देंगे ट्रंप के हस्ताक्षर




अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्ताक्षर जल्द ही अमेरिकी मुद्रा (डॉलर) पर दिखाई देंगे और यह 1861 में डॉलर की शुरुआत के बाद से पहली बार होगा जब किसी मौजूदा राष्ट्रपति के हस्ताक्षर मुद्रा पर अंकित किए जाएंगे। अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने यह निर्णय ऐसे वक्त लिया है जब अमेरिका इस वर्ष देश की स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ का जश्न मना रहा है। अमेरिकी वित्त मंत्रालय के अधिकारी ब्रैंडन बीच ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा ''अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ पर राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप के हस्ताक्षर वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के हस्ताक्षर के साथ जल्द ही अमेरिकी मुद्रा पर दिखाई देंगे। ऐसा इतिहास में पहली बार होगा और यह राष्ट्रपति के नेतृत्व एवं हमारे महान राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण का प्रतीक है। इस महीने की शुरुआत में, एक संघीय कला आयोग ने अमेरिकी स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ पर ट्रंप की छवि वाले 24 कैरेट सोने के स्मारक सिक्के के अंतिम डिजाइन को मंजूरी दी थी। बेसेंट ने एक बयान में कहा, ''राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में, हम अभूतपूर्व आर्थिक विकास, डॉलर के स्थायी प्रभुत्व और राजकोषीय मजबूती एवं स्थिरता की राह पर हैं।

## ऑफ बीट

# कसरत की थकान से उबरने में आइस बाथ लोकप्रिय

पिछले कुछ साल में 'आइस बाथ' का चलन तेजी से बढ़ा है। दुनिया भर में खुद को स्वस्थ रखने वाले और व्यायाम करने वाले लोग इसे अपना रहे हैं, हालांकि पहले केवल एथलीट ही इसका उपयोग करते थे। 'आइस बाथ' का मतलब बर्फ के छोटे-छोटे टुकड़ों से भरे पानी में नहाना है।



कसरत की थकान से उबरने के लिए 'आइस बाथ' 'आइस बाथ' लेने का मुख्य कारण मांसपेशियों में दर्द को कम करना और व्यायाम के बाद थकान से उबरना है। धावक, भारोत्तोलक और फुटबॉल खिलाड़ी सहित एथलीट आमतौर पर 'आइस बाथ' का उपयोग करते हैं। इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि 'आइस बाथ' लेने से कसरत के बाद होने वाली थकान को दूर किया जा सकता है। शोध से पता चला है कि गहन व्यायाम के तुरंत बाद 'आइस बाथ' लेने से अगले कुछ घंटे और दिनों में मांसपेशियों का दर्द कम हो सकता है। 'आइस बाथ' से मांसपेशियों की ताकत, मजबूती और लचीलेपन जैसी चीजों में मदद मिल सकती है। 'आइस बाथ' से व्यायाम के बाद होने वाली सूजन, मांसपेशियों की सूजन और मांसपेशियों की क्षति जैसी चीजों में सुधार हो सकता है। अगर आप ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें लगातार कई दिन तक तीव्र व्यायाम करना पड़ता है तो आपके लिए 'आइस बाथ' एक अच्छा विकल्प हो सकता है, लेकिन अगर आप एक एथलीट हैं तब भी हमेशा 'आइस बाथ' नहीं लेना चाहिए।






सीएम ममता बेनर्जी के आपत्तिजनक वीडियो मामले में कड़ा एक्शन

# पुलिस ने दर्ज की एफआईआर, बीएनएस और आईटी अधिनियम के तहत की जा रही है जांच

शिकायत में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर कई वीडियो प्रसारित हुए हैं, जिनमें सीएम के खिलाफ आपत्तिजनक और विवादित टिप्पणियां की गई हैं। आरोप है कि इन वीडियो को जानबूझकर प्रसारित किया गया, जिससे उनकी छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी के खिलाफ कथित तौर पर अश्लील और अपमानजनक वीडियो प्रसारित किए जाने के मामले में कोलकाता के शेक्सपियर सरणी थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई की है। शिकायत में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर कई वीडियो प्रसारित हुए हैं, जिनमें सीएम के खिलाफ आपत्तिजनक और विवादित टिप्पणियां की गई हैं। आरोप है कि इन वीडियो को जानबूझकर प्रसारित किया गया, जिससे उनकी छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई। एफआईआर में यह भी उल्लेख किया गया है कि वीडियो में की गई टिप्पणियां न केवल अश्लील और अपमानजनक हैं, बल्कि इससे सांप्रदायिक तनाव और हिंसा भड़कने की भी आशंका है। मामले में भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत कुल 16 धाराएं लगाई गई हैं। हालांकि, किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और वीडियो के स्रोत तथा प्रसार की कड़ी तलाश कर रही है।

वीडियो से छवि खराब करने और तनाव भड़काने का आरोप


पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी

ममता का भाजपा पर हमला

## यह चुनाव कौरवों के साथ पांडव की लड़ाई

सीएम बेनर्जी ने बर्द्धमान के पांडवेश्वर और बीरभूम जिले के दुबराजुर में दो चुनावी सभाओं को संबोधित किया। ममता ने भाजपा और चुनाव आयोग पर जमकर शब्दबाण चलाए। उन्होंने टीएमसी को पांडव व भाजपा को कौरव बताया। सीएम ने कहा कि मेरे हाथ से सब पावर छीन लिया है, भाजपा की जो इच्छा हो रही है, वह कर रही है। इस जगह का नाम पांडवेश्वर है, जो कि पांडवों से जुड़ा हुआ स्थान है। यह चुनाव भी महाभारत की ही तरह कौरवों और पांडवों की लड़ाई है। वे लोग (भाजपा) खुद लूट करते हैं, झूठ बोलते हैं। मैं सीएम के रूप में वेतन भी नहीं लेती, किसी के पैसे की चाय नहीं पीती, फिर भी मुझे चोर कहते हैं।

## सत्ता में आने पर 2 लाख युवाओं को सरकारी नौकरीः हिमंता


चुनावी रैली में असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा

असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने बिहपुरिया में एक रैली में अपने अगले कार्यकाल में युवाओं के लिए 2 लाख सरकारी नौकरियों का वादा किया, जबकि 10 लाख युवाओं को उद्यम के लिए 2 लाख रुपए प्रति व्यक्ति की सहायता प्रदान की जाएगी। सरमा ने कहा कि अगली सरकार बनने पर वह शिक्षा को मुफ्त कर देगी। रंगनाडी में सीएम शर्मा ने विपक्षी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए दावा किया कि पार्टी राज्य में कभी सत्ता में वापस नहीं आएगी। लखीमपुर जिले के ढाकुआखाना में उन्होंने कहा कि सत्ता में वापस आने पर उनकी सरकार राज्य में बांग्लादेशी 'मियां' समुदाय की कमर तोड़ देगी। सरकार एक मजबूत असमिया समाज के निर्माण के लिए काम करेगी और अवैध प्रवासी मूल निवासियों को चुनौती नहीं दे सकेंगे। हमने राज्य के मूल निवासियों के लिए बहुत मेहनत की है। जो लोग बांग्लादेश से आकर असम की जमीन और घरों पर अतिक्रमण कर रहे थे, हमने राजनीतिक रूप से उनके हाथ-पैर तोड़ दिए।

चुनाव प्रशिक्षण में 'ममता' का विरोध

## निर्वाचनकर्मी वाले शिक्षक का सिर फटा

नदिया जिले के राणाघाट में एक चुनावी प्रशिक्षण शिविर एक निर्वाचन कर्मी शिक्षक को जमकर पीटा गया। प्रशिक्षण लेने आए एक शिक्षक का सिर फटने और गंभीर चोटें आने के बाद सुरक्षा को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। घायल शिक्षक का आरोप है कि ट्रेनिंग के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर राज्य सरकार के प्रचार वीडियो और सीएम ममता बेनर्जी की तस्वीर दिखाई जा रही थी, जिसका विरोध करने पर उन्हें बेरहमी से पीटा गया।

## अन्नाद्रमुक ने 127 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की

तमिलनाडु में विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की, जिसमें कुछ विधायकों को बरकरार रखा गया है। इस सूची में कई पूर्व मंत्री और पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल हैं। ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) महासचिव के पलानीस्वामी ने 127 सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की।



केरल हाईकोर्ट का निर्वाचन आयोग को आदेश

## सांप्रदायिक टिप्पणी करने वाले के विरुद्ध याचिका पर करें 'विचार'

केरल उच्च न्यायालय ने निर्वाचन आयोग से सवाल किया कि जब कोई उम्मीदवार समुदाय, समाज और देश को नुकसान पहुंचाने वाली नफरती या सांप्रदायिक टिप्पणी करता है, तो क्या होता है। गुरुवायूर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार बी गोपालकृष्णन के एक चुनाव प्रचार वीडियो में कथित सांप्रदायिक टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ निर्वाचन आयोग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने का आरोप लगाया गया है। न्यायमूर्ति बी. कुरियन थॉमस ने निर्वाचन आयोग को यह निर्देश दिया कि वह याचिकाकर्ता के द्वारा 20 मार्च को उसे दिए गए अभ्यावेदन पर विचार करे और उपयुक्त आदेश पारित करे। अदालत ने निर्देश दिया कि आयोग द्वारा अभ्यावेदन प्राप्त होने की तिथि से दो महीने के भीतर उसका निपटारा किया जाए।

## 77 करोड़ मूल्य के सोने के आभूषण जब्त

निर्वाचन आयोग के उड़न दस्ते ने तमिलनाडु के चेन्नई शहर में वाहनों की जांच के दौरान 77.29 करोड़ रुपए मूल्य के सोने और चांदी के आभूषण जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार, ये आभूषण 26 मार्च की रात टी. नगर विधानसभा क्षेत्र के अशोक नगर इलाके में जब्त किए गए। निर्वाचन आयोग के उड़न दस्ते ने वाहनों की जांच के दौरान एक वाहन से लगभग 381 किलोग्राम सोने और चांदी के आभूषण बरामद किए।

केरल में थरूर का दावा

## भाजपा-माकपा का कोई समझौता कारगर नहीं होगा



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने दावा किया कि माकपा और भाजपा के बीच कथित तौर पर हुआ कोई भी समझौता चुनावों में काम नहीं आएगा, क्योंकि कांग्रेस का जनता के साथ समझौता है। थरूर ने कहा कि वाम दलों का लक्ष्य सत्ता में बने रहना है।

कांग्रेस का सीएम पिनराई पर तंज

## राहुल पर निशाना साध रहे, लेकिन पीएम मोदी पर 'चुप' बैठे



कांग्रेस नेता के.सी. वेणुगोपाल ने केरल के सीएम पिनराई विजयन राज्य में राहुल गांधी के प्रभाव से भयभीत हैं और वह पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोल रहे। उन्होंने कहा कि केरल की जनता राहुल गांधी से कितना प्रभावित है इसलिए वह उनसे घबराए हुए हैं।

खबर संक्षेप

### ट्रॉला से भिड़ा पिकअप वाहन, 8 की मौत



**कौशांबी।** प्रयागराज-कानपुर हाईवे पर सैनी क्षेत्र के डोरमा गांव के सामने पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार दोपहर भीषण सड़क हादसा हो गया। सड़क किनारे खड़े ट्राला में अनियंत्रित पिकअप भिड़ गया। इस हादसे में 8 की मौत हो गई। एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए।

### ईडी ने जब्त की 19.12 करोड़ की संपत्ति




**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय ने एनएसईएल केस में बड़ी कार्रवाई की है। 1860 की विभिन्न धाराओं के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। ईडी ने 19.12 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति को अस्थाई रूप से जब्त कर लिया गया है।

### सेल्फी लेते तुंगभद्रा नदी में 2 महिला सहित 4 डूबे



**कुरनूल।** आंध्र प्रदेश में कुरनूल जिले के कोसिगी में शुक्रवार को तुंगभद्रा नदी में दो महिलाओं सहित चार लोग डूब गए। येम्मिगनूर के उपमंडल पुलिस अधिकारी एन बरघावी ने बताया कि चारों एक शादी में शामिल होने आए थे और नदी में चले गए जहां वे डूब गए।

सरकार ने तेल और गैस की कमी को नकारा, संयुक्त सचिव शर्मा बोलीं

# एलपीजी उत्पादन 40 प्रतिशत बढ़ा, अफवाहों पर ध्यान न दें, जरूरत के हिसाब से खरीदें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि देश में लॉकडाउन की स्थिति नहीं है। सभी रिफाइनरी 100 फीसदी क्षमता से काम कर रही हैं। देश में एलपीजी उत्पादन 40 प्रतिशत बढ़ा है। उन्होंने कहा कि लोग अफवाहों पर ध्यान न दें, जितनी जरूरत हो उतना ही खरीदें। वहीं, सरकार ने शुक्रवार को साफ किया है कि देश में लॉकडाउन नहीं लगेगा। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू समेत तीन मंत्रियों ने लॉकडाउन की खबरों को गलत बताया है।इधर, पेट्रोल पंपों और एलपीजी एजेंसियों पर लंबी कतारों की खबरों के बीच सरकार ने स्थिति स्पष्ट करते हुए किसी भी तरह की कमी से इनकार किया है। सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में करीब 60 दिनों का कच्चे तेल का भंडार उपलब्ध है और एक महीने की एलपीजी सप्लाई सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि देशभर के सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त स्टॉक है और कहीं भी पेट्रोल-डीजल की राशनिंग नहीं हो रही है। सरकारी तेल कंपनियों ने भी सप्लाई सामान्य रहने का दावा किया है। प्राकृतिक गैस का प्राथमिकता के आधार पर आवंटन जारी है।

सुजाता शर्मा ने कहा कि प्राकृतिक गैस का प्राथमिकता के आधार पर आवंटन जारी है, जिसमें घरेलू पीएनजी और सीएनजी परिवहन को 100 प्रतिशत आपूर्ति की जा रही है, जबकि ग्रिड से जुड़े औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को आपूर्ति औसत खपत के लगभग 80 प्रतिशत पर बनाए रखी जा रही है

देशभर के सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त स्टॉक

**48,000** किली केरोसिन का अतिरिक्त आवंटन किया


संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा

घर बैठे सरेंडर करें सिलेंडरः सचिव

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सचिव नीरज मित्तल ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं ने पाइपलाइन वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) का उपयोग शुरू कर दिया है, वे अब डीलर के पास जाए बिना और केवल अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर या एलपीजी आईडी का उपयोग करके घर बैठे ही अपना एलपीजी कनेक्शन सरेंडर कर सकते हैं। मंत्रालय ने पीएनजी उपयोगकर्ताओं के लिए अपने एलपीजी कनेक्शन को ऑनलाइन सरेंडर करना आसान बनाने के लिए एक नया डिजिटल प्लेटफॉर्म, 'मायपीएनजी-डी पोर्टल' लॉन्च किया है।

### स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में

रिजिजू ने भरोसा दिलाया कि भारत सरकार पूरी तरह स्थिति पर नियंत्रण में है। अब राज्य सरकारों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे सुनिश्चित करें कि कहीं भी गैस, पेट्रोल और डीजल की कमी न हो।

### लॉकडाउन बेबुनियाद

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मैं लोगों को भरोसा दिलाना चाहती हूं कि कोविड के दौरान जैसा लॉकडाउन हमने देखा, वैसा कोई लॉकडाउन नहीं होगा। कुछ नेता कह रहे हैं कि लॉकडाउन होगा और फ्यूल की कमी होगी। ये बेबुनियाद बातें हैं।

## केंद्र ने कमर्शियल एलपीजी आवंटन बढ़ाकर 70% किया

केंद्र सरकार ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के आवंटन का कोटा बढ़ाकर कुल मांग का 70 प्रतिशत कर दिया है, जो कि पहले 50 प्रतिशत था। इससे उन उद्योगों को राहत मिलेगी, जो कि बड़े स्तर पर अपने संचालन के लिए एलपीजी पर निर्भर है। 70% कोटे में इस्पात, ऑटोमोबाइल, वस्त्र, रंगाई, रसायन और प्लास्टिक जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी क्योंकि ये अन्य आवश्यक उद्योगों को भी सहयोग प्रदान करते हैं।



मंत्री रिजिजू का बड़ा बयान

## न लॉकडाउन लगेगा न ईंधन की कमी होगी

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने साफ किया कि देश में किसी भी तरह का लॉकडाउन नहीं लगाया जा रहा है और लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। साथ ही, उन्होंने राज्य सरकारों से अपील की कि वे जमाखोरी रोकें और ईंधन की सप्लाई को सुचारु बनाए रखें। एक्साइज ड्यूटी में कटौती के फैसले को राहत वाला कदम बताया।



## भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता हुई कमजोरः कांग्रेस

कांग्रेस ने पीएम मोदी पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि बीते एक दशक में भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता कमजोर हुई है। उन्होंने कहा कि 2014-15 से 2024-25 के बीच कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता 84% से बढ़कर 90% हो गई है, जबकि एलपीजी आयात 46% से बढ़कर 62% तक पहुंच गया है।



क्राइम की श्रेणी से बाहर हुए 'छोटे' अपराध

# लोकसभा में पेश हुआ जन विश्वास विधेयक, कारोबार होगा 'आसान'


वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद

79 केंद्रीय कानूनों के कुल 784 प्रावधानों में बदलाव प्रस्तावित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा में जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक, 2026 पेश किया। इसका मकसद छोटे-मोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करना और नियमों आसान बनाना है। इससे कारोबार करना आसान हो सकेगा। विधेयक को वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने पेश किया। इसमें चयन समिति की सिफारिशों को शामिल किया गया है। जितिन प्रसाद ने कहा कि इस विधेयक पर विस्तार से चर्चा की गई है। इसमें केवल छोटे अपराधों को ही अपराध की श्रेणी से हटाया जा रहा है।

### विधेयक भ्रष्टाचार को देगा बढ़ावा

कांग्रेस सांसद के. काव्या और जी.के. पडवी ने विधेयक पेश किए जाने का विरोध करते हुए कहा कि यह संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करता है। पडवी ने सरकार से विधेयक को प्रवर समिति के पास वापस भेजने या संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह एक प्रशासनिक चूक है। विधेयक मनमाना है और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है। इस पर पुनः विचार-विमर्श किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रवर समिति की रिपोर्ट में भी विधेयक के प्रावधानों को लेकर असहमति जताई गई है। पडवी ने कहा कि इसमें न्यायिक निगरानी की कमी है और यह संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 का हनन करता है।

### मार्च 2025 में पेश किया गया था विधेयक

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस बीच संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू से पूछा कि संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) में विधेयक भेजे जाने के बाद, क्या दोबारा उसे भेजा जा सकता है? रीजीजू ने कहा कि ऐसा आज तक नहीं हुआ और ऐसा नियम में भी नहीं है और उदाहरण भी नहीं है। इस विधेयक को 17 मार्च को चयन समिति की सिफारिशों को शामिल करने के लिए लोकसभा से वापस ले लिया गया था, ताकि इसे फिर से पेश किया जा सके। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 18 मार्च 2025 को यह विधेयक लोकसभा में पेश किया गया, जिसके बाद इसे चयन समिति को भेज दिया गया था। यह प्रक्रिया 2023 के जन विश्वास कानून की सफलता पर आधारित है, जिसमें कई कानूनों में छोटे अपराधों को खत्म किया गया था।

लोकसभा में केंद्रीय मंत्री नड्डा ने देश के किसानों को आश्वस्त किया

# देश में उर्वरक का पर्याप्त भंडार, घबराने की जरूरत नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने लोकसभा में कहा कि देश में उर्वरक का पर्याप्त भंडारण है और इसे लेकर अफरा-तफरी कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं सरकार की तरफ से देश की जनता को आश्वस्त करना चाहता हूं कि जहां तक उर्वरक का सवाल है तो सरकार ने इसकी पर्याप्त व्यवस्था कर रखी है। घबराने की कोई जरूरत नहीं है। सरकार पोषक तत्व-आधारित सब्सिडी योजना के तहत क्षमता विस्तार को प्रोत्साहित कर रही है।

## किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराएंगे

भारत के कई देशों के साथ दीर्घकालिक समझौते

यूरिया उत्पादन बढ़कर 315 लाख मीट्रिक टन


रसायन और उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा

उन्होंने कहा कि हमारे पास पर्याप्त भंडारण है और किसानों को जितनी खाद की जरूरत होगी, उपलब्ध कराई जाएगी। जॉर्डन, सऊदी अरब और कई अन्य देशों के साथ दीर्घकालिक समझौते कर रहे हैं। पिछले 10 साल में यूरिया का उत्पादन 230 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 315 लाख मीट्रिक टन हो गया है।

### हरित अमोनिया पर सरकार का जोर

नड्डा ने कहा कि उर्वरक कंपनियां 59.65 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) की संयुक्त वार्षिक क्षमता वाले नए डीएपी/ एनपीके संयंत्रों के साथ-साथ 44.21 एलएमटी की क्षमता वाले फॉस्फोरिक और सल्फ्यूरिक एसिड संयंत्र स्थापित कर रही हैं। 7.24 एलएमटी हरित अमोनिया की खरीद का प्रावधान किया है।

### कुशल उर्वरक उपयोग को बढ़ावा

नड्डा ने कहा कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) मिट्टी परीक्षण-आधारित संतुलित उर्वरक की सिफारिश करता है। यह केवल नाइट्रोजन पर अत्यधिक निर्भर रहने के बजाए एनपीके उर्वरकों के संतुलित उपयोग की ओर से पूरक है। धीमे-रिलीज उर्वरकों, नीम-कोटेड यूरिया जैसी प्रथाओं को प्रोत्साहित किया जाता है।

### किसानों को जागरूक कर रहे

आईसीएआर किसान प्रशिक्षण, प्रदर्शनों और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से क्षमता निर्माण में भी लगा हुआ है।

प्रियंका गांधी के पीए और कांग्रेस संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल घेरे में

# कांग्रेस नेताओं पर टिकट के बदले करोड़ों की ऐंठने के आरोप में 'एफआईआर' दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ टिकट दिलवाने के बदले करोड़ों की ऐंठने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। मामला हरियाणा विधानसभा की बावल सीट से जुड़ा है। हरियाणा में पूर्व महिला कांग्रेस महासचिव सुचित्रा देवी के पति गौरव कुमार ने 2024 के विधानसभा चुनाव में बावल विधानसभा सीट से टिकट के लिए कांग्रेस नेताओं को 7 करोड़ रुपए देने का आरोप लगाया। इस संबंध में नई दिल्ली जिले के नॉर्थ एवेन्यू थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बतौर सबूत वाट्सएप चैट व दस्तावेज सौंपे

नई दिल्ली के नॉर्थ एवेन्यू थाने में एफआईआर नंबर 0011/2026 दर्ज हुई है। इसमें प्रियंका गांधी के पीए साहब अहमद खान, कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, केसी वेणुगोपाल के पीए अंश अली और सांसद के. सुरेश का नाम शामिल है। यह मामला भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 61(2), 318(4) और 316(2) के तहत दर्ज किया गया है। गौरव का दावा है कि उन्होंने पत्नी को टिकट दिलाने के लिए करीब 7 करोड़ रुपए दिए थे। उनका आरोप है कि न तो उन्हें टिकट मिला और न ही उनके पैसे वापस किए जा रहे। उन्होंने सबूत के तौर पर वाट्सएप चैट और अन्य दस्तावेज दिल्ली पुलिस कमिश्नर को सौंपे हैं। सबूतों में बैंक स्टेटमेंट से लेकर ऑडियो रिकॉर्डिंग तक शामिल होने की बात सामने आई है। गौरव कुमार सोनीपत के कारोबारी हैं।


सुचित्रा देवी



आईआरजीसी ने अमेरिका व इजराइल के सहयोगी जहाजों को कड़े जवाब की धमकी दी

# दुश्मन देशों के जहाज को नहीं गुजरने देंगे आईआरजीसी ने बंद कर दिया 'होर्मुज स्ट्रेट'

*ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को बंद करने की सबसे बड़ी चेतावनी जारी की है, जिसमें आईआरजीसी ने घोषणा की है कि महत्वपूर्ण जलमार्ग बंद कर दिया गया है। चेतावनी दी गई है कि यहां से गुजरने वाले जहाजों को कड़े जवाब का सामना करना पड़ेगा*

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को लेकर अब तक की सबसे बड़ी चेतावनी जारी की है। आईआरजीसी ने घोषणा की है कि इस महत्वपूर्ण रणनीतिक जलमार्ग को बंद कर दिया गया है और चेतावनी दी है कि कोई भी जहाज जो यहां से गुजरने की कोशिश करेगा, उसे कड़े जवाब का सामना करना पड़ेगा। इस धमकी से खाड़ी क्षेत्र में तनाव काफी बढ़ गया है और दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक की सुरक्षा को लेकर नई आशंकाएं पैदा हो गई हैं, जिससे होकर वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है। इस चेतावनी के साथ ही, ईरान ने यह भी कहा कि वह उन देशों से जुड़े जहाजों पर प्रतिबंध का दायरा बढ़ाएगा जो अमेरिका और ईरान का समर्थन करते हैं।

## खतरनाक स्तर पर पहुंचा पश्चिम एशिया का संघर्ष

होर्मुज स्ट्रेट वैश्विक ऊर्जा व्यापार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बना हुआ है, जिससे हर दिन लाखों बैरल कच्चा तेल और एलएनजी का ट्रांसपोर्टेशन होता है। इसमें कोई भी लंबे समय तक चलने वाली रुकावट अंतरराष्ट्रीय शिपिंग ऊर्जा, ऊर्जा बाजारों और एशिया तथा यूरोप के ईंधन-आयात करने वाले देशों में भारी उथल-पुथल मचा सकती है। यह ताजा धमकी पश्चिम एशिया में पहले से ही अस्थिर सुरक्षा स्थिति के बीच आई है, जहां ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच सैन्य टकराव खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है।



## युद्धरत देशों में सेनाएं हांफी, नई भर्तियां करने की कवायद शुरु

### 10 हजार सैनिकों की भर्ती करेगा अमेरिका

ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल की जंग लगभग एक महीने बाद अब खत्म होने की ओर बढ़ रही है या अभी इसका और विकराल रूप लेना बाकी है? यह सवाल इसलिए उठ रहा है क्योंकि एक तरफ तो दोनों देश बैकचैनल से शांति वार्ता में लगे हुए हैं लेकिन सामने से दोनों की एक-दूसरे पर जुबानी जंग जारी है। इतना ही नहीं खबर यह है कि दोनों देश अपनी सैन्य तैयारियों को तेज करने में लगे हैं, ग्राउंड पर आमने-सामने की जंग के लिए सैनिक उतारने की तैयारी में हैं। अमेरिका जल्द 10 हजार सैनिकों को मिडिल ईस्ट भेज सकता है जबकि ईरान ने इस संदेह में 10 लाख नए फाइटर जमा कर लिए हैं कि कहीं अमेरिका उसकी जमीन पर सेना न उतार दे।

### 82वीं एयरबोर्न डिवीजन ईरान पहुंचेगा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मिडिल ईस्ट में 10,000 अतिरिक्त जमीनी सैनिक भेजने पर विचार कर रहे हैं। इसमें कहा गया है कि पेंटागन (रक्षा विभाग का हेडक्वाटर) की तरफ से यह संभावित तैनाती ट्रंप को अधिक सैन्य विकल्प देने के लिए है, भले ही वह तेहरान के साथ शांति वार्ता पर विचार कर रहे हों। इस फोर्स में संभवतः पैदल सेना और बख्तरबंद वाहन शामिल होंगे, और यह 5,000 अमेरिकी नौसैनिकों के अलावा होगा जो पहले से ही इस क्षेत्र में तैनात किए जा चुके हैं। इसके अलावा एलीट 82वीं एयरबोर्न डिवीजन के 1500 से 3000 सैनिकों के कुछ दिनों के भीतर मिडिल ईस्ट पहुंचने की उम्मीद है। यह स्पष्ट नहीं है कि सैनिकों को वास्तव में कहां तैनात किया जाएगा।

### ईरान ने भर्ती कर लिए 10 लाख नए सैनिक

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ईरान में युवा स्वयंसेवक (वॉलंटियर्स) बड़ी संख्या में सेना भर्ती केंद्रों पर पहुंच रहे हैं, क्योंकि ईरान अमेरिका के साथ संभावित जमीनी युद्ध के लिए 10 लाख से ज्यादा जमीनी लड़ाकों को तैयार कर रहा है। एक सैन्य स्रोत के हवाले से बताया कि इन बलों को जमा कर लिया गया है और वे युद्ध के लिए तैयार हैं। यह उस समय हो रहा है जब बसीज, इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) और सेना द्वारा चलाए जा रहे केंद्रों पर नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ गई है।

## खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ा, वैश्विक तेल आपूर्ति पर जबरदस्त असर

ईरान ने शुरू किया 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4 का 83वां चरण

### इजराइल के ठिकानों पर मिसाइलों की बारिश



पश्चिम एशिया की धरती एक बार फिर दहक उठी है। ईरान ने शुक्रवार तड़के भीषण हमले कर यह साफ कर दिया है कि वह पीछे हटने के मूड में नहीं है। ईरानी रिवोल्यूशनरी गाड्र्स (आईआरजीसी) ने 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4' के तहत 83वां चरण शुरू कर दिया है। इस बार ईरानी सेना ने न केवल इजराइल को चोट दी है, बल्कि खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाया है।

### इजराइल के अशदोद के तेल डिपो पर सटीक हमले

*मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार आईआरजीसी ने आधुनिक बैलिस्टिक मिसाइलों और सुसाइड ड्रोन्स के जरिए इजराइल के अशदोद में तेल डिपो को निशाना बनाया है। हमले के बाद वहां आग लगने की बात कही जा रही है। इसके अलावा, इजराइल के सैन्य ठिकानों पर भी सटीक हमले किए गए हैं।*

### ईरान के निशाने पर खाड़ी स्थित अमेरिकी एयरबेस


*वही ईरान ने सीधे अमेरिकी अड्डों को अपना निशाना बनाया है। कुवैत के अली अल-सलेम एयरबेस और बहरीन के शेख ईसा बेस पर ईरानी मिसाइलें गिरी हैं। बताया जा रहा है कि बहरीन में पैट्रियट मिसाइल सिस्टम के रिपेयर हैंगर और जेट फ्यूल टैंकों को भारी नुकसान पहुंचा है। कुवैत और यूएई के अल-धाफरा बेस पर भी ईरानी ड्रोन्स ने सैन्य साजो-सामान को निशाना बनाया है।*

## ईरान के न्यूक्लियर प्लांट पर भीषण हमला



ईरान पर एक बड़ा हमला हुआ है, मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार उसके न्यूक्लियर प्लांट को निशाना बनाया गया है। इसमें हेवी-वॉटर प्लांट और येलोकेक प्रोडक्शन प्लांट शामिल है। अमेरिका और इजराइल के हमलों में मध्य ईरान में स्थित एक हेवी वॉटर रिएक्टर को निशाना बनाया गया है। हेवी-वॉटर प्लांट और येलोकेक प्रोडक्शन प्लांट दोनों ही परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम से जुड़े महत्वपूर्ण प्लांट होते हैं। हेवी-वॉटर मुख्य रूप से परमाणु रिएक्टरों में न्यूट्रॉन की गति कम करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। हमले में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

## भारत के नाम शुक्रिया लिखकर ईरान ने इजराइल पर दागी मिसाइलें




पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष के बीच ईरान ने इजराइल पर अपना 83वां बड़ा मिसाइल हमला किया है। इस हमले ने पूरी दुनिया का ध्यान एक खास वजह से अपनी ओर खींचा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और तस्वीरों में देखा गया कि ईरानी सैनिकों ने इजराइल पर दागी जाने वाली मिसाइलों पर 'थैंक्यू पीपल ऑफ इंडिया' लिखकर भारत के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है। बता दे कि ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) द्वारा किए गए इस हमले में लंबी और मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों के साथ-साथ घातक ड्रोन्स का भी बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया गया। उनका शुक्रिया अदा किया।

## ईरान ने तीन देशों के जहाजों को खदेड़ा

ईरान के रिवोल्यूशनरी गाड्र्स यानी आईआरजीसी ने होर्मुज जलडमरूमध्य को अपने दुश्मनों के लिए बंद घोषित कर दिया है। शुक्रवार सुबह आईआरजीसी ने उन तीन जहाजों को वापस लौटने पर मजबूर कर दिया, जो इस संकरे रास्ते को पार करने की कोशिश कर रहे थे। ईरान का साफ कहना है कि जो भी देश 'यहूदी-अमेरिकी दुश्मनों' का साथ देगा, उसके जहाजों को यहां से गुजरने की अनुमति नहीं मिलेगी। यह घटनाक्रम तब सामने आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दावा कर रहे थे कि बातचीत का रास्ता खुला है और ईरान नरम पड़ रहा है।

## ईरान ने अमेरिकी राष्ट्रपति के दावों को झूठा साबित किया

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को दावा किया था कि ईरान ने सद्भावना दिखाते हुए 10 ऑयल टैंकरों को रास्ता दिया है। उन्होंने इसे बातचीत की मेज पर ईरान की गंभीरता बताया था। लेकिन शुक्रवार को मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार ईरान ने ट्रंप को 'भ्रष्ट राष्ट्रपति' बताते हुए उनके दावों को सफेद झूठ करार दिया।


## खबर संक्षेप

### हेलिकॉप्टर दुर्घटना में 3 लोगों की मौत



**हनालेई (अमेरिका)।** अमेरिका के हवाई द्वीप पर एक सुदूर समुद्र तट पर एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। काउई अग्निशमन विभाग ने बताया कि गुरुवार दोपहर कलालाऊ तट पर हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें एक पायलट और चार यात्री सवार थे।

### सिंध प्रांत में भूकंप के झटके, कोई हताहत नहीं



**कराची।** पाक के सिंध प्रांत के कई इलाकों में शुक्रवार को 5.1 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि इसमें किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। मौसम विज्ञान कार्यालय के अनुसार, स्थानीय समयानुसार दोपहर 12 बजकर 36 मिनट पर आए भूकंप का केंद्र शाहदकोट से लगभग 74 किलोमीटर पश्चिम में, 14 किलोमीटर की गहराई पर था।

### वाहन पर आतंकवादी हमला, 3 बच्चों की मौत



**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक कबीले के बुजुर्ग नेता के वाहन पर घात लगाकर किए गए आतंकवादी हमले में कम से कम तीन बच्चों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जब बंदूकधारियों ने कबीले के बुजुर्ग नेता मलिक सरदार वजीर के वाहन पर गोलीबारी कर दी।

## जी-7 की बैठक में जयशंकर ने उठाया वैश्विक-दक्षिण की चिंताओं का मुद्दा

# पश्चिम-एशिया क्षेत्र में युद्ध के बीच अमेरिका के विदेश मंत्री रूबियो से मिले जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका-इजराइल और ईरान के मध्य युद्ध के तनावपूर्ण हालातों में फ्रांस की राजधानी पेरिस में जी-7 और उसके अन्य भागीदार देशों एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। जिससे इतर भारत और अमेरिका के विदेश मंत्रियों के बीच भी मुलाकात हुई है। डॉ.जयशंकर ने शुक्रवार को एक तस्वीर के साथ साझा की गई 'एक्स' पोस्ट के जरिए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से हुई इस मुलाकात की जानकारी दी है। हालांकि उन्होंने इस बारे में और कोई जानकारी अपनी पोस्ट में नहीं दी है। लेकिन तस्वीर में दोनों विदेश मंत्री आपस में बातचीत करते हुए नजर आ रहे हैं। यहां बता दें कि पिछले महीने के अंत में यानी 28 फरवरी को हुई युद्ध की शुरुआत के बाद यह पहला मौका है।

- बोले विदेश मंत्री, बैठक में ऊर्जा, उर्वरक, खाद्य सुरक्षा को लेकर दुनिया के सामने रखी क्षेत्र की चिंताएं
- यूएन में जल्द सुधारों पर भी दिया जोर
- प्रेस वार्ता में बोले प्रवक्ता जायसवाल, 1971 के नरसंहार पीड़ितों के लिए न्याय की बांग्लादेश की मांग का समर्थन करता है भारत



### लचीले व्यापार गलियारों की दरकार

जी-7 के एक अन्य सत्र में जयशंकर ने कहा कि हमें और अधिक लचीले व्यापार गलियारों और सप्लाई चेन की आवश्यकता है। जो वर्तमान समय में पश्चिम-एशिया संकट की वजह से उत्पन्न हुई वैश्विक अनिश्चितताओं के दौर में और अधिक प्रासंगिक हो गई है। उन्होंने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईमैक) पर जोर देते हुए कहा कि भारत के हाल के समय में दुनिया भर के देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की मदद से इस गलियारे के इस्तेमाल में वृद्धि होगी। भारत के विदेश मंत्री ने एफटीए के संबंध में यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ को मुख्य रूप से अपने संबोधन में शामिल किया है।

### 1971 के नरसंहार पर पाक को दो टूक

*उधर, नई दिल्ली में 27 मार्च को हुई प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पत्रकारों के प्रश्नों के जवाब में वर्ष 1971 में ऑपरेशन सर्चलाइट के तहत बांग्लादेश में किए गए नरसंहार को लेकर पाकिस्तान की अस्वीकृति को लेकर पड़ोसी दुश्मन देश को जमकर खरी खोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार नहीं है। पाकिस्तान हमेशा से इस मामले में अपना पल्ला झाड़ता रहा है, जिसे मैं, 'डिनायल मोड' कहता हूं। लेकिन भारत इस बाबत बांग्लादेश द्वारा नरसंहार पीड़ितों के लिए उठाई गई न्याय की मांग का पुरजोर अंदाज में समर्थन करता है। हमारा देश उन भयानक घटनाओं को भूला नहीं है। बता दें, रणधीर का यह बयान बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान की एक हालिया 'एक्स' पोस्ट के संदर्भ से जुड़ा हुआ है। जिसमें उन्होंने बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के शहीदों और नरसंहार के अन्य सभी पीड़ितों के लिए न्याय की मांग का समर्थन किया है। भारत इसे जघन्य नरसंहार मानता है।*

## नेपाल में बालेन युग की शुरुआत

# प्रधानमंत्री शाह को पीएम मोदी ने भेजा बधाई संदेश, कहा- संबंधों को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएंगे

एजेंसी ▶▶ कांठमाडू

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नेपाल के नए प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह 'बालेन' को शपथ लेने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि वह दोनों देशों के आपसी फायदे के लिए भारत-नेपाल संबंधों को और मजबूत करने के लिए उनके साथ मिलकर काम करने को लेकर उत्सुक हैं। बता दे कि रैपर से नेता बने बालेंद्र शाह ने शुक्रवार को नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। यह के पी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सरकार के गिरने लगभग लगभग छह महीने बाद हुआ है। ओली सरकार को एक युवा पीढ़ी के विरोध प्रदर्शन में हटा दिया गया था। रैपर से नेता बने बालेंद्र शाह ने शुक्रवार को नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। यह के पी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सरकार के गिरने लगभग लगभग छह महीने बाद हुआ है।



### बालेन शाह ने ली नेपाल के पीएम पद की शपथ

*नेपाल के आम चुनावों में शानदार जीत के बाद बालेंद्र शाह ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ले ली है। रैपर के तौर पर मशहूर हुए और फिर राजनीति में आए 35 साल के बालेन शाह नेपाल के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री बने हैं। शाह दशकों में पहले ऐसे मधेसी हैं, जो देश का नेतृत्व करेंगे।*

### सबसे युवा पीएम बने बालेन

*35 वर्षीय राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी बालेन शाह नेपाल के सबसे युवा प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभाला है। वह देश में यह पद संभालने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति हैं। बालन मधेश क्षेत्र से शीर्ष कार्यकारी पद संभालने वाले पहले व्यक्ति भी हैं। उनका शपथ ग्रहण नेपाल की राजनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव माना जा रहा है।*

## सावधान! कोरोना ने दी फिर दस्तक

# अमेरिका समेत 22 देशों में फैल रहा नया वैरिएंट सिकाडा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कोरोना वायरस एक बार फिर से चर्चा में है। हाल ही में, कोविड-19 का एक नया वेरिएंट सामने आया है, जिसका नाम बीए-3.2 है। आम बोलचाल में वैज्ञानिक इसे सिकाडा कह रहे हैं।

यह नया वेरिएंट ओमिक्रॉन के एक बहुत पुराने परिवार (बीए-3) का हिस्सा है, जो 2022 की शुरुआत में लगभग खत्म हो गया था। हालांकि, अब लंबे समय बाद यह वेरिएंट अचानक से फिर वापस आ गया है। इसी वजह से इसे सिकाडा नाम दिया गया है, जो एक कीड़ा होता है, जो सालों तक जमीन के नीचे छिपा रहता है और फिर अचानक भी बाहर आता है।

**कहां से आया नया वेरिएंट?**

इस नए वेरिएंट ने पहली दस्तक साल 2024 के अंत में दक्षिण अफ्रीका में दी थी, लेकिन अब यह वायरस अमेरिका, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया समेत कई देशों में तेजी से फैल रहा है।

**चिंताजनक है सिकाडा?**

वैज्ञानिक इस वायरस को लेकर इसलिए अलर्ट हैं क्योंकि इसने खुद में बहुत ज्यादा बदलाव किए हैं।

## एस-400 मिसाइल सिस्टम सहित सशस्त्र सेनाओं के लिए खरीदे जाएंगे जरूरी विध्वंसक हथियार

# अस्थिर वैश्विक हालात में डीएसी ने दी 2.38 लाख करोड़ के रक्षा प्रस्तावों को मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर पश्चिम-एशिया क्षेत्र में जारी युद्ध और घरेलू स्तर पर चीन-पाकिस्तान की सीमाओं से मिलती साझा चुनौती के बीच शुक्रवार को राजधानी में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की है। बैठक में वायुसेना के लिए रूस से कुल करीब पांच एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम की खरीद के अलावा मध्यम परिवहन विमान, बख्तरबंद वाहन, धनुष तोप सिस्टम और रनवे स्वतंत्र हवाई प्रणाली सहित कुल 2.38 लाख करोड़ रुपए के रक्षा खरीद प्रस्तावों को आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) के साथ मंजूरी दी गई है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी है। बैठक में रक्षा मंत्री के अलावा सेना, वायुसेना, नौसेना-तटरक्षकबल के शीर्ष अधिकारी व मंत्रालय के कई अन्य वरिष्ठ सैन्य-असैन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**पहले की तुलना में कई गुना बढ़ेगी सेनाओं की मारक क्षमता**



### मौजूदा वित्त वर्ष में स्वीकृत हुए 503 प्रस्ताव

*वित्त वर्ष-2025-26 में डीएसी ने करीब 6.53 लाख करोड़ रुपए के 55 रक्षा खरीद प्रस्तावों पर अपनी सहमति की मुहर लगाई है। जबकि पूंजीगत खरीद वाले समझौतों की बात करें तो उनकी संख्या 503 होने के साथ ही इनके क्रियान्वयन से जुड़ी हुई धनराशि 2.28 लाख करोड़ रुपए की है। ऐसे में वर्तमान में मंत्रालय ने रक्षा प्रस्तावों को पहले की तुलना में सवार्धिक आधार पर अनुमोदित किया है। बीते किसी वित्त वर्ष में ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला है।*

### रूस से होगी एस-400 की होगी खरीद

मंत्रालय ने बताया कि 2 लाख करोड़ से अधिक की इस धनराशि की मदद से वायुसेना के लिए की जाने वाली लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने में सक्षम करीब 5 एस-400 मिसाइल सिस्टम से लेकर स्वचालित मार करने वाले विमानों की खरीद के साथ ही सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान की मरम्मत की जाएगी।

### धनुष तोप से बढ़ेगी सेना की क्षमता

*मंत्रालय ने बताया कि डीएसी ने सेना के लिए जिन रक्षा प्रस्तावों को हरी झंडी प्रदान की है। उनमें हवाई रक्षा पहचान सिस्टम, बख्तरबंद भेदी टैंकों का गोला बारूद, धनुष तोप सिस्टम, उच्च क्षमता वाली रेडियो रिले, रनवे स्वतंत्र हवाई निगरानी सिस्टम मुख्य हैं। हवाई रक्षा पहचान प्रणाली सेना को वास्तविक समय में वायु रक्षा नियंत्रण और रिपोर्टिंग क्षमता प्रदान करेगी। रेडियो रिले एक भरोसेमंद और बिना किसी गलती की गुंजाइश वाली संचार सेवा की सुविधा देगी। धनुष तोप बल के तोपखाने की क्षमता में बढ़ोतरी करेगी, रनवे स्वतंत्र प्रणाली सैन्य इकाइयों को निगरानी सुविधा प्रदान करेगी और बख्तरबंद भेदी टैंक गोलाबारूद सेना की युद्धक क्षमता में इजाफा करेगा।*

### मजबूत होगी तटरक्षकबल की क्षमता

*डीएसी ने तटरक्षकबल के लिए अपनी बैठक में भारी एयर कुशन वाहनों की खरीद को स्वीकृति दी गई है। जिनकी मदद से बल की बहुआयामी समुद्र तटीय रणनीतिक भूमिका सशक्त होगी। साथ ही इनके जरिए उच्च-गति वाली तटीय गश्त, निगरानी, खोज एवं बचाव अभियान, जहाजों को जरूरी सहायता प्रदान करने और आवश्यकता पड़ने पर कर्मियों की त्वरित तैनाती के दौरान भी मदद मिलेगी।*



# टाइटल डिफेंड करने उतरेंगी आरसीबी सीएसके, केकेआर-एमआई देंगे टक्कर

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) शनिवार से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना खिताब बचाने के लिए प्रतिबद्ध होगा, जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर), चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस अपनी खोई प्रतिष्ठा हासिल करने की कोशिश करेंगे।

आईपीएल में अगले दो महीनों में विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के साथ कुछ युवा खिलाड़ियों पर भी नजर रहेगी, जो अच्छा प्रदर्शन करके अपनी छाप छोड़ने में कोई कसर नहीं रखेंगे। आरसीबी टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद की मेजबानी करेगा और उसका लक्ष्य शानदार शुरुआत करना होगा। लेकिन इस मैच से पहले माहौल थोड़ा गंभीर बना हुआ है क्योंकि पिछले साल चार जून को आरसीबी के खिताब जीतने के जश्न के दौरान स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हो गई थी।

## आरसीबी को हेजलवुड और दयाल के बिना उतरना होगा मैदान में

आरसीबी और सनराइजर्स दोनों के पास गेंदबाजी संसाधनों की कमी है। आरसीबी को जोश हेजलवुड और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल के बिना खेलना होगा। दोनों ने 2025 के विजयी अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, लेकिन विभिन्न कारणों से इस वर्ष वे अधिकतर मैचों में बाहर रहेंगे। हेजलवुड ऑस्ट्रेलिया में चोट से उबरकर पूरी तरह फिट होने के लिए प्रयास कर रहे हैं और वह बाद में टीम में शामिल हो सकते हैं। यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे दयाल पूरे सत्र से बाहर रहेंगे। आरसीबी को अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार, स्पिनर क्रुणाल पंड्या, सुयश शर्मा और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मंगेश यादव पर काफी हद तक निर्भर रहना होगा।



## सनराइजर्स के बैकअप विकल्प भरोसेमंद नहीं

*सनराइजर्स के कप्तान पैट कमिंस भी शुरुआती चरण में टीम में नहीं होंगे। ईशान किशन को कार्यवाहक कप्तान बनाया गया है। लेकिन सनराइजर्स के बैकअप विकल्प ज्यादा भरोसेमंद नहीं लगते। ब्रायडन कार्स, जयदेव उनादकट, हर्षल पटेल और हर्ष दुबे को सपाट पिचों पर कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। दोनों टीमें अपनी गेंदबाजी की कमजोरी का बल्लेबाजी से भरपाई करना चाहेंगी। आरसीबी के पास विराट कोहली, टिम डेविड, फिल साल्ट, जैकब बेथेल, कप्तान रजत पाटीदार, रोमारियो शेफर्ड जैसे बल्लेबाज हैं जबकि सनराइजर्स के पास भी ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, किशन और हेनरिक क्लासेन के रूप में धाकड़ बल्लेबाज हैं।*

## ओपनिंग सेरेमनी के बिना ही आज से आईपीएल 2026 का आगाज

बीसीसीआई ने बेंगलुरु में हुई भगदड़ के 11 पीड़ितों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए आईपीएल 2026 की ओपनिंग सेरेमनी रद की

### चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा पहला मैच, बेंगलुरु- हैदराबाद के बीच होगी टक्कर

**नई दिल्ली।** क्रिकेट के सबसे बड़े महाकुंभ आईपीएल के 19वें सीजन का आगाज शनिवार 28 मार्च से होने जा रहा है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बेंगलुरु में हुई भगदड़ के 11 पीड़ितों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए आईपीएल 2026 की ओपनिंग सेरेमनी रद कर दी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच आईपीएल 2026 का पहला मैच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच से पहले कोई जश्न नहीं होगा। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल 31 मई को भव्य क्लोजिंग सेरेमनी आयोजित करने की योजना बना रही है। आईपीएल 2025 का खिताब आरसीबी ने जीता था। ट्रॉफी के जश्न के दौरान 4 जून, 2025 को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर


ईशान किशन | रजत पाटीदार

हुई भगदड़ में 11 क्रिकेट प्रेमियों की जान चली गई थी। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब आईपीएल के किसी सीजन का आगाज ओपनिंग सेरेमनी के बिना होगा। लीग के 18 साल के इतिहास में पहले भी चिन्नास्वामी स्टेडियम में ... बार ऐसा हो चुका है।

# मियामी ओपनः सबालेंका का दबदबा लगातार दूसरी बार फाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| मियामी



- रायबाकिना को सीधे सेटों में 6-4, 6-3 से हराया
- खिताबी मुकाबले में अब गॉफ से भिड़ंत

बेलारूस की टेनिस प्लेयर एरिना सबालेंका ने मियामी ओपन के फाइनल का टिकट कटा लिया है। सबालेंका ने सेमीफाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान की एलेना रायबाकिना को सीधे सेटों में 6-4, 6-3 से हराया।

इस जीत के साथ वह लगातार दूसरे साल मियामी ओपन के फाइनल में पहुंचने वाली खिलाड़ी बन गई हैं। सबालेंका की यह डब्ल्यूटीए टूर में 17वीं प्रतियोगिता और कुल 10वीं जीत है। सबालेंका 2023 और 2024 में रायबाकिना के बाद लगातार मियामी ओपन फाइनल में पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी हैं। इसके साथ ही वर्ल्ड नंबर एक खिलाड़ी रहते हुए वह 2013 से 2015 तक सेरेना विलियम्स के बाद ऐसा करने वाली पहली खिलाड़ी हैं।

## सबालेंका ने रायबाकिना के खिलाफ दिखाया शानदार खेल

मैच की शुरुआत काफी रोमांचक रही। पहले सेट में दोनों खिलाड़ी बराबरी पर खेल रही थीं। 4-5 से पिछड़ने के बाद सबालेंका ने रायबाकिना के खिलाफ शानदार खेल दिखाया और क्रॉस-कोर्ट बैकहैंड और ओवरहेड शॉट का उपयोग करते हुए महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल किया। इस ब्रेक के दम पर वह पहला सेट 6-4 से जीतने में सफल रहीं। दूसरे सेट में सबालेंका ने शुरुआत से दबाव बनाए रखा और 4-0 की बढ़त बनाई। इसके बाद भी उन्होंने अपने विरोधी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। सेट के अंत में उन्होंने लव पर सर्व किया और टी-सर्व के साथ खेल खत्म किया।

## सबालेंका का विशेष मुकाम

सबालेंका इस सदी की चौथी खिलाड़ी हैं, जो अपने सीजन के पहले चार डब्ल्यूटीए इवेंट्स के फाइनल में पहुंची हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड मार्टिना हिंगिस (2001), सेरेना विलियम्स (2003) और विक्टोरिया अजारेंका (2012) के नाम रहा है। इस तरह का प्रदर्शन उन्हें टेनिस की दुनिया में एक विशेष मुकाम दिलाता है।

## जेवरेव ने बनाई सेमीफाइनल में जगह



मियामी ओपन में जर्मनी के खिलाड़ी अलेक्जेंडर जेवरेव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 6-1, 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस जीत के साथ 27 साल के जर्मन खिलाड़ी ने एक ही सीजन में इंडियन वेल्स और मियामी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने का रिकॉर्ड बना लिया है, जो उनके करियर के लिहाज से महत्वपूर्ण उपलब्धि है। क्वार्टर फाइनल में जीत के साथ जेवरेव ने सेरुंडोलो के खिलाफ लगातार चौथी जीत दर्ज की। इस तरह उनका एटीपी में हेड-टू-हेड रिकॉर्ड अब 4-3 हो गया है। जेवरेव अब अपना पूरा ध्यान इटली के टेनिस प्लेयर जैनिक सिनर के खिलाफ होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले पर लगाएंगे। सिनर पिछले छह मुकाबलों में लगातार जीत हासिल करके जेवरेव के खिलाफ 7-4 से आगे हैं।

## खबर संक्षेप



### ह्यूस्टन ओपन में 11वें स्थान पर थीगाला

**ह्यूस्टन।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर साहित थीगाला शानदार शुरुआत करते हुए टेक्सास चिल्ड्रन्स ह्यूस्टन ओपन के पहले दौरे के बाद 3-अंडर 67 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर रहे। पॉल वारिंग पहले दिन के खेल के बाद बिना किसी बोगी के सात-अंडर 63 के स्कोर के साथ सबसे आगे चल रहे हैं। भारत में जन्मे कनाडाई गोल्फर सुदर्शन येलामाराजू 1-अंडर 69 का स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से 59वें स्थान पर हैं।

### गोरखपुर में महिला रोइंग का शिविर शुरू



**नई दिल्ली।** जापान में इस साल के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों के लिए टीम की तैयारियों को और मजबूत करने के उद्देश्य से महिलाओं के लिए 51 दिवसीय राष्ट्रीय रोइंग शिविर गोरखपुर में शुरू हो गया। रामगढ़ झील स्थित जल क्रीड़ा परिसर में यह शिविर भारतीय रोइंग महासंघ के अनुरोध पर भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से आयोजित किया जा रहा है।

### बेल्लारी में कबड्डी का अनुकूलन शिविर शुरू



**बेल्लारी।** नवीन कुमार, पवन सहरावत, अर्जुन देशवाल और सोनाली विष्णु शिंगेट सहित पुरुष और महिला वर्ग के कई प्रमुख कबड्डी खिलाड़ी इस वर्ष के आखिर में जापान में होने वाले एशियाई खेलों से पहले अनुकूलन शिविर में भाग ले रहे हैं। यह शिविर 2 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा।

# आईपीएल 2026: पहले मैच में भुवनेश्वर के पास इतिहास रचने का मौका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



टीम इंडिया के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार आईपीएल इतिहास के सबसे सफल गेंदबाजों में से एक हैं। वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनके पास आईपीएल 2026 के पहले ही मैच में नया इतिहास रचने का मौका होगा। वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में 200 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन सकते हैं। ऐसा करने के लिए उन्हें दो विकेट की जरूरत है।

**आईपीएल में 200 विकेट पूरे कर सकते हैं भुवनेश्वर**

आईपीएल 2026 के ओपनिंग मैच में सबकी नजरें अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार पर रहेंगी। वह आईपीएल में एक ऐसा रिकॉर्ड बनाने जा रहे हैं, जो अब तक कोई भी तेज गेंदबाज ने नहीं बना पाया है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में सिर्फ 2 विकेट लेते ही वह आईपीएल इतिहास में 200 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बन जाएंगे। भुवनेश्वर कुमार ने अभी तक आईपीएल में 190 मैचों में 198 विकेट अपने नाम हैं। इस दौरान उन्होंने 2 बार पांच विकेट हॉल और 2 बार चार विकेट हॉल अपने नाम कर चुके हैं।

### आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज

**युजवेंद्र चहल**: 174 मैचः 221 विकेट
**भुवनेश्वर कुमार**: 190 मैचः 198 विकेट
**सुनील नरेन**: 189 मैचः 192 विकेट
**पीयूष चावला**: 192 मैचः 192 विकेट
**आर अश्विन**: 221 मैचः 187 विकेट

# भारत ने जीते 10 पदक, कंपाउंड तीरंदाजों का रहा दबदबा

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के पहले चरण में मिश्रित टीम का स्वर्ण पदक और महिला टीम का रजत पदक जीता और पुरुषों के व्यक्तिगत वर्ग में क्लीन स्वीप किया।

भारत ने रिकर्व वर्ग में दो रजत पदक भी जीते। इस तरह से उसने इस प्रतियोगिता में दो स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य पदक जीते। भारत ने कुल 10 पदक हासिल किए, जो पिछली बार के आठ पदक से अधिक है। भारत ने हालांकि पिछली बार पांच स्वर्ण पदक जीते थे। भारत को रिकर्व वर्ग में झटका लगा, जिसमें कोई भी तीरंदाज स्वर्ण पदक हासिल नहीं कर सका, जबकि वे पुरुषों के व्यक्तिगत वर्ग और मिश्रित टीम स्पर्धा में खाली हाथ लौटे।



## कंबोज ने जीता पहला अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक

उदय कंबोज ने रोमांचक फाइनल में हमवतन प्रथमेश जवकर को 145-144 से हराकर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीता, जबकि अनुभवी खिलाड़ी रजत चौहान ने कांस्य पदक हासिल किया। चौहान ने अंतिम सेट में अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए तीन सटीक तीर लगाकर स्थानीय खिलाड़ी पीरावत रत्तनपोंगकियात को 145-144 से हराया, जिससे भारत इस स्पर्धा में क्लीन स्वीप करने में सफल रहा। भारत के दो 22 वर्षीय खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में कंबोज ने अधिक अनुभवी प्रथमेश जवकर के खिलाफ कड़े मुकाबले में 145-144 से जीत हासिल की। इस मैच में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। जवकर दूसरे सेट के बाद 59-57 से आगे थे। कंबोज ने तीसरे सेट में 87-87 के स्कोर पर बराबरी करते हुए शानदार वापसी की और फिर चौथे सेट में जवकर की थोड़ी सी चूक का फायदा उठाते हुए 116-115 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद उन्होंने अंतिम सेट में अपना संयम बनाए रखा और यादगार जीत हासिल की।

## तेजल ने व्यक्तिगत वर्ग में जीता कांस्य पदक

अठारह वर्षीय तेजल साल्वे ने तटस्थ ध्वज के तहत प्रतिस्पर्धा कर रही रूसी तीरंदाज मारिया दिमिड्युक को 144-135 से हराकर महिला कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक जीता। चिकिता तनिपार्थी और रजत चौहान की शीर्ष वरीयता प्राप्त मिश्रित टीम जोड़ी ने स्वर्ण पदक मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया को 158-156 से हराया। सटीकता और संयम से भरे इस मुकाबले में अंतर बहुत कम रहा क्योंकि भारत ने 16 तीरों में सिर्फ दो , जबकि मलेशिया ने चार अंक गंवाए। भारतीय जोड़ी ने लगातार चार 10 अंक हासिल करके शानदार शुरुआत की और बीच के चरण में कुछ मामूली चूक के बावजूद अपनी लय बरकरार रखी। तीन सेट के बाद उन्होंने 118-117 के मामूली अंतर से एक अंक की बढ़त बना ली। भारतीय जोड़ी ने लगातार चार 10 अंक हासिल करके अपनी जीत सुनिश्चित की।

## फोर्ड चैंपियनशिप : संयुक्त 108वें स्थान पर अदिति



**चैंडलर।** भारतीय महिला गोल्फर अदिति अशोक ने फोर्ड चैंपियनशिप के पहले दौर में इवन पार 72 का कार्ड खेला, जिससे वह संयुक्त 108वें स्थान पर बनी हुई हैं। पहले दिन कई शीर्ष खिलाड़ियों ने शानदार स्कोर बनाए।न्यूजीलैंड की लिडिया को (60) और दक्षिण कोरिया की मौजूदा चैंपियन ह्यो जू किम (61) ने पहले दिन अंडर पार दो अंक का स्कोर बनाया। सत्ताईस साल की अदिति ने दिन की शुरुआत बैक नाइन पर 11वें, 12वें और 13वें होल से लगातार तीन बर्डी के साथ की। उन्होंने पहली बोगी 18वें होल पर की। इसके बाद पहले और दूसरे होल पर लगातार बर्डी लगाई। वह तीसरे और चौथे होल पर लगातार शॉट ड्रॉप कर बैठी। छठे और सातवें होल पर लगातार बोगी से उन्होंने इवन पार का कार्ड बनाया। अदिति ने पांच बर्डी लगाईं और इतनी ही बोगी कर बैठीं।

# सूर्यवंशी टीम इंडिया में कर सकते हैं डेब्यू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैभव सूर्यवंशी आखिरकार 15 साल के हो चुके हैं। साल 2026 इंडियन प्रीमियर लीग में वो राजस्थान रॉयल्स में है। वैभव ने पिछले साल 14 की उम्र में डेब्यू किया था और कमाल किया था। ऐसे में अब वैभव के लिए बेहद अच्छी खबर है।

15 साल के होने के साथ ही वो अब भारत के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने के योग्य हो चुके हैं। आईसीसी के आर्टिकल 4 के अनुसार किसी भी खिलाड़ी को नेशनल टीम में खेलने के लिए 15 साल का होना जरूरी है। इस नियम को साल 2020 में पेश किया था। इस दौरान कहा गया था कि किसी भी खिलाड़ी को नेशनल क्रिकेट फेडरेशन का प्रतिनिधित्व करने के लिए या इंटरनेशनल मैच में खेलने के लिए उसकी उम्र 15 साल होनी चाहिए। अब जब सूर्यवंशी 15 साल के हो चुके हैं तो वो अब भारत की सीनियर टीम में खेलने के योग्य हो चुके हैं।



## आईपीएल 2026 में फिर कमाल करेंगे

वैभव सूर्यवंशी को आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स को 1.1 करोड़ रुपए में लिया था। आईपीएल में डेब्यू के दौरान उन्होंने पहली गेंद पर ही छक्का ठोका था। इसके बाद उन्होंने 35 गेंदों पर शतक ठोका था। ये टूर्नामेंट का दूसरा सबसे तेज शतक था।

# फ्रांस ने ब्राजील को दी शिकस्त



**फॉक्सबोरो।** स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबापे के गोल की मदद से फ्रांस ने विश्व कप फुटबॉल से पहले एक महत्वपूर्ण मैत्री मैच में ब्राजील को 2-1 से हराया। एमबापे इस मैच से पहले घुटने की चोट से जूझ रहे थे लेकिन उन्होंने दिखाया कि फिलहाल वह इस समस्या से परेशान नहीं हैं। उन्होंने 65वें मिनट में मैदान छोड़ने से पहले एक महत्वपूर्ण गोल किया। स्टेडियम में मौजूद 66215 दर्शक ब्राजील का समर्थन कर रहे थे लेकिन एमबापे (32वें मिनट) और ह्यूगो एकितिके (65वें) ने गोल करके फ्रांस को उस मैदान पर 2-0 की बढ़त दिला दी, जहां वह विश्व कप के ग्रुप चरण के अपने अंतिम मैच में नॉर्वे का सामना करेगा। ब्राजील की तरफ से एकमात्र गोल ब्रेमर ने 78वें मिनट में किया लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाए।

# बोलिविया ने सूरीनाम को दी मात



**मॉन्टेरी।** मोइसेस पानिगुआ और मिगुएल टेरसेरोस ने दूसरे हाफ में सात मिनट के अंतराल में गोल किए, जिससे बोलीविया ने सूरीनाम को 2-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के क्वालीफाइंग प्लेऑफ के फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना इराक से होगा। एक अन्य मैच में स्ट्राइकर बेली कैडामार्टेरी के गोल की मदद से जमैका ने न्यू कैलेडोनिया पर 1-0 से जीत हासिल की और अंतरराष्ट्रीय प्लेऑफ फाइनल में जगह बनाई। उसे विश्व कप में जगह बनाने के लिए अब कांगो का सामना करना होगा। लियाम वैन गेलडेरेन ने 48वें मिनट में सूरीनाम को बढ़त दिलाई, लेकिन पानिगुआ ने 72वें मिनट में स्कोर बराबर कर दिया और टेरसेरोस ने 79वें मिनट में पेनल्टी किक पर विजयी गोल दागा। सूरीनाम पहली बार क्वालीफाई करने की कोशिश कर रहा था।

# इटली ने आयरलैंड को हराया



**लंदन।** इटली ने प्लेऑफ के पहले मैच में उत्तरी आयरलैंड को 2-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। चार बार के चैंपियन इटली को अब विश्व कप के लिए लगातार तीसरी बार क्वालीफाई करने से चूकने से बचने के लिए एक और मैच जीतना होगा। बर्गमो में खेले गए इस मैच में इटली की तरफ से सैंड्रो टोनाली ने दूसरे हाफ की शुरुआत में हाफ-वॉली शॉट से पहला गोल करके गतिरोध तोड़ा और फिर मोइसे कीन ने एक और गोल करके उसकी जीत सुनिश्चित की। बोस्निया और हर्जेगोविना, स्वीडन, पोलैंड, तुर्किए, कोसोवो, डेनमार्क और चेक गणराज्य भी प्लेऑफ फाइनल में जगह बनाने में कामयाब रहे।




**3 से 5 अप्रैल तक वाराणसी में होगा महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य का भव्य मंचन**

# अब वाराणसी में गूंजेगी सम्राट विक्रमादित्य की शौर्य गाथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में मोहन सरकार भारतीय ज्ञान परंपरा और गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पटल पर स्थापित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। गौरवमयी अभियान विक्रमोत्सव-2026 के तहत, मोक्षदायिनी नगरी वाराणसी में आगामी 3 से 5 अप्रैल 2026 तक भव्य महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य का मंचन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विशेष रुचि और दूरदर्शी सोच का परिणाम है कि बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन से शुरू हुई यह सांस्कृतिक यात्रा अब बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी पहुंच रही है।

### भारतीय न्यायप्रियता, वीरता और सुशासन के जीवंत प्रतीक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य केवल एक शासक नहीं, बल्कि भारतीय न्यायप्रियता, वीरता और सुशासन के जीवंत प्रतीक हैं। वाराणसी में होने वाला यह महानाट्य जन-जन को उस वैभवशाली कालखंड से परिचित कराएगा। जब सम्राट विक्रमादित्य ने आज से लगभग 2100 वर्ष पूर्व आक्रांता शकों का समूल नाश कर 'विक्रम संवत' का प्रवर्तन किया था, यह संवत विश्व की प्राचीनतम काल-गणनाओं में से एक है, जो भारतीय विज्ञान और खगोल शास्त्र की श्रेष्ठता को दर्शाता है।



फाइल फोटो

### अद्वितीय शौर्य और न्याय का चित्रण

वाराणसी में होने वाली तीन दिवसीय विक्रमादित्य महानाट्य के माध्यम से सम्राट विक्रमादित्य के 'शकारि' और 'साहसांक' बनने की गाथा को जीवंत किया जाएगा। नाटक में दिखाया जाएगा कि कैसे एक लोक-कल्याणकारी राजा ने अपने राजकोष से धन देकर प्रजा को ऋणमुक्त किया और एक ऐसा साम्राज्य स्थापित किया, जहां न कोई दरिद्र था और न ही कोई दुखी। साथ ही, सम्राट की 'नवरत्न' परंपरा-जिसमें कालिदास, वराहमिहिर और धन्वंतरि जैसे महान विद्वान शामिल थे-के माध्यम से 'श्रेष्ठ भारत' के निर्माण के संकल्प को भी प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा। दिल्ली के लाल किले पर सफल मंचन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सराहना के बाद, वाराणसी का यह मंचन एक नया मील का पत्थर साबित होगा।

### *डिजिटल प्लेटफॉर्म पर विक्रमोत्सव की ऐतिहासिक सफलता*

*उज्जैन में आयोजित 'विक्रमोत्सव 2026' ने डिजिटल आउटरीच में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ की रिपोर्ट के अनुसार, 7 फरवरी से 24 मार्च 2026 के बीच इस आयोजन की डिजिटल रीच 17.72 करोड़ से अधिक रही है। सोशल मीडिया पर* ***#vikramutsav****2026 जैसे हैशटैग्स ने वैश्विक स्तर पर ट्रेंड किया, जिससे सिद्ध होता है कि युवा पीढ़ी अपनी जड़ों की ओर लौटने को आतुर है। महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ और मप्र संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित यह महानाट्य वाराणसी में न केवल सांस्कृतिक आदान-प्रदान को मजबूत करेगा, बल्कि राष्ट्रीय एकता के सूत्र को और अधिक सुदृढ़ करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के संकल्पों के अनुरूप यह आयोजन 'विकसित भारत' की राह में 'सांस्कृतिक पुनर्जागरण' का एक महत्वपूर्ण अध्याय है।*

**केंद्र सरकार देगी अनुदान, नगरीय निकाय उपलब्ध कराएंगे स्थान**

# पीएम-ई ड्राइव योजना: मध्य प्रदेश के आठ शहरों में बनेंगे ईवी चार्जिंग स्टेशन

*ई-बसों के लिए 63.22 करोड़ की स्वीकृति*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पेट्रोल-डीजल वाहनों पर निर्भरता कम करने और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। पीएम-ई ड्राइव योजना के तहत मध्य प्रदेश के भोपाल, इंदौर सहित आठ प्रमुख शहरों में पब्लिक इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।

इसके लिए नगरीय निकायों से उपयुक्त स्थान चिन्हित करने को कहा गया है, जबकि अनुदान केंद्र सरकार उपलब्ध कराएगी। केंद्र के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने इन शहरों में ई-बस संचालन के लिए 63.22 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है, जिसमें से 57.13 करोड़ रुपए पहले ही जारी किए जा चुके हैं। वहीं, भारी उद्योग मंत्रालय के माध्यम से चार्जिंग स्टेशन के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी।


फाइल फोटो

### भोपाल समेत इन शहरों से मंगाए प्रस्ताव

राज्य के जिन शहरों को योजना में शामिल किया गया है, उनमें भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, सागर, देवास और सतना शामिल हैं। इन सभी नगर निगमों से प्रस्ताव मांगे गए हैं, ताकि चरणबद्ध तरीके से चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा सकें।

### भीड़भाड़ एवं पार्किंग वाले वाले स्थानों पर फोकस

नगरीय निकायों को निर्देश दिए गए हैं कि वे ऐसे स्थान चिन्हित करें, जहां लोगों की आवाजाही अधिक हो और पार्किंग की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध हो। इसके तहत बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बड़े बाजार, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और प्रमुख सड़कों के आसपास चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा सकते हैं।

### प्रदूषण में कमी व पेट्रोल डीजल पर निर्भरता कम

पीएम-ई ड्राइव योजना का मुख्य उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देना और प्रदूषण को कम करना है। लोक निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर बीपी पटेल के मुताबिक, शहरों में चार्जिंग स्टेशनों होने से पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता घटेगी, जिससे पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी।

### मप्र में कोयले से बनेगी रसोई गैस, अडानी की कंपनियों को निर्माण की मंजूरी

मध्यप्रदेश की दो कोयला कंपनियों को कोयला खनन के साथ-साथ गैस निर्माण की भी स्वीकृति केंद्र सरकार ने प्रदान की है। सिंगरौली क्षेत्र की महान तथा गोंडबहेरा उज्जैनी पूर्व कोयला खदानें अडानी ग्रुप के स्वामित्व में हैं। इन खदानों में आगामी दो वर्षों के भीतर उत्खनन कार्य प्रारंभ होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। रसोई गैस निर्माण के लिए कंपनियों को पृथक संयंत्र स्थापित करने होंगे। इन संयंत्रों में निर्धारित तापमान पर कोयले का प्रसंस्करण कर गैस तैयार की जाएगी। यह पहला अवसर है, जब कोयला कंपनियां स्वयं कोयले से गैस निर्माण का कार्य करेंगी। इससे गैस की आपूर्ति व्यवस्था अधिक सुगम होने की संभावना है। प्रदेश में उत्पादित कोयले की आपूर्ति राज्य सरकार के बिरसिंहपुर, अमरकंटक, सारणी तथा खंडवा स्थित विद्युत उत्पादन केंद्रों को की जाती है। इसके अतिरिक्त केंद्र सरकार के सिंगरौली, गाडरवारा और खरगोन स्थित विद्युत केंद्र भी इससे जुड़े हैं। सासन, बीना तथा एनबी विद्युत सिंगरौली जैसे बड़े संयंत्रों को भी कोयला उपलब्ध कराया जाता है। वहीं शहडोल क्षेत्र में रिलायंस द्वारा कोयला परत मीथेन परियोजना संचालित की जा रही है। लगभग 997 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैली इस परियोजना के अंतर्गत करीब 300 कुओं से प्राकृतिक गैस निकाली जा रही है। यह देश की प्रमुख अपारंपरिक ऊर्जा परियोजनाओं में से एक मानी जाती है। विशेषज्ञों के अनुसार, कोयले से गैस निर्माण की यह पहल ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने और गैस आपूर्ति को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है। इससे ऊर्जा आपूर्ति में परेशानी नहीं होगी।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने माना प्रधानमंत्री मोदी का आभार**

# पीएम मोदी की नीतियों से देश में नहीं बढ़ेंगे पेट्रोल-डीजल के दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने खाड़ी युद्ध के बीच उपभोक्ताओं के हितों का ध्यान रखते हुए एक बड़ा निर्णय लिया है।

पेट्रोल-डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कटौती स्वागत योग्य कदम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव



ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों से देश में पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ेंगे। भारतीय बाजार में तेल की उपलब्धता पर्याप्त रहेगी, उपभोक्ताओं पर भी तेल कीमतों का अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा और देश की तेल रिफायनरियां अपना काम सरलता से करती रहेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम में बढ़ोतरी के बीच रामनवमी के दिन इस जनहितैषी निर्णय के लिए प्रधानमंत्री बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री ने जारी संदेश में ये विचार व्यक्त किए एवं प्रधानमंत्री मोदी का आभार माना है।

**पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी के निर्णय पर जताया आभार**

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत चुनौतियों को अवसर में बदलकर नई ऊर्जा के साथ उभरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने पश्चिम एशिया में जारी वैश्विक



तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिए गए निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प और समर्पण को और प्रगाढ़ करता है और देशवासियों को यह विश्वास दिलाता है कि उनकी सरकार हमेशा उनके साथ खड़ी रहेगी। इस निर्णय में केंद्र सरकार ने पेट्रोल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क 13 रुपए से घटाकर 3 रुपए प्रति लीटर, डीज़ल पर 10 रुपए से घटाकर शून्य रुपए प्रति लीटर और विमानन टरबाइन ईंधन के निर्यात पर ड्यूटी लगाने की घोषणा की है।

उन्होंने कहा कि यह निर्णय प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता और संवेदनशील नेतृत्व का प्रतीक है, जो देश की जनता को महंगाई के प्रभाव से बचाने के लिए निरंतर कार्यरत हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत ने हर कठिन दौर में न केवल अपने पैरों पर खड़ा रहकर स्थिरता दिखाई है, बल्कि चुनौतियों को अवसर में बदलकर नई ऊर्जा के साथ उभरा है।

### मोदी सरकार हमेशा जनता के हितों की रक्षा के लिए तत्पर: खंडेलवाल

हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के चलते और भी वृद्धि की संभावना थी। ऐसे समय में प्रधानमंत्री मोदी ने पेट्रोल और डीज़ल पर उत्पाद शुल्क में कटौती कर देश की जनता को राहत देने का जो ऐतिहासिक कदम उठाया है, वह न केवल सरकार की सजगता को दर्शाता है, बल्कि यह भी स्पष्ट करता है कि मोदी सरकार हमेशा जनता के हितों की रक्षा के लिए तत्पर रहती है।

# सागर आईजी के कारण जल्द आ सकती है आईपीएस अफसरों की तबादला सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में आईपीएस अफसरों की बहुप्रतीक्षित तबादला सूची जल्द जारी हो सकती है। सागर पुलिस जोन में नए आईजी की पदस्थापना को लेकर चल रही तैयारियों ने इस प्रक्रिया को तेज कर दिया है।

माना जा रहा है कि आईजी हिमानी खन्ना के स्थानांतरण के बाद गृह विभाग बड़े पैमाने पर फेरबदल कर सकता है। पिछले तीन महीनों से तबादलों को लेकर अटकलें जारी हैं, लेकिन होली, रंगपंचमी, नवरात्र, रमजान और रामनवमी जैसे प्रमुख त्योहारों के शांतिपूर्ण आयोजन के चलते प्रशासनिक बदलाव टाल दिए गए थे। अब त्योहारों का दौर खत्म होते ही पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, सागर रेंज में नए आईजी की नियुक्ति के साथ ही कई जिलों के एसपी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले भी हो सकते हैं। सागर रेंज को संवेदनशील माना जाता है, ऐसे में इस पद को लंबे समय तक खाली रखना संभव नहीं है। प्रदेश में यह पहली बार होगा, जब डीआईजी और आईजी स्तर के एक दर्जन से अधिक अधिकारियों के तबादले एक साथ किए जा सकते हैं। पिछले तीन महीनों से कई अधिकारी बिना स्थाई पदस्थापना के केवल प्रभारी के रूप में काम संभाल रहे हैं। राज्य में आईजी रैंक के अधिकारियों की कमी भी तबादलों की बड़ी वजह मानी जा रही है। वर्तमान में 22 अधिकारी सेवाएं दे रहे हैं।

### एएनएम कार्यकर्ता वर्ष-2023 परीक्षा अभ्यर्थियों का पुनः परीक्षण 6 से

**भोपाल।** महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एएनएम) वर्ष 2023 परीक्षा के अंतर्गत अपात्र घोषित अभ्यर्थियों का पुनः परीक्षण 6 अप्रैल से 17 अप्रैल 2026 तक (अवकाश दिनों को छोड़कर) किया जाएगा। परीक्षण संचालनालय जयप्रकाश चिकित्सालय भोपाल, चिकित्सा शिक्षा विभाग सतपुड़ा भवन भोपाल, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल एवं मप्र पब्लिक हेल्थ कॉर्पोरेशन लिमिटेड भोपाल में होगा।

# कांग्रेस सख्त: प्रकोष्ठ-मोर्चों की जिम्मेदारी तय, वर्किंग पर ध्यान

*30 मार्च की बैठक में 69 प्रकोष्ठ और 25 मोर्चा अध्यक्षों से मांगा जाएगा रिपोर्ट कार्ड*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस अब अपने संगठनात्मक ढांचे को सक्रिय और अनुशासित बनाने की दिशा में सख्त कदम उठाने जा रही है।

प्रदेश कांग्रेस ने तय किया है कि 69 प्रकोष्ठ और 25 मोर्चों को उनके निर्धारित दायरे में ही काम करना होगा और उनकी जिम्मेदारियां स्पष्ट रूप से तय की जाएंगी। इसी सिलसिले में 30 मार्च को एक अहम बैठक बुलाई गई है। जिसमें सभी प्रकोष्ठ और मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं कार्यकारी अध्यक्षों को शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं। इस बैठक में न केवल उनकी भूमिका तय की जाएगी, बल्कि उनसे यह भी पूछा जाएगा कि वे अपने-अपने संगठन की जिम्मेदारी को किस तरह समझते हैं।

### पदाधिकारियों को लिखित में देना होगा जवाब




प्रदेश कांग्रेस ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे बैठक में लिखित रूप में यह जानकारी प्रस्तुत करें कि उनका प्रकोष्ठ या मोर्चा किन मुद्दों पर काम करेगा, किन वर्गों से संपर्क बढ़ाएगा और किस तरह के आंदोलन या धरना-प्रदर्शन करेगा। कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि अब प्रकोष्ठ और मोर्चा अपनी मर्जी से किसी भी विषय पर प्रदर्शन नहीं कर सकेंगे। उन्हें केवल उन्हीं मुद्दों पर आंदोलन करना होगा, जिन पर पीसीसी या प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की ओर से निर्देश दिए जाएंगे। इस फैसले को संगठन में अनुशासन और कार्यकुशलता बढ़ाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि इससे संगठन की गतिविधियों में एकरूपता आएगी और जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

**4.80 प्रतिशत वृद्धि को तत्काल वापस लिया जाए: पटवारी**

# बिजली दरों में वृद्धि एक और बड़ा झटका, यह निर्णय गरीब, किसान और मध्यम वर्ग के हितों के खिलाफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में प्रस्तावित बिजली दरों में 4.80 प्रतिशत वृद्धि को लेकर सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ.



मोहन यादव को पत्र लिखकर इस फैसले का कड़ा विरोध जताया है और इसे तुरंत वापस लेने की मांग की है।

पटवारी ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार आम जनता पर लगातार आर्थिक बोझ बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि पहले से ही महंगाई से जूझ रही जनता के लिए बिजली दरों में वृद्धि एक और बड़ा झटका है। उनके मुताबिक, पिछले एक दशक में प्रदेश में बिजली दरों में 22 से 24 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हो चुकी है, जबकि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए न्यूनतम दरों में भी उल्लेखनीय इजाफा हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि हर महीने ईंधन समायोजन प्रभार (एफपीपीएएस) के नाम पर अतिरिक्त शुल्क वसूला जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं पर कुल भार और बढ़ रहा है। पटवारी ने सवाल उठाया कि जब बिजली कंपनियां लगातार घाटे में बताई जाती हैं, तो उनकी जवाबदेही क्यों तय नहीं की जाती और हर बार इसका भार जनता पर ही क्यों डाला जाता है। कांग्रेस ने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह निर्णय गरीब, किसान और मध्यम वर्ग के हितों के खिलाफ है। बिजली महंगी होने से छोटे व्यापार भी प्रभावित होंगे, जिससे आर्थिक गतिविधियों पर असर पड़ सकता है।

### कांग्रेस सड़कों से लेकर विधानसभा तक आंदोलन करेगी: जीतू

ईवी चार्जिंग पर दी जा रही छूट को भी कांग्रेस ने भ्रामक बताया। पटवारी का कहना है कि प्रदेश में अभी विद्युत वाहनों का उपयोग सीमित है, ऐसे में इस छूट का लाभ आम लोगों तक नहीं पहुंच रहा, जबकि बिजली दरों में वृद्धि का असर हर घर पर पड़ेगा। कांग्रेस ने मांग की है कि बिजली दरों में प्रस्तावित 4.80 प्रतिशत वृद्धि को तत्काल वापस लिया जाए। साथ ही एफपीपीएएस जैसे अतिरिक्त शुल्कों की पारदर्शी समीक्षा और बिजली कंपनियों के घाटे की स्वतंत्र जांच कराई जाए। पटवारी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने यह निर्णय वापस नहीं लिया, तो कांग्रेस सड़कों से लेकर विधानसभा तक आंदोलन करेगी।

### बिना अनुमति प्रदर्शन प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईदगाह हिल्स मस्जिद के पास पार्किंग में टावर लगने के विरोध में प्रदर्शन कर रहे एआईएमआईएम के नेता सहित डेढ़ दर्जन प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने बिना अनुमति प्रदर्शन करने का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार गुरुवार दोपहर ईदगाह हिल्स पार्किंग में खड़े कुछ लोग प्रदर्शन और नारेबाजी कर रहे थे। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और उन्हें समझाइश दी गई, लेकिन उन्होंने प्रदर्शन जारी रखा। पुलिस ने उनसे प्रदर्शन करने की अनुमति मांगी। इस पर वह अनुमति पत्र नहीं दिखा सके। अनुमति नहीं होने के कारण प्रदर्शन करने के कारण पुलिस ने एआईएमआईएम नेता मोहसिन खान सहित करीब डेढ़ दर्जन लोगों पर बीएनएस की धारा 161 व 223 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि मस्जिद की पार्किंग में मोबाइल टावर लगाया जा रहा है। वे चाहते हैं कि टावर यहां न लगाते हुए कहीं और शिफ्ट किया जाए।

# धर्मांतरण के खिलाफ कड़ा कानून बने, आदिवासी पहचान बचाना राष्ट्रीय जिम्मेदारी : डॉ. सुमेर सिंह

*संसद में डॉ. सोलंकी ने की जनजातीय समाज के जबरन धर्मांतरण पर रोक लगाने के लिए कठोर केंद्रीय कानून बनाने की मांग*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने संसद के उच्च सदन में जनजातीय समाज से जुड़े एक अत्यंत संवेदनशील विषय को उठाते हुए देश भर में जबरन धर्मांतरण पर रोक लगाने के लिए कठोर केंद्रीय कानून बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि संविधान सभी नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार देता है, किन्तु छल, बल, प्रलोभन या दबाव के माध्यम से किया गया धर्मांतरण एक गंभीर अपराध है, जिसे किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। डॉ.



सोलंकी ने कहा कि आज जनजातीय क्षेत्रों में सुनियोजित तरीके से धर्मांतरण की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिसमें आर्थिक लालच, शिक्षा, नौकरी, इलाज तथा सामाजिक दबाव जैसे अनेक माध्यमों का उपयोग किया जा रहा है। यह स्थिति न केवल जनजातीय समाज की सांस्कृतिक पहचान के लिए खतरा है, बल्कि सामाजिक संतुलन और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी गंभीर चिंता का विषय है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930